3 राजधानी
बदमाशों ने युवक को मारी गोली, घायल

6 अभिमत
हुगली नदी के किनारे और बदलता समय

10 विदेश
पाकिस्तान के राष्ट्रपति इमरान खान से मिले

12 स्पोर्ट्स
भारत की इंग्लैंड से होगी भिड़ंत

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 5
नई दिल्ली, सोमवार, 7 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



फिल्म इमरजेंसी की शूटिंग असम में करेंगी कंगना

राष्ट्रीय-9

# भाजपा को चार, विपक्ष को तीन सीटें

## छह राज्यों में सात विधानसभा सीटों पर हुए उप चुनावों के परिणाम घोषित

● उप्र, बिहार, हरियाणा और ओडिशा में एक-एक सीट पर भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत

● महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव गुट, बिहार में राजद, तेलंगाना में टीआरएस को मिली एक एक सीट पर सफलता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



गोपालगंज में भाजपा प्रत्याशी की विजय पर पटना में प्रसन्नता व्यक्त करते पार्टी कार्यकर्ता

**भारतीय** जनता पार्टी ने छह राज्यों में सात विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में चार पर जीत दर्ज की, जबकि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) ने एक-एक सीट जीती है। उपचुनाव के नतीजे रविवार को घोषित किए गए और भाजपा ने तीन सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा।

मुंबई में अंधेरी (पूर्व) विधानसभा सीट पर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की उम्मीदवार ऋतुजा लटके ने जीत दर्ज की। इस सीट का प्रतिनिधित्व उनके दिवंगत पति कर रहे थे। इस सीट पर भाजपा सहित बड़े दलों ने अपने उम्मीदवार नहीं उतारे थे और वहां दूसरा सर्वाधिक मत प्रतिशत (14.79 प्रतिशत) उपरोक्त में से कोई नहीं (नोटा) के विकल्प को मिला। भाजपा ने कहा कि तीन नवंबर को हुए उपचुनाव के नतीजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर जनता की मुहर है क्योंकि पार्टी ने उत्तर प्रदेश में गोला गोकर्णनाथ, ओडिशा में धामनगर और बिहार में गोपालगंज सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा है। तीनों सीट पर पार्टी के विधायकों का निधन हो जाने के बाद हुए उपचुनाव कराने की जरूरत पड़ी थी। भाजपा ने तीनों जगह पार्टी के दिवंगत विधायकों के परिजन को टिकट दिया।

भाजपा उम्मीदवार एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के पोते भव्य बिश्नोई ने राज्य की आदमपुर सीट पर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं कांग्रेस के उम्मीदवार जय प्रकाश को करीब 16,000 मतों के अंतर से हराया। आम आदमी पार्टी और इंडियन नेशनल लोकदल(इनेलो) के उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई क्योंकि वे कुल पड़े वोट का छठा हिस्सा तक हासिल नहीं कर सकें। भव्य के पिता कुलदीप बिश्नोई के इस्तीफे के चलते इस सीट पर उपचुनाव कराने की जरूरत पड़ी थी। बिश्नोई ने कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल होने के बाद विधानसभा की सदस्यता से (शेष पेज 8)

# डीजल वाहनों के प्रवेश पर लगी रोक हटी

● दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की स्थिति में सुधार के लिए लिया गया फैसला

● स्कूल खोलने पर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की उच्च स्तरीय बैठक आज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** और पड़ोसी शहरों में डीजल ट्रकों व गैर बीएस-6 हल्के वाहनों के प्रवेश पर तीन दिन पहले लगाई गई पाबंदी रविवार को हटा ली गई। प्रदूषण की स्थिति में सुधार होने के बाद वायु गुणवत्ता आयोग (एक्यूएम) ने यह फैसला लिया। राजधानी का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) एक दिन पहले के गंभीर से घटकर बेहद खराब श्रेणी में आ गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार अगले तीन दिन जहरीली हवा की स्थिति इसी स्तर पर बने रहने की संभावना है।

राजधानी के स्कूल खोलने पर फैसला रविवार को लिया जाएगा। बदले मौसमी कारकों को देखते हुए केंद्र के वायु गुणवत्ता आयोग ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के अंतिम चरण के तहत दिल्ली-एनसीआर में गैर-बीएस छह डीजल से चलने वाले हल्के मोटर वाहनों और ट्रकों के राजधानी में प्रवेश करने पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने का निर्देश रविवार को प्राधिकारियों को दिया। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के एक आदेश में कहा गया है कि चूंकि दिल्ली का वर्तमान एक्यूआई स्तर 339 के आसपास है, जो ग्रेप चरण- चार के तहत लागू किए गए उपाय हटाए जा रहे हैं। चौथे और अंतिम चरण के ये उपाय एक्यूआई 400 पार (गंभीर) होने पर लगाए जाते हैं। पिछल पांच दिन से दिल्ली-एनसीआर में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में बना हुआ था। इसलिए तीन नवंबर को ग्रेप के चौथे चरण के प्रतिबंध लागू किए गए थे।



नई दिल्ली में प्रदूषण के कारण मास्क पहने युवतियां

शनिवार को यह 408 एवं उससे पहले शुक्रवार को 447 और बृहस्पतिवार को 450 (बेहद गंभीर) दर्ज किया गया था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार दिल्ली में रविवार को शाम चार बजे औसत एक्यूआई 339 पर दर्ज किया गया। नोएडा में 330, ग्रेटर नोएडा में 299, गुरुग्राम में 308, फरीदाबाद में 311 और गाजियाबाद में यह सबसे कम 288 पर रहा। यह मुख्य रूप से अनुकूल हवा की गति और पराली जलाने के योगदान में गिरावट के कारण हुआ। गाजियाबाद को (शेष पेज 8)

## प्रदूषण रोकने में पंजाब व राजस्थान कर रहे ढिलाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**राजधानी** दिल्ली की जहरीली हुई आबोहवा को लेकर केंद्र सरकार ने आरोप लगाया कि राजस्थान और पंजाब ने पराली जलाने से रोकने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए। केंद्र ने कहा कि राजस्थान में इस वर्ष पराली जलाने की घटनाओं में 160 और पंजाब में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि दोनों ही राज्यों की सरकारों द्वारा ढिलाई बरतने का खामियाजा दिल्ली-एनसीआर को भुगतना पड़ रहा है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रभारी मंत्री सिंह ने कहा कि पंजाब और राजस्थान के विपरीत, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं में उल्लेनीय गिरावट आई है। इन दोनों ही राज्यों में भाजपा की सरकार है, (शेष पेज 8)

# भाजपा का हिमाचल प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने का वादा



हिमाचल प्रदेश के लिए संकल्प पत्र जारी करते भाजपा के वरिष्ठ नेता

पायनयिर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● पार्टी ने राज्य के लिए जारी किया अपना चुनावी संकल्प घोषणा पत्र

**भाजपा** ने रविवार को हिमाचल प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने, बड़े पैमाने पर नौकरियों के अवसर के साथ पांच मेडिकल कॉलेज खोलने का अपने चुनावी संकल्प पत्र में वादा किया है। चुनावी संकल्प पत्र भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शिमला में जारी किया। इस अवसर पर केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर, प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी मौजूद थे। इस अवसर पर भाजपा ने चुनाव बाद हिमाचल प्रदेश में अवैध वक्फ संपत्तियों के जांच का भी वादा किया। संकल्प पत्र में राज्य में एक (शेष पेज 8)

# गुजरात को बदनाम करने वाले बाहर हो जाएंगे: मोदी

● गृह राज्य में विस चुनाव की तारीखों की घोषणा होने के बाद प्रधानमंत्री ने पहली बार रैली को किया संबोधित

एजेंसी। नाना पोंधा (गुजरात)

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि घृणा फैलाने वाली और गुजरात को बदनाम करने वाली ताकतों को अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव में राज्य से बाहर फेंक दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने अगले महीने होने वाले चुनाव में भाजपा के रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करने का दावा किया।

विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद अपने गृह राज्य में पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने गुजराती में नया नारा दिया आ गुजरात में बनाव्यु छे (यह गुजरात मैंने बनाया है)। इतना ही नहीं मोदी ने अपने 25 मिनट लंबे भाषण में लोगों से कई बार यह नारा लगवाया।



गुजरात में एक चुनावी सभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

आदिवासी बहुल वलसाड जिले की कपराडा तालुका के नाना पोंधा गांव से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जो विभाजनकारी ताकतें घृणा फैलाने में संलिप्त रही हैं, जिन्होंने गुजरात को बदनाम करने और उसका अपमान करने की कोशिशें की हैं, उन्हें गुजरात से बाहर का रास्ता दिखाया गया है। गुजरात की जनता घृणा फैलाने वालों को कभी स्वीकार नहीं करेगी।

उन्होंने कहा, अतीत में जिसने भी गुजरात को बदनाम करने और उसका अपमान करने की कोशिश की है, उन्हें गुजरात की जनता ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इस चुनाव में भी ऐसे लोगों की परिणति यही होगी। किसी का नाम लिए बगैर मोदी ने कहा कि गुजरात के लोगों ने उस गैंग को पहचान लिया है जो गुजरात के खिलाफ काम कर रहा है और हमेशा राज्य को बदनाम करने की कोशिश करता रहता है। उन्होंने कहा, हालांकि ऐसे लोग दो दशकों से प्रयास कर रहे हैं, लेकिन गुजरात की जनता ने उन पर कभी भरोसा नहीं किया।

मोदी ने कहा, जो लोग गुजरात को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं, उन्हें आश्चर्य हो रहा है कि गुजरात की जनता उनके झूठे प्रचार पर भरोसा क्यों नहीं कर रही है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इस राज्य के लोगों ने कड़ी मेहनत से गुजरात को बनाया है और वे किसी को इसे नुकसान नहीं पहुंचाने देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें सूचनाएं मिल रही हैं कि गुजरात में भाजपा रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीतेगी। विधानसभा चुनाव के लिए गुजरात में दो चरणों में एक और पांच दिसंबर को मतदान होना है। मतों की गिनती आठ दिसंबर को होगी। मोदी ने कहा, दिल्ली में बैठे-बैठे, मुझे रिपोर्ट मिल रही है कि भाजपा इस बार गुजरात में रिकॉर्ड वोट से जीतेगी। मैं यहां अपना (शेष पेज 8)

# गुजरात की जनता से किया वादा पूरा करेंगे: राहुल गांधी

● पार्टी ने राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ जारी किया 'आरोपपत्र'

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी गुजरात के लोगों के साथ किए वादों को पूरा करेगी और उन्हें भाजपा के डबल इंजन के धोखे से बचाएगी। वहीं, कांग्रेस की गुजरात इकाई ने आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ 22 सूत्री आरोपपत्र जारी करते हुए उस पर जनविरोधी होने का आरोप लगाया है।

राहुल गांधी ने ट्वीट किया, 500 (रुपए) में एलपीजी सिलेंडर, युवाओं को 10 लाख नौकरियां, किसानों का तीन लाख (रुपए) तक कर्ज माफ- हम, गुजरात के लोगों से किए सारे वचन निभाएंगे। कांग्रेस के पूर्व प्रमुख ने कहा कि भाजपा के डबल इंजन के धोखे से बचाएंगे,



प्रदेश में परिवर्तन का उत्सव मनाएंगे। कांग्रेस ने आरोप पत्र में दावा किया कि भाजपा के शासन में गुजरात के लोगों को भूख, भय और अत्याचार ही नसीब हुआ है।

विपक्षी दल कांग्रेस ने आरोप पत्र में मोरबी पुल के ध्वस्त होने घटना का प्रमुखता से उल्लेख किया है जिसमें 135 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें बिल्किस बानो सामूहिक बलात्कार मामले में 11 दोषियों की रिहाई और गुजरात दंगों के दौरान उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या को असंवैधानिक करार (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,950 | |
| निफ्टी | 18,117 | |
| सोना | 50,869 | /10g |
| चांदी | 59,477 | /kg |

## क्विक न्यूज

### भारत में आठ नवंबर को होगा पूर्ण चंद्र ग्रहण

**नई दिल्ली।** देश में इस साल का आखिरी चंद्र ग्रहण आठ नवंबर को घटित होगा। चंद्रोदय के समय ग्रहण भारत के सभी स्थानों से दिखाई देगा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के बयान में यह जानकारी दी गई है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, ग्रहण की आंशिक एवं पूर्णावस्था का आरम्भ भारत के किसी भी स्थान से दिखाई नही देगा क्योंकि यह घटना भारत में चंद्रोदय के पहले ही प्रारम्भ हो चुकी होगी। चंद्र ग्रहण की पूर्णावस्था एवं आंशिक अवस्था दोनों ही का अंत देश के पूर्वी हिस्सों से दिखाई देगा। देश के बाकी हिस्सों से आंशिक अवस्था का केवल अंत ही दिखाई देगा। चंद्र ग्रहण दक्षिण अमेरिका, उत्तर अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, एशिया, उत्तर अटलांटिक महासागर तथा प्रशांत महासागर के क्षेत्रों में दिखाई देगा।

# सेमीफाइनल में भारत



भारत की जीत के बाद प्रसन्न मुद्रा में साथी खिलाड़ियों के साथ मैदान से बाहर जाते विराट कोहली। दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और लोकेश राहुल के अर्धशतक के बाद रविचंद्रन अश्विन की अगुआई में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से भारत आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर 12 के अपने अंतिम मैच में जिंबाब्वे को 71 रन से हराकर ग्रुप दो में शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंचा जहां उसकी भिड़ंत इंग्लैंड से होगी।

विस्तृत समाचार पेज 12

# विप्रो, नेस्ले, ओएनजीसी से अधिक धनी है तिरुपति मंदिर

● भगवान वेंकटेश्वर के मंदिर की संपत्ति 2.5 लाख करोड़ रुपए यानी करीब 30 अरब डॉलर से अधिक है

एजेंसी। नई दिल्ली/तिरुपति

**तिरुमला** स्थित भगवान वेंकटेश्वर के मंदिर की संपत्ति 2.5 लाख करोड़ रुपए (करीब 30 अरब डॉलर) से अधिक है, जो सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो, खाद्य एवं पेय पदार्थ कंपनी नेस्ले तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ओएनजीसी और इंडियन ऑयल(आईओसी) की बाजार पूंजी से अधिक है।

भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित तिरुपति मंदिर के प्रबंधक तिरुमला तिरूपति देवस्थानम (टीटीडी) ने 1933 में अपनी स्थापना के बाद से



पहली बार अपनी निवल संपत्ति घोषित की है। इसकी संपत्ति में बैंकों में जमा किया गया 10.25 टन सोना, सोने के 2.5 टन वजन के आभूषण, बैंकों में जमा 16,000 करोड़ रुपए नकद और देश भर में स्थित 960 परिसंपत्तियां शामिल हैं। यह सब कुल 2.5 लाख करोड़ रुपए की है। स्टॉक एक्सचेंज डेटा के अनुसार, वर्तमान व्यापारिक मूल्य में, तिरुपति मंदिर की निवल संपत्ति कई ब्लूचिप (कई वर्षों से संचालित बहुराष्ट्रीय कंपनी) भारतीय कंपनियों से अधिक है। खाद्य एवं पेय पदार्थों का उत्पादन करने वाली स्विस बहुराष्ट्रीय कंपनी नेस्ले की भारतीय इकाई की बाजार पूंजी 1.96 लाख करोड़ रुपए है।

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) और आईओसी की बाजार पूंजी भी मंदिर के न्यास से कम है। राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) लिमिटेड की बाजार पूंजी भी इस मंदिर की संपत्ति से कम है। महिंद्र एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स और विश्व की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड, खनन कंपनी वेदांता, रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ तथा कई अन्य कंपनियां भी इस सूची में शामिल हैं। सिर्फ दो दर्जन कंपनियों की बाजार पूंजी मंदिर के न्यास की निवल संपत्ति से अधिक है।

इनमें रिलायंस इंड्रस्ट्रीज लिमिटेड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल और आईटीसी शामिल हैं। मंदिर के एक पदाधिकारी ने बताया कि टीटीडी की समृद्धि बढ़ती जा रही है क्योंकि मंदिर में नकदी और सोने के रूप में श्रद्धालुओं का चढ़ावा बढ़ना जारी है तथा बैंकों में सावधि जमा से भी ब्याज के रूप में अधिक (शेष पेज 8)

# जहरीली हवा के चलते नोएडा-गाजियाबाद में निर्माण कार्य बंद

## वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में, नियम तोड़ने वालों पर लगेगा 15 लाख रुपये का जुर्माना

पीएनएस। नोएडा/गाजियाबाद



नोएडा और गाजियाबाद में वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर श्रेणी पहुंच गया है। प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए एनसीआर में ग्रेप का तीसरा चरण लागू किया गया है। इसके तहत कुछ पाबंदियां लागू की गई हैं जिनका पालन न करने पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा।

गाजियाबाद एडीएम सिटी ने बताया कि एनसीआर में ग्रेप-3 लागू होने के बाद, निजी निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। नियमों की अवहेलना करने पर 15 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। अभी नियम तोड़ने वालों को नोटिस जारी किया जा रहा है।

वहीं नोएडा और ग्रेटर नोएडा में वायु प्रदूषण लोगों की मुसीबतें बढ़ा रहा है। लोग जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। वहीं चालकों के लिए सड़क पर गाड़ी चलाना मुश्किल हो गया है। ग्रेटर नोएडा में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण के स्तर के खतरनाक स्थिति पर पहुंचने के बाद यमुना प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थिति की समीक्षा की है। बैठक में कहा कि ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान ग्रैप के सभी चरणों का सख्ती से पालन करवाया जाए। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए हैं। समीक्षा बैठक में बताया गया कि गैप के प्रावधानों के उल्लंघन करने वालों पर प्राधिकरण की टीमों के द्वारा जुर्माना भी लगाया जाएगा।यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह ने कहा कि एनजीटी के नियमों का पालन किया जा रहा है।

ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान गैप के सभी चरणों का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। ज्यादा प्रदूषण होने के कारण एक्यूआई का स्तर 400 को पार कर गया था, जिससे गैप डार्क रेड जोन में पहुंच गया है। इसी के कारण प्राधिकरण के क्षेत्र में सभी विकास कार्यों पर रोक लगा दी गई है।

खासकर मिट्टी व प्रदूषण फैलाने वाले सभी कार्य बंद करा दिए गए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों ने बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

### टूटी सड़कों से उड़ती धूल बढ़ा रही प्रदूषण

सड़कों से उड़ रही धूल से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। वहीँ गड्ढों में लगातार हादसों से नाराज लोहा व्यापारियों ने सड़क निर्माण और वायु प्रदूषण से निजात के लिए होर्डिंग लगाते हुए नगर निगम और उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीसीडा से सड़क निर्माण कराने की मांग की। गहरे गड्ढों में असंतुलित होकर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। टूटी सड़कों से उड़ती धूल के कण वायु प्रदूषण बढ़ा रहे हैं। यहां नालियों और सीवर का कोई प्रबंध संबंधित संस्था की ओर से नहीं किया गया। लोहा व्यापारियों का कहना है कि प्रदेश सरकार की ओर से आदेश है कि सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए। उन सड़कों का क्या जहां सड़के ही नहीं बची हैं। लोहा व्यापार मंडल ने सड़क निर्माण के लिए सीएम मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार



जस्टिस वीआर कृष्णा अय्यर की जन्म शताब्दी पर डॉ. पीएन अरोड़ा सम्मानित होते हुए

### यशोदा अस्पताल के सीएमडी डॉ पीएन अरोड़ा सम्मानित

**नोएडा/नई दिल्ली।** जस्टिस वीआर कृष्णा अय्यर के 108 वीं जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर नई दिल्ली स्थित कैपिटल फाउंडेशन सोसाइटी एवं जस्टिस कृष्णा अय्यर फ्री लीगल एड सेल द्वारा रविवार को नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आज एक सेमिनार का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस उदय उमेश ललित थे। इस सेमिनार में एक अवार्ड सेरेमनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें महान विभूतियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवॉर्ड सेरेमनी में यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी गाजियाबाद के सीएमडी डॉ पीएन अरोड़ा को भी अवार्ड प्रदान किया गया। इस अवार्ड को डॉ पी एन अरोड़ा ने भारत के चीफ जस्टिस के कर कमलों से प्राप्त किया।

### ग्रेनो वेस्ट में बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन

**नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट में रविवार को एलिगेंट विले सोसाइटी के निवासियों ने बिल्डर के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। सोसाइटी के वासियों ने मूलभूत सुविधाओं को लेकर बिल्डर पर नाराजगी जताई और नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। एलिगेंट विले सोसाइटी के निवासियों ने बताया कि सोसाइटी में रोज बिजली, पानी की समस्याओं और लिफ्ट खराब होती रहती है। जिससे बूढ़े, बच्चे व महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी को लेकर सोसाइटी के निवासियों ने इकट्ठा होकर बिल्डर के खिलाफ धरना दिया और विरोध प्रकट किया।

### गाजियाबाद से हापुड़ रूट पर भारी वाहनों का डायवर्जन

**गाजियाबाद।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रमुख गढ़मुक्तेश्वर गंगा मेले के मद्देनजर गाजियाबाद से हापुड़,मुरादाबाद,बरेली की तरफ जाने वाले भारी वाहनों का रूट डायवर्जन किया गया है। गाजियाबाद से हापुड़ होते हुए अमरोहा, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रामपुर, हल्द्वानी की तरफ जाने वाले भारी वाहन अब ऐसे नहीं जाएंगे। ये वाहन ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस का प्रयोग करते हुए गाजियाबाद से सीधे सिकंदराबाद के नजदीक उतरेंगे। वहां से ये वाहन बुलंदशहर, जहांगीराबाद, अनूपशहर होते हुए गंतव्यों को निकल सकते हैं। एसपी ट्रैफिक रामानंद कुशवाहा ने बताया कि 8 नवंबर को गढ़मुक्तेश्वर गंगा मेले में कई लाख श्रद्धालु पहुंचेंगे। इसके मद्देनजर गाजियाबाद से हापुड़ गढ़ की ओर जाने वाले सभी भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गई है। ये रूट डायवर्जन 6 नवंबर की शाम 4 बजे से लागू होकर 8 नवंबर को मेला समापन तक प्रभावी रहेगा।

### बेघर हुए लोग रातभर धरने पर बैठे

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के गरिमा गार्डन में बेसमेंट की खुदाई करते वक्त तीन मंजिला मकान गिर गया था। इसके बाद डर के चलते अपने घरों को छोड़कर निकले अन्य कई परिवार रातभर धरने पर बैठे रहे। बेसमेंट खोदने वाले शालीमार सिटी के बिल्डर ने पहले तो इन परिवारों को अपनी सोसाइटी में रहने की दी, बाद में रजिस्टर्ड के विरोध पर उन्हें बाहर निकाल दिया। ट्रांस हिंडन इलाके के गरिमा गार्डन में चार दिन पहले शकील का तीन मंजिला मकान गिर गया था। दरअसल, इस मकान के बराबर में करीब 20 फीट गहरा बेसमेंट शालीमार सिटी के बिल्डर द्वारा खोदा गया था। इस वजह से शकील के मकान में दरार आ गई और वो गिर गया। इसके चलते आसपास के 9 मकान वाले भी दहशत में आ गए।

### नेफोवा ने 5 रुपये में लगाई जनता की थाली

**नोएडा।** नेफोवा फाउंडेशन ने एकमूर्ति गोलचक्कर पर साप्ताहिक जनता की थाली रविवार को लगाई। जिसमें जरुरतमंदो को 5 रुपये में शुद्ध खाना उपलब्ध करवाया गया। जनता की थाली विकास कटियार के जन्मदिन के उपलक्ष्य में लगाई गई। आज की थाली में 5 रुपये में पूड़ी और सब्जी लोगों को दी गई नेफोवा के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि जनता की थाली ग्रेटर नोएडा वेस्ट में लगती है।

# एक्सप्रेसवे पर सवारियों से भरी बस में लगी आग

● परी चौक से 18 यात्रियों को लेकर नोएडा के सेक्टर-37 के लिए आ रह था ट्रैवलर



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा एक्सप्रेसवे पर 18 सवारियों से भरी ट्रैवलर बस के इंजन में रविवार दोपहर 12 बजे आग लग गई। इंजन से धुआं निकलता देख चालक ने बस को किनारे किया और सभी सवारियों को सकुशल बाहर निकाल लिया।

करीब 20 मिनट तक बस आग का गोला बनी रही। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी की मदद से 20 मिनट में आग को बुझा लिया गया। इस दौरान थोड़ी देर के लिए यातायात भी बाधित रहा। इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, हालांकि बस पूरी तरह से जल गई। इंजन में तकनीकी खामी की वजह से आग लगने की बात कही जा रही है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एक्सप्रेस.वे कोतवाली प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि परी चौक से 18 सवारियों को बैठाकर ट्रैवलर नोएडा के सेक्टर-37 के लिए आ रही थी।

जब बस पंचशील अंडरपास के पास पहुंची तभी इंजन से धुआं निकलने लगा। चालक ने तुरंत वाहन रोक दिया और सवारियों को बाहर निकाला। उधर से गुजर रही पुलिस की टीम ने इसकी जानकारी अग्निशमन विभाग को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया गया। बस चालक टोनी सैनी ने वाहन के मालिक को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद वाहन स्वामी भी मौके पर पहुंच गए।

# 13 मरीजों में डेंगू की पुष्टि, लार्वा मिलने से 5 परिवारों को नोटिस

● मलेरिया विभाग की टीम ने बरौला गांव में 85 घरों का निरीक्षण किया



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जिले में डेंगू के मरीजों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। 13 नए मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। अलग अलग अस्पताल में इनका इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बनाई गई सेंटिनल लैब में इनकी जांच की गई है। अब तक 138 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है।

निजी अस्पताल से आने वाले डेंगू के संदिग्ध सैंपल की जांच जिला अस्पताल और चाइल्ड पीजीआई में बनाई गई लैब में की जा रही है। मलेरिया विभाग की टीम ने शनिवार को बरौला गांव में 85 घरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पांच घरों में मच्छरों का लार्वा मिलने पर मकान मालिक को नोटिस जारी किया गया है। विभाग की ओर से इन जगह फागिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी राजेश शर्मा का कहना है कि मच्छर का लार्वा मिलने पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान टीमों ने पहले से भरे पानी के ऊपर मच्छर का लार्वा मिलने पर पांच परिवारों को नोटिस थमाया है। लोगों को साफ -सफाई रखने और गंदगी न फैलाने के लिए प्रेरित किया है।

अपने स्तर से दवा का छिड़काव करा रहे हैं व मलेरिया व डेंगू से बचाव को जागरूकता ला रहे हैं। मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी है कि किसी झोलाछाप से इलाज न कराएं। रात को सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। आसपास पानी का जमाव और गंदगी न होने दें। लक्षण दिखने पर सरकारी अस्पतालों की पैथोलाजी लैब में खून की जांच कराएं। बुखार आने पर चिकित्सक को बताएं और उसी के अनुसार दवा लें। डेंगू की रोकथाम के लिए रोस्टर के अनुसार प्रतिदिन फागिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव हो रहा है।

# ट्रक ने बाइक सवार दादी-पोते को रौंदा, मौत

● हादसे में बेटा गंभीर रूप से घायल



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जेवर टप्पल मार्ग पर जैन अस्पताल के पास रविवार को ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दादी और पोते की मौत हो गई। हादसे में बेटा घायल हो गया। उसकी हालत गंभीर है। दादी अपने पोते को दवा दिलाने जा रही थी। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। जेवर पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गांव जाफराबाद निवासी पवन शर्मा रविवार को सुबह करीब 11 बजे अपनी माता हेमवती देवी 75 वर्ष और आठ वर्षीय बेटे चिराग को बाइक से लेकर जेवर के निजी अस्पताल में दवा दिलाने जा रहे थे।

कस्बे के जैन अस्पताल के समीप पीछे से तेजगति से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार तीनों लोग दूर जाकर गिर गए। तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को जेवर के निजी अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सकों ने दादी हेमवती और पोते चिराग को मृत घोषित कर दिया। बाइक चालक पवन शर्मा की हालत गंभीर बनी हुई है।

चिकित्सक उनका उपचार कर रहे हैं। कोतवाली प्रभारी अंजनी कुमार सिंह का कहना है कि ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

मृतकों के परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे की खबर परिजनों को भी दी गई। अस्पताल पहुंचे परिजनों में चीखपुकार मच गई। एक साथ दो मौत से लोग बिलख उठे। महिलाओं को लोग समझाने में जुटे रहे।

### ऑटो चालक व सवारी में मारपीट का वीडियो वायरल

**नोएडा।** सेक्टर-39 कोतवाली क्षेत्र स्थित सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के पास रविवार सुबह आटो चालक और सवारी के बीच मामूली बात पर विवाद हो गया। दोनों के बीच जमकर हाथापाई हुई। एक पक्ष ने ईंट से मारने का भी प्रयास किया। पूरी घटना का 40 सेकंड का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

वीडियो में चालक और सवारी के बीच मारपीट होती दिख रही है। एक अन्य युवक दोनों को समझाते हुए नजर आ रहा है। कोतवाली प्रभारी राजीव ने बताया कि मामले में किसी भी पक्ष ने पुलिस से शिकायत नहीं की है। सूचना पर जब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो चालक और सवारी वहां नहीं मिले।


**प्रपत्र यूआरसी–2**

**परिच्छेद XXI के भाग 1 के अधीन पंजीकरण के बारे में सूचना संबंधी विज्ञापन**
**[कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 374(ख) तथा कम्पनी (पंजीकरण हेतु अधिकृत) नियमावली, 2014 के नियम 4(1) के अनुसरण में]**

1. एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप–धारा (2) के अनुसरण में, आरओसी–दिल्ली में रजिस्ट्रार के समक्ष एक आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि हाई टेक ऑडियो ऐंड इमेज एलएलपी (एलएलपीआईएन : एबीए–9697), एक व्यवसाय संस्था, का पंजीकरण कम्पनी अधिनियम, 2013 के परिच्छेद ग्ग‍ के भाग 1 के अधीन शेयरों द्वारा लिमिटेड एक कम्पनी के रूप में किया जाए।
2. कम्पनी के प्रधान उद्देश्य निम्नानुसार हैं :
   क) सभी प्रकार के ऑडियो सिस्टम्स, ऑडियो तथा वीडियो प्रोजेक्शन सिस्टम्स, कंज्यूमर और प्रोफेशनल हाई क्वालिटी इलेक्ट्रॉनिक साउण्ड सिस्टम, स्पीकर मय प्रोजेक्शन इक्विपमेंट, मैगनेटिक टेप्स, मैगनेटिक डिवाइसेज, टी.वी. रिसीवर्स, वीडियो, डुप्लीकेशन सिस्टम्स, मास्टर एंटीना टी.वी., सी.सी. टी.वी. तथा अन्य सभी प्रकार के टी.वी.'ज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक तथा मिश्रित उत्पादों के विनिर्माण, डिजाइन, असेम्बल, फैब्रीकेट, प्रचालन, संस्थापन, सर्विस, मरम्मत, क्रय, विक्रय, आयात, निर्यात, विपणन का व्यवसाय संचालित करना तथा संव्यवहार करना।
   ख) सभी प्रकार के कम्प्यूटर्स, हार्डवेयर, सॉटवेयर, कम्प्यूटर पेरीफेरल्स, टेलीप्रिंटर्स, टेलीकम्युनिकेशन सिस्टम्स, टेलीफोन इक्विपमेंट, इलेक्ट्रीकल तथा इलेक्ट्रॉनिक सामान, उपकरण और यंत्रोपकरण, इलेक्ट्रॉनिक गेम्स, ऑडियो तथा वीडियो कैसेट्स, कैलकुलेटर्स, इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रीकल घरेलू इक्विपमेंट, जैसेकि वाशिंग मशीन, जूसर, ग्राइंडर, क्लीनर, माइक्रो–ओवन, कुकिंग रेंजेज, रेडियो, टेप रिकार्डर तथा अन्य इलेक्ट्रीकल इक्विपमेंट के विनिर्माण, डिजाइन, असेम्बल, फैब्रीकेट, प्रचालन, संस्थापन, सर्विस, मरम्मत, क्रय, विक्रय, आयात, निर्यात, विपणन का व्यवसाय संचालित करना तथा संव्यवहार करना।
3. प्रस्तावित कम्पनी के प्रारूप ज्ञापन तथा संस्था के अंतर्नियमों की प्रति कम्पनी के एफ–12, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज–1, निकट होंडा चौक, ओखला, नई दिल्ली–10020 स्थित कार्यालय में देखी जा सकती है।
4. एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि इस आवेदन के विषय में आपत्तिधारक कोई भी व्यक्ति अपनी आपत्ति की सूचना लिखित रूप में रजिस्ट्रार को रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, दिल्ली एवं हरियाणा, चतुर्थ तल, आईएफसीआई टावर, 61, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019 के पते पर, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से इक्कीस दिन के भीतर दे सकता है, जिसकी एक प्रति कम्पनी को इसके पंजीकृत कार्यालय के पते पर भेजी जानी चाहिए।

वास्ते हाई टेक ऑडियो ऐंड इमेज एलएलपी
हस्ता./–

तिथि : 05–11–2022 1. राजन गुप्ता पार्टनर/नामित पार्टनर (डीपीआईएन : 00710452)
स्थान : नई दिल्ली 2. सरस गुप्ता पार्टनर/नामित पार्टनर (डीपीआईएन : 00920603)



**ऋण वसूली न्यायाधिकरण–I, दिल्ली**
**चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001**

ओ.ए. सं. 563/2021

इंडियन ओवरसीज बैंक (आवेदक)
विरूद्ध
माही इंटरनैशनल (प्रतिवादीगण)

सेवा में,

| | |
|---|---|
| 1. | माही इंटरनैशनल, लैट नंबर 203, नीलकंठ अपार्टमेंट्स, सेक्टर–21 सी, प्लॉट नंबर जीएस 24, फरीदाबाद अन्य पता : डब्ल्यूजैड–114 सी, टोडापुर, तुगलकाबाद एक्सटेंशन अन्य पता : लैट नंबर 203, नीलकंठ अपार्टमेंट्स, सेक्टर–21 सी, प्लॉट नंबर जीएस 24, फरीदाबाद, हरियाणा–121001 अन्य पता : डब्ल्यूजैड–114 सी, टोडापुर प्रतिवादी–1 |
| 2. | सुश्री दिव्या सरीन, लैट नंबर 203, नीलकंठ अपार्टमेंट्स, सेक्टर–21 सी, प्लॉट नंबर जीएस 24, फरीदाबाद, गुरूग्राम, हरियाणा–121001 प्रतिवादी–2 |

जबकि उपरोक्त नामक आवेदक ने आपके विरूद्ध रू. 17,94,939.86 (रूपए सत्रह लाख चौरानवे हजार नौ सौ उन्तालीस तथा पैसे छियासी मात्र) की वसूली के लिए एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषप्रद रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है। इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको दिनांक 26–12–2022 को पूर्वा. 10.30 बजे विद्वान रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है (अतिरिक्त विवरण के लिए कृपया डीआरटी वेबसाइट www.etribunal.gov.in देखें फोन नंबर : 011–23748473)।

ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

वैश्विक महामारी की वर्तमान स्थिति के कारण, सभी मामलों की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से की जाएगी और उस प्रयोजन हेतु :–

(ccvii) सभी अधिवक्ता/विवादी "Cisco Webex" ऐप्लीकेशन/सॉफ्टवेयर डाउनलोड करेंगे ;

(ccviii) रजिस्ट्रार/वसूली अधिकारी–I/तथा वसूली अधिकारी–II द्वारा मामलों की सुनवाई की अगली तिथि हेतु "Meeting ID" तथा "Password" अगली तारीख से एक दिन पहले डीआरटी के आधिकारिक पोर्टल नामतः "d02rt.gov.in" पर सार्वजनिक सूचना शीर्षक के अंतर्गत उपलब्ध होगा। किसी कार्याधिक्य की स्थिति में, अधिवक्ता/विवादी संबंधित पदाधिकारी से फोन नंबर 011–23748473 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर के तहत 22 सितम्बर, 2022 को दिया गया।

इस न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा
कृते रजिस्ट्रार


### लापता डॉक्टर का क्लीनिक के पास ही मिला शव

**नोएडा।** दनकौर क्षेत्र स्थित मंडी श्याम नगर कस्बे में करीब तीन दिन से लापता हुए डॉक्टर का शव रविवार को क्लीनिक से करीब 100 मीटर की दूरी पर ही मिल गया।

पुलिस ने बताया कि मूल रूप से जेवर कस्बा निवासी मुकेश शर्मा 62 वर्ष करीब 25 वर्षों से दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित मंडी श्याम नगर कस्बे में रह रहे थे। यहां रहकर वह क्लीनिक चला रहे थे जिनके पास उपचार के लिए काफी दूरदराज से मरीज आते थे। डॉक्टर के साथ उनका एक बेटा मनीष रहता था, जबकि परिवार के अन्य सदस्य नोएडा में रह रहे थे।




पर्थला चौक पर उल्टी दिशा से बाइक ला रहे युवक का चालान काटता पुलिसकर्मी।

# गौतम बुद्ध नगर में पुलिसकर्मियों की गैरहाजिरी दर्ज

● वीआईपी ड्यूटी के दौरान देरी से ड्यूटी पर पहुंचे थे 15 पुलिसकर्मी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में शनिवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इंडिया एक्सपो मार्ट में कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए। इस दौरान ड्यूटी पर देरी से पहुंचे पुलिसकर्मियों पर डीसीपी ने कार्रवाई की है। डीसीपी अभिषेक वर्मा ने वीआईपी ड्यूटी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। इस दौरान 15 पुलिसकर्मी नदारद मिले। इस पर डीसीपी ने गैरहाजरी अंकित कराई।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के आगमन को लेकर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगी हुई थी और जगह जगह पर प्वॉइंट बनाकर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। डीसीपी अभिषेक वर्मा भ्रमण पर निकले और उन्होंने पुलिसकर्मियों की चेकिंग की। इस दौरान 15 पुलिसकर्मी ड्यूटी पर नहीं मिले। 15 पुलिसकर्मियों में दो थाना प्रभारी, एक आईटी सेल निरीक्षक, एक उपनिरीक्षक, एक महिला उप निरीक्षक, 6 हेड कांस्टेबल और 4 महिला कॉन्स्टेबल शामिल हैं।



यह सभी लोग ड्यूटी के समय से देरी से पहुंचे थे। इसीलिए इन सभी पर यह कार्रवाई की गई। डीसीपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर सभी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगी थी। उसमें 15 पुलिसकर्मी देरी से पहुंचे। उन सभी की एक दिन की अनुपस्थिति दर्ज कराई गई है और आगे से कभी भी इस तरह की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी गई है।

# गाजियाबाद में सड़क पर पढ़ी गई नमाज, ट्विटर पर की शिकायत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के खोड़ा इलाके में मस्जिद के बाहर सड़क पर बैठकर नमाज पढ़ी गई। एक व्यक्ति की शिकायत पर गाजियाबाद पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है।

हिन्दू संगठन से जुड़े विकास तिवारी ने ट्विटर पर शिकायत करते हुए कहा कि खोड़ा के दीपक विहार में मस्जिद के बाहर कुछ लोग दरी बिछाकर नमाज पढ़ते हैं, जबकि मस्जिद खाली रहती है। विकास का कहना है कि कई बार पहले भी वो शिकायत कर चुके हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर सुनवाई नहीं हुई। उत्तर प्रदेश पुलिस ने ट्विटर पर ही गाजियाबाद पुलिस को जांच कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है। इस पर गाजियाबाद पुलिस ने ट्वीट करके जवाब दिया कि खोड़ा थाने की पुलिस के माध्यम से फोटो की तस्दीक कराई जा रही है।

लोकल पुलिस स्टेशन का कहना है कि सबसे पहले ये जांच जरूरी है कि फोटो कब का है, इसके बाद ये जांचना भी जरूरी होगा कि क्या वास्तव में अब भी सड़क पर ऐसी ही स्थिति है। फिर मस्जिद के प्रबंधकों से बातचीत करके इसका हल निकाला जाएगा। आपको बता दें कि सड़क पर नमाज को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार सख्त है। प्रदेश सरकार पहले ही कह चुकी है कि सड़कों पर नमाज नहीं होनी चाहिए। इसके लिए कई जिलों में बाकायदा अभियान चलाया गया।

# कूड़े के पहाड़ की जगह लगेंगे 30 हजार पौधे

● तीन हैक्टेयर भूमि पर गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वन बनाने का कार्य शुरू किया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण बड़ी समस्या है। इसकी एक वजह यह भी है कि यहां पर तेजी से हुए विकास कार्यों के लिए बड़ी संख्या में पेड़ों को काटा गया है।

अब प्रदूषण को कम करने के लिए सिद्धार्थ विहार में तीन हैक्टेयर भूमि पर गाजियाबाद नगर निगम द्वारा नगर वन बनाने का कार्य शुरू किया गया है। पहले इस जमीन पर 30 फीट ऊंचा कूड़े का पहाड़ नजर आता था, जिसे एनजीटी के निर्देश पर गाजियाबाद नगर निगम ने खत्म कराया है। अब इस जगह पर 30 हजार पौधे रोपित करने से न केवल गाजियाबाद बल्कि दिल्ली और नोएडा में भी प्रदूषण के स्तर में गिरावट आएगी, क्योंकि सिद्धार्थ विहार नोएडा से महज पांच किलोमीटर और दिल्ली 15 किलोमीटर की दूरी पर है।

नगर वन बनाने में देहरादून की संकल्प तरू संस्था द्वारा सहयोग किया जा रहा है। यह संस्था नगर वन को विकसित करने में आने वाले कार्य का प्रबंध सहयोगी कंपनी के सीएसआर फंड के माध्यम से करेगी।

पौधारोपण अभियान के दौरान यहां पर 10 हजार पौधे रोपित किया गया है। अगले छह माह में 20 हजार से अधिक पौधे रोपित किए जाएंगे। जिसमें 52 विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। वन में पाथ-वे भी बनाया जाएगा, जिससे कि वहां पर लोग घूमने के लिए आ सकें। उद्यान विभाग की ओर से पिछले छह माह में नायफ ल में अमृत महोत्सव वन बनाया गया है, जहां पर 750 पौधे रोपित किए गए हैं। वसुंधरा स्थित कल्याण देव वाटिका में 250 पौधे लगाए गए हैं। कविनगर औद्योगिक क्षेत्र स्थित महर्षि दयानंद पार्क में 10 हजार पौधे, अमृत स्टील कंपाउंड पार्क में पांच हजार पौधे रोपित किए गए हैं। इसके अलावा महामाया स्टेडियम के पीछे प्रताप विहार में बायोडायवर्सिटी पार्क बनाने का कार्य भी प्रक्रिया में है। यहां पर 400 प्रजातियों के हजारों पौधे लगाए जाने का लक्ष्य है। यह कार्य भी निगम उद्यान प्रभारी डा. अनुज कुमार ने बताया कि बयान प्रदूषण को कम करने के लिए नगर निगम द्वारा पौधारोपण को बढ़ावा दिया जा रहा है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रव्यवहार ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# दो से तीन हुए लड़ाका, क्या दुर्ग बचा पाएगी भाजपा

## नगर निगम चुनावः आप निगम की सत्ता कब्जाने तो कांग्रेस खोया जनाधार पाने की कोशिश में

संजय राय। नई दिल्ली




नगर निगम चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। भाजपा के सामने जहां निगम का दुर्ग बचाने की चुनौती है। वहीं दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी की कोशिश निगम में भी शासन करने की है। कांग्रेस के सामने भी अपना खोया जनाधार वापस पाने का मौका है। इसके लिए तीनों राजनीतिक पार्टियां हरसंभव कोशिश करेगी।

आम आदमी पार्टी के अस्तित्व में आने से पहले दिल्ली का हर चुनाव में भाजपा व कांग्रेस के बीच मुकाबला होता था लेकिन आप के अस्तित्व में आने से समीकरण बदल गए हैं। कांग्रेस का मजबूत वोट बैंक समझा जाने वाला झुग्गी बस्ती, अनधिकृत कालोनी, अनुसूचित जाति व मुस्लिम मतदाता अब आप के साथ है। भाजपा के परंपरागत वोट बैंक माने जाने वाले पंजाबी और वैश्य वोट में भी आप सेंध लगा चुकी है। यही कारण है कि पिछले दो विधानसभा चुनाव में उसने जहां कांग्रेस को हाशिये पर धकेल दिया वहीं भाजपा को भी चंद सीटों पर समेट दिया है। पिछले वर्ष हुए निगम उपचुनाव में भी आप का प्रदर्शन शानदार रहा है। पिछले चुनाव में काटने पड़े थे पार्षदों के टिकट लगातार 15 वर्ष से निगम की सत्ता में



रहने के कारण भी भाजपा को मतदाताओं की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है। पार्टी को पिछले चुनाव में भी सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ रहा था, जिसे कम करने के लिए पादों का टिकट काटकर नए लोगों को चुनाव में उतारा गया था। पार्टी का यह प्रयोग सफल रहा था। साथ ही उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली बड़ी जीत का असर भी निगम चुनाव पर पड़ा था, पर इस बार स्थिति बिल्कुल अलग है।

# छुट्टी के दिन भाजपा ने सभी 250 वार्डों में हर घर किया संपर्क

● दुष्यंत गौतम, अलका गुर्जर और रामवीर सिंह बिधूड़ी सहित वरिष्ठ नेता हर घर जनसंपर्क अभियान में हुए सम्मलित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी 250 वार्डों में हर घर संपर्क अभियान चलाकर सुपर संडे मनाया। जनसंपर्क अभियान के दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की भ्रष्ट सरकार के कारण राष्ट्रीय राजधानी गैस चैंबर में तब्दील हो गई है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पहले कहते थे कि पंजाब में पराली जलने के कारण दिल्ली में प्रदूषण होता है और पंजाब में आप की सरकार बनाते ही इसको ठीक कर देंगे, लेकिन अब तो पंजाब में भी उनकी सरकार को 8 महीने हो गए हैं, लेकिन दिल्ली में सांस की बीमारी के कारण लगभग हर घर में लोग परेशान हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी की हमला बोलते हुए कहा कि केजरीवाल सरकार ईमानदारी का राग अलापते सत्ता में आई थी, लेकिन अब कहीं शराब घोटाला कर रही है, कहीं कर्मचारी घोटाला कर रही है।

हालत ये है कि इनके लोग जो भी काम करते हैं, उसमें सिर्फ भ्रष्टाचार करते हैं। ये सिर्फ प्रचार पर काम ही करते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने मोदी सरकार की नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि आज सारा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केंद्रीय योजनाओं का लाभ उठा रहा है, लेकिन दिल्ली में एक ऐसी सरकार बैठी है जिसने केंद्र सरकार के योजनाओं को भी रोक दिया है। अगर केजरीवाल सरकार दिल्ली वालों के लिए ना कोई योजना लेकर आते हैं और ना ही उन्हें कोई योजना का लाभ उठाने देते हैं।

गौतम ने नवीन शाहदरा जिले के सुंदर नगरी एवं नंद नगरी क्षेत्र में, राष्ट्रीय मंत्री एवं दिल्ली की सह-प्रभारी डॉ अलका गुर्जर ने अमर कॉलोनी एवं श्रीनिवासपुरी, प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने हौज खास एवं कोटला मुबारकपुर में, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मीठापुर में, सांसद रमेश बिधूड़ी ने पालम में, प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति अध्यक्ष आशीष सूद ने जनकपुरी वेस्ट में आदि नेताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क अभियान में शामिल हुए।



घर-घर अभियान में प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता

# आप ने एमसीडी पर लगाया 35 करोड़ के घोटाले का आरोप



● दक्षिण दिल्ली में वर्ष 2005 से बन रहा पूर्णिया सेठी अस्पताल : आतिशी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने भाजपा शासित पुरानी एमसीडी दक्षिण दिल्ली में वर्ष 2005 से ही एक अस्पताल बनवा रही है और 35 करोड़ रुपए खर्च होने के बावजूद वह अभी भी निर्माणाधीन है। आतिशी ने दावा किया कि कालकाजी के इस अस्पताल का सिर्फ भूतल और पहली मंजिल उपयोग के योग्य हैं।

आतिशी के अनुसार, वर्ष 2005 में 6.70 करोड़ रुपए की लागत से कालकाजी में एमसीडी द्वारा संचालित अस्पताल बनाने की मंजूरी मिली। अभी तक भाजपा ने उस अस्पताल पर 35 करोड़ रुपए खर्च किए हैं, लेकिन वह अभी भी निर्माणाधीन है।

इसे 100 बिस्तरों वाला मल्टी स्पेशियालिटी अस्पताल बनना था। भाजपा ने सिर्फ एक मल्टी स्पेशियालिटी अस्पताल बनाने का वादा किया, लेकिन उसे भी पूरा नहीं किया। आतिशी ने दावा किया, अस्पताल में अभी भी मल्टी स्पेशियालिटी सेवाएं शुरू नहीं हुई हैं। यह भाजपा शासित एमसीडी के 15 साल के कुशासन का उदाहरण है। कालकाजी से विधायक ने कहा कि वहीं आप सरकार के मोहल्ला क्लीनिक सफल हैं और दावा किया कि दिल्लीवासी दिल्ली नगर निगम में भी केजरीवाल मॉडल चाहते हैं। एक ओर केजरीवाल सरकार बेहतरीन अस्पताल और मोहल्ला क्लीनिक बनवा रही है, वहीं दूसरी ओर भाजपा एक अस्पताल बनवाने में भी असफल है। दिल्लीवासियों ने तय कर लिया है कि अब वे एमसीडी में भी केजरीवाल मॉडल चाहते हैं।

### आम आदमी पार्टी के नेताओं की मनगढ़ंत आरोप लगाने की आदत : भाजपा

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की वह लगातार कहते रहे हैं राजनीतिक दूष से आम आदमी पार्टी नेताओं को नगर निगम पर मनगढ़ंत आरोप लगाने की आदत है। आप विधायक अतिशी का पूर्णिमा सेठी अस्पताल को लेकर दिया ब्यान गुमराह करने की श्रृंखला का भाग है। कूपर ने कहा कि अतिशी ने बिना तथ्यों की जांच किए बना कहा कि 6.50 करोड़ रूपए अस्पताल विकास का बजट नहीं था वह केवल भवन बनाने के सिविल कार्य का बजट था और जो अतिरिक्त बजट लगा वह अस्पताल के विद्युतीकरण एवं मेडिकल उपकरण आदि बनाने में लगा। इस अस्पताल के निर्माण में विलम्ब का मुख्य कारण रहा केजरीवाल सरकार द्वारा डाक्टरों एवं स्टाफ की नियुक्ति की फाइल स्वीकृति के लिए लटकाये रखना। अतिशी मोहल्ला क्लीनिकों की तारिफ करते हुऐ यह भूल गईं की दिल्ली नगर निगम उनकी सरकार के द्वारा दी गई आर्थिक विषमताओं के बावजूद 130 महिला स्वास्थ केन्द्र एवं प्रसूती गृह, 123 जनरल डिस्पेंसरी, 11 टी.बी. सेन्टर और 9 अस्पतालों का संचालन सफलता से कर रहा है।

# भाजपा-आप की विफलताओं पर टिकी कांग्रेस की उम्मीद

● भाजपा और आप ने की सरकारों ने दिल्ली को प्रदूषण, नशे, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार में नंबर एक बनाया : चौ. अनिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



प्रदेश कांग्रेस दिल्ली नगर निगम चुनाव में भाजपा और आम आदमी पार्टी की विफलताओं को उजागर करेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौ अनिल कुमार की अगुवाई में रविवार को प्रदेश कार्यकारिणी, जिला अध्यक्षों एवं कॉआर्डिनेटरों, सेल एवं विभागों के चेयरमैन की बैठक की है। इस बैठक में चुनाव में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति पर चर्चा की।

अनिल कुमार ने कहा कि निगम चुनाव 4 दिसम्बर होने का विगुल बच चुका है। कांग्रेस निगम का चुनाव प्रदूषित दिल्ली बनाम चमकती दिल्ली के नारे के साथ लड़ेगी जिसके लिए कांग्रेस ने ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया है। भाजपा और आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की हवा, पानी, शहर, समाज और राजनीति सभी को प्रदूषित कर दिया है, जिसको पार्टी कार्यकर्ता मतदाताओं के समक्ष उजागर करेंगे। भाजपा ने निगम को मोस्ट करप्ट डिपार्टमेंट बना दिया है। एमसीडी के कुप्रबंधन और गैर जिम्मेदाराना प्रशासनिक व्यवस्था के कारण राजधानी में मलेरिया, चिकुनगुनिया और डेंगू दिल्ली की पहचान बन चुकी है।

उनकी पार्टी एमसीडी को स्वच्छ, गंदगी मुक्त, चमकती दिल्ली के रुप में पहचान देगी। कुमार ने दिल्ली वालों से अपील की कि भाजपा और आम आदमी पार्टी दोनों आपसे वोट मांगेंगी, आपने भाजपा से 15 वर्षों के भ्रष्टाचार, कूड़े के ढेरों और आम आदमी पार्टी से 8 वर्षों में दिल्ली को बेहाल करने का हिसाब मांगना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस दिल्ली को एक बार फिर बनाऐगी मेरी चमकती दिल्ली, मेरी कांग्रेस वाली दिल्ली, शीला दीक्षित वाली दिल्ली।

# मेट्रो की पटरी पर पेशाब करते व्यक्ति का वीडियो वायरल

● बिना तारीख वाला वीडियो कुछ दिन पहले ट्विटर पर एक व्यक्ति ने साझा किया और लिखा, हो सकता है कि मेट्रो में यह पहली बार हुआ हो।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में एक व्यक्ति को दिल्ली मेट्रो के प्लेटफॉर्म पर खड़े होकर पटरी पर पेशाब करते देखा जा सकता है। इस वीडियो ने सोशल मीडिया मंच पर कई लोगों का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया, जिन्होंने इसे स्तब्ध कर देने वाला बताया। दिल्ली मेट्रो स्टेशन के परिसर को स्वच्छता के लिए जाना जाता है और थूकने जैसे कृत्यों में संलिप्त व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया जाता है। बिना तारीख वाला वीडियो कुछ दिन पहले ट्विटर पर एक व्यक्ति ने साझा किया और लिखा, हो सकता है कि दिल्ली मेट्रो में यह पहली बार हुआ हो। उसने दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय और दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) को भी अपने ट्वीट में टैग किया। दिल्ली मेट्रो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे परिसर और ट्रेन के अंदर सफाई और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। यात्रियों के उपयोग के लिए स्टेशन पर शौचालय की व्यवस्था है।



उन्होंने कहा, इस तरह की कोई गतिविधि नजर आने पर यात्री निकटतम डीएमआरसी अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं या हमारे हेल्पलाइन नंबर 155370 या सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 155655 पर संपर्क कर सकते हैं, ताकि तत्काल कार्रवाई की जा सके। वीडियो में, इसे (वीडियो) बना रहे व्यक्ति द्वारा यह कहते सुना जा सकता है, तुम कहां पेशाब कर रहे हो। तुम क्या कर रहे हो। इस पर उसने जवाब दिया, हो गया, ज्यादा हो गया।

# सत्येंद्र जैन को दिल्ली से बाहर की जेल भेजने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी ने दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येन्द्र जैन जेल को दूसरी जेल में ले जाने की मांग उपराज्यपाल और केजरीवाल सरकार से की।

प्रेसवार्ता में मीनाक्षी लेखी ने कहा कि केजरीवाल दूसरे राज्यों में जाकर दिल्ली की सच्चाई बताने की जगह झूठ प्रचार करते हैं। आखिर वह बताते क्यों नहीं कि वे दिल्ली में एक ऐसी सरकार चला रहे हैं जिसका हर विभाग भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि जेल मंत्री होकर सत्येन्द्र जैन उसी जेल में बंद है जिसपर उनका अधिकार है और गैर कानूनी तरीके से अपनी मनमानी कर रहे हैं। लेखी ने कहा कि अगर महाठग सुकेश चंद्रशेखर से 10 करोड़ रुपये लिए हैं तो उसका जवाब केजरीवाल को देना चाहिए। केजरीवाल ने महाठग सुकेश चंद्रशेखर से पैसा लेकर साबित कर दिया है कि वे सबसे बड़े महाठग है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के बाद भी अगर कोई भ्रष्टाचारी मंत्री पद पर बना हुआ है तो उससे सरकार के विवेक और नेक इरादें का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# पुलिस हिरासत से भागा ऑटो चालक, हादसे में मौत

● महिला से दुर्व्यवहार के आरोप में लाया गया था थाने

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस थाने से भागने की कोशिश के दौरान एक ऑटोरिक्शा चालक की एक वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि उसे एक महिला से कथित दुर्व्यवहार के मामले में थाने लाया गया था। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान मजनू का टीला क्षेत्र निवासी राहुल के रूप में हुई है।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने कहा कि शनिवार रात करीब सवार 11 बजे 40 वर्षीय महिला सिविल लाइंस थाने आई और आरोप लगाया कि मेट्रो स्टेशन पर एक ऑटोरिक्शा चालक ने उससे दुर्व्यवहार किया। कांस्टेबल राकेश, प्रेम और नरेश महिला के साथ विधानसभा मेट्रो स्टेशन गए और वहां ऑटोरिक्शा




चालक को नशे की हालत में पाया। उन्होंने उसे अपने साथ थाने आने को कहा। थाने पहुंचने के बाद जब राहुल गेट के बाहर अपना ऑटोरिक्शा खड़ा कर रहा था तो शिकायतकर्ता आक्रामक हो गई।

डीसीपी ने कहा कि पुलिस कर्मियों ने महिला को शांत करने की कोशिश की। इसी बीच राहुल गेट से फरार हो गया और उसे एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि महिला की शिकायत पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 और 509 के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि राहुल को टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ आईपीसी की धारा 279 और 304 ए के तहत एक अन्य मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। डीसीपी कलसी ने कहा कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही राहुल के परिजन थाने के सामने जमा हो गए और तीन-चार घंटे तक प्रदर्शन किया और शिकायत करने वाली महिला से मिलने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन कर रहे लोगों से जाने का अनुरोध किया गया और आश्वासन दिया गया कि उनकी शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

# बदमाशों ने युवक को मारी गोली, घायल

● वारदात के रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने में जुटी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नेताजी सुभाष पैलेस इलाके में बीती रात एक युवक की गोली मारकर घायल कर दिया। वारदात के समय युवक अपनी बहन के लिए मैगी लेने गया हुआ था, इस दौरान बदमाशों के संग बहस में उलझ गया। गोली मारकार आरोपी मौके पर से फरार हो गए। पुलिस वारदात के रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक नेताजी सुभाष पैलेस पुलिस को बीती रात करीब पौना एक बजे सी ब्लॉक शकूरपुर बस्ती में सौरभ नामक युवक को गोली मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पडॉक्टरों ने सौरभ की हालत गंभीर बताई है। पुलिस को मौके पर से कारतूस के खोल भी बरामद हुए। कॉलर अशोक कुमार ने पुलिस को बताया कि बीती रात करीब साढ़े 12 बजे सौरभ अपनी बहन के लिये मैगी लेकर लौट रहा था। तभी उसको बदमाशों से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। बदमाशों ने सौरभ को गोली मार दी थी। जिसके बारे में जब घर पर पता चला।

उन्होंने मौके पर पहुंचकर सौरभ को अस्पताल में भर्ती कराया था। भतीजा सौरभ जो दूध सप्लाई का काम करता है। वह घर पर टिशू पेपर की पैकेजिंग भी करता है। उसके पिता की 2017 में मृत्यु हो गई है। तब से वह अपने चाचा अशोक के साथ रह रहा है। रात करीब 12.30 बजे वह अपनी बहन के लिए मैगी खरीदने के लिए सी-ब्लॉक शकूरपुर गया था। रास्ते में उसे दो दोस्त मिल गए जो कि एक शादी से वापस आ रहे थे। सभी एल ब्लॉक शकूरपुर स्थित शीतला माता मंदिर के पास पहुंचे। वहां उन्होंने बाइक पर तीन युवक डी मोहन, माधव और गौरव मिले। वे रास्ता रोके खड़े थे। सौरभ ने उनसे साइड में खड़े होने को कहा। वे झगडने् लगे। इसी बीच डी मोहन ने पिस्टल निकाली और उन पर गोली चलाना शुरू कर दिया।

### वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पड़ा मिला नवजात बच्ची का शव

**नई दिल्ली।** के एन काटजू मार्ग स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में से पुलिस को एक नवजात बच्ची का शव बरामद हुआ है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार दोपहर को के एन काटजू मार्ग पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। जिसमें नवजान का बच्ची का शव वाटर हेड पुल में पड़े होने की जानकारी मिली थी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह हैदरपुर स्थित वाटर ट्रिटमेंट प्लांट पर काफी सालों से घूमने के लिये आता है। वह दोपहर के वक्त जब मन्दिर पर माथा टेकने के बाद वापिस जा रहा था। वाटर हेड पुल पर उसने पानी में तैरता हुआ बच्ची का शव आते हुए देखा।

## संक्षिप्त समाचार



बाबा श्याम का जन्मोत्सव पर श्रद्धालु

### पहाड़गंज में मनाया श्री खाटू श्याम का जन्मोत्सव

**नई दिल्ली।** पहाड़गंज क्षेत्र के समस्त श्याम प्रेमियों ने मिलकर बाबा श्याम का जन्मोत्सव श्री श्याम परिवार पहाड़गंज ट्रस्ट के माध्यम से पहाड़गंज में बड़ी धूम-धाम से मनाया। श्री श्याम परिवार पहाड़गंज ट्रस्ट के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। संस्थापक संजय गुप्ता ने कहा कि श्याम परिवार के संरक्षक जगजीवन शर्मा अध्यक्ष खजांची मल अग्रवाल , अनुज जैन, सचिन जैन, राजकुमार, संजय गुप्ता, मुकेश अग्रवाल ,गौरव मित्तल आदि समस्त श्याम परिवार पहाड़गंज के नव सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल है। मीडिया प्रभारी भूपेश गुप्ता ने बताया भूपेश गुप्ता ने बताया कि भगवान श्री खाटू श्याम जी के जय घोष से पूरा पहाड़गंज धार्मिक रंग में रंग गया था।

### किशोर को परिजनों से मिलवाया

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की ऑपरेशन मिलाप के तहत एक बाहर फिर से बाहरी उत्तरी जिला की एएचटीयू सेल ने एक किशोरी को उसके परिवार वालों से सकुशल मिलवाया है। जो अपने प्रेमी के साथ घर पर बिना किसी को बताए चली गई थी। पुलिस ने किशोरी और उसके परिजनों की कॉसलिंग करके उनको कुछ निर्देश दिये। किशोरी के मिलने से परिजनों ने भी दिल्ली पुलिस का शुक्रिया अदा किया है। जिला पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने बताया कि भलस्वा डेयरी थाने में अक्टूबर महीने में समता विहार मुकुंदपुर में रहने वाले एक परिवार ने अपनी 16 साल की बेटी के अचानक से लापता होने की गुमशुदगी दर्ज करवाई थी।

### पेट्रोल पंप पर नकाबपोश बदमाश ने चलाई गोली

**नई दिल्ली।** बेगमपुर इलाके में नकाबपोश बदमाश ने एक पैट्रोल पंप पर आकर गोली चला दी। वारदात के बाद बदमाश फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को कब्जे में लिया है। जिसमें एक नकाबपोश बदमाश दिखाई दे रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी बिना किसी लूटपाट के व झपटमारी के ही फरार हुआ है। उसकी गोली चलाने की क्या मंशा थी।

# प्रदूषण को लेकर मंत्री गोपाल राय की बैठक, ले सकते हैं अहम निर्णय

● प्राथमिक विद्यालयों को खोलने, सरकारी कर्मचारियों के घर से काम करने का आदेश हो सकता है रद्द

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के अंतिम चरण के तहत लगाए गए प्रतिबंधों को रद्द करने के बारे में केंद्र के वायु गुणवत्ता आयोग द्वारा दिए गए नए निर्देशों पर चर्चा करने के लिए सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में प्राथमिक विद्यालयों को फिर से खोलने और 50 प्रतिशत सरकारी कर्मचारियों को घर से काम करने के आदेश को रद्द करने पर निर्णय लिया जा सकता है।

केंद्र के वायु गुणवत्ता आयोग ने रविवार को अधिकारियों को दिल्ली-एनसीआर में गैर-बीएस छह डीजल से चलने वाले हल्के मोटर वाहनों के चलने और ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के अंतिम चरण के तहत ट्रकों के राजधानी में प्रवेश पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने का अधिकारियों को निर्देश दिया।




प्रतिबंध तीन दिन पहले लगाए गए थे। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) अति गंभीर श्रेणी में पहुंचने के करीब होने जैसे हालात को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने बृहस्पतिवार को दिल्ली और आसपास के एनसीआर जिलों में डीजल से चलने वाले चार पहिया हल्के मोटर वाहनों (एलएमवी) के चलने और राष्ट्रीय राजधानी में ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया था। प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को अतिरिक्त उपायों की घोषणा की थी जिसमें शनिवार से प्राथमिक स्कूलों को बंद करना और अपने 50 प्रतिशत कर्मचारियों के लिए घर से काम करना शामिल है।

### व्यापार में घाटा होने पर कारोबारी ने यमुना में कूदकर दी जान

**नई दिल्ली।** तिमारपुर में बने सुर घाट पर यमुना में छलांग लगाकर 82 वर्ष के एक उद्यमी ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान आदर्श नगर निवासी जयप्रकाश गर्ग के तौर पर की गई है। गर्ग देर शनिवर देर रात अपने घर से स्कूटर पर निकले और यमुना में छलांग लगा दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना से पहले गर्ग ने परिजनों के लिए एक चिट्ठी भी छोड़ी।

उन्होंने बताया कि सुसाइड नोट में गर्ग ने लिखा है कि वह वजीराबाद जा रहे हैं और उनका स्कूटर घाट के पास खड़ा रहेगा। उन्होंने बताया कि गर्ग ने यह भी लिखा है कि धंधे में घाटा होने के कारण वह आत्महत्या कर रहे हैं।

# मेडिकल कॉलेजों में बांड पॉलिसी के विरोध में डॉक्टर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हरियाणा के रोहतक स्थित पीजीआई और एमबीबीएस छात्रों ने सरकार की बॉन्ड पॉलिसी के विरोध में देशभर में जबरदस्त प्रदर्शन हो रहा है। इस प्रदर्शन को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), सफदरजंग और राम मनोहर लोहिसा (आरएमएल) अस्पताल के डॉक्टरों ने भी अपना समर्थन दिया है।

डॉक्टरों का कहना है कि बांड पॉलिसी के तहत सरकारी मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाई कर रहे छात्रों को हर साल 10 लाख के हिसाब से चार साल में 40 लाख रुपये का बांड भरना जरूरी कर दिया गया है। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (फेमा) के संस्थापक सदस्य डॉ. मनीष जांगड़ा ने बताया कि इस वर्ष से हरियाणा के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाई कर रहे छात्रों को सात वर्षों के लिए 40 लाख का बांड भरना होगा।

पढ़ाई पूरी करने के बाद सात वर्षों तक हरियाणा के सरकारी अस्पतालों में सेवा देनी होगी। इस बीच यदि डॉक्टर कोई और नौकरी का चयन करना चाहे तो नहीं कर सकते हैं। वर्ष 2021 बैच में जिन्होंने मेडिकल कॉलेज में दाखिला लिया है उन्हें प्रति वर्ष 10 लाख रुपये फीस के रूप में जमा कराना होगा जो निजी मेडिकल कॉलेजों के समतुल्य है। दो ही विकल्प छात्रों के पास होगा। या तो सरकारी अस्पतालों में अपनी सेवा दें या 40 लाख रुपये सरकार को देकर अपना रास्ता अलग कर लें।

# गुरु रंधावा के गीतों पर झूमे मेडिकल के छात्र-छात्रा


गुरुग्राम के बुढेड़ा स्थित एसजीटी यूनिवर्सिटी में छात्र-छात्राओं की भीड़ के साथ सेल्फी लेते सिंगर गुरु रंधावा।


गुरुग्राम के बुढेड़ा स्थित एसजीटी यूनिवर्सिटी में परफॉर्म करते सिंगर गुरु रंधावा।

### एसजीटी यूनिवर्सिटी में हुआ कॉन्सर्ट

### छात्र-छात्राओं के अलावा पुलिसवालों ने भी खूब की मस्ती

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**एसजीटी** विश्वविद्यालय में एक कॉन्सर्ट का आयोजन किया गया, जिसमें मशहूर गायक गुरु रंधावा ने लाइव परफॉर्म किया। इस कॉन्सर्ट का आयोजन फैकल्टी ऑफ मेडिसिन एंड हेल्थ साइंसेज द्वारा जेनेसिस-2022 के तहत किया गया।

इस कॉन्सर्ट में छात्र-छात्राओं ने तो मौज-मस्ती की ही, साथ में वहां पुलिसवाले भी गुरु रंधावा के गीतों पर झूमते नजर आए। गुरु रंधावा को देखने के लिए काफी संख्या में मेडिकल के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम शुरू होने से पहले गुरु रंधावा ने दशमेश एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी मनमोहन सिंह चावला तथा चेयरपर्सन मधुप्रीत कौर चावला से मुलाकात भी की। गुरु रंधावा ने कहा कि वे यहां परफॉम करने तथा छात्रों से मिलने के लिए काफी उत्सुक हैं। उसके बाद गुरु रंधावा को मंच पर लाइव परफॉर्म करते देख छात्रों की खुशी का ठिकाना न रहा। विश्वविद्यालय द्वारा एलइडी स्क्रीन्स तथा लाइट्स के सही प्रबंधन ने कॉन्सर्ट को और अधिक खूबसूरत बना दिया।

गुरु रंधावा ने स्टेज पर अपने प्रसिद्ध गाने सूट-सूट, हाई रेटेड गबरू, लाहौर, यार मोड़ दो के साथ-साथ और भी बहुत से गाने गाए। कॉन्सर्ट में मौजूद सभी छात्र-छात्राओं ने भी गुरु रंधावा के साथ गाने गाए और जमकर डांस भी किया।

## सेमीफाइनल आदमपुर चुनाव में ही कांग्रेस हुई धराशायी : नवीन गोयल


नवीन गोयल

**गुरुग्राम।** आदमपुर उपचुनाव में भव्य बिश्नोई की भव्य जीत की बधाई देते हुए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि जो कांग्रेसी आदमपुर उपचुनाव को विधानसभा चुनाव-2024 का सेमीफाइनल बता रहे थे, वे ही इस चुनाव में धराशायी हो गए हैं। जनता ने उन्हें बता दिया है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में विकास पर और प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में मजबूत संगठन का नेतृत्व ही उन्हें स्वीकार है।

आदमपुर उपचुनाव में भाजपा-जजपा प्रत्याशी भव्य बिश्नोई की जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने जमीनी स्तर पर खूब मेहनत की। संगठन ने रणनीतिक तरीके से चुनाव लड़ा। जनता को यह बताने, समझाने में कामयाब रहे कि उनका हितैषी कौन है। कौन क्षेत्र का विकास कर सकता है। कौन क्षेत्र को आगे बढ़ा सकता है। नवीन गोयल ने कहा कि भाजपा ने राजनीतिक जमीन मजबूत करने के लिए नहीं बल्कि यहां विकास के नए द्वार खोलने के लिए इस चुनाव में अपनी हाजिरी जनता के दरबार में लगाई। उन्होंने कहा कि जनता ने जो आशीर्वाद दिया है, वह विपक्षी दलों को करारा सबक है। अपने शासनकाल में जो 10 साल तक इस क्षेत्र को विकास कार्यों के लिए तरसाते रहे, उनसे यहां की जनता अब क्या उम्मीद करती। श्री गोयल ने कहा कि जनता ने दिखावे, झूठ की राजनीति करने वालों को चुनाव में बाहर का रास्ता दिखा दिया है। भाजपा संगठन ने चुनाव में अपनी बात को मजबूती से रखा। अपनी नीतियों को हर घर तक पहुंचाया। जनता में यह विश्वास जगाया कि उनकी हितैषी मनोहर सरकार ही है।

## संक्षिप्त समाचार

### चंद्र ग्रहण के कारण आज मनेगी देव दीपावली

**गुरुग्राम।** आगामी 8 नवम्बर को चंद्र ग्रहण होगा, इसलिए चंद्र ग्रहण पर आयोजित किए जाने वाले पर्वों की तिथि में भी फेरबदल हो गया है। इसी कारण सोमवार को देव दीपावली व 8 को कार्तिक पूर्णिमा स्नान-दान पर्व मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि तिथियों के फेर से इस बार देव दीपावली महोत्सव सोमवार शाम को मनाया जाएगा। कार्तिक पूर्णिमा के स्नान-दान 8 नवम्बर की सुबह होंगे। उन्होंने इसका कारण बताया है कि कार्तिक पूर्णिमा 7 नवम्बर की शाम 3 बजकर 58 मिनट पर लग रही है, जो 8 नवम्बर की शाम 3 बजकर 53 मिनट तक रहेगी। जहां देव दीपावली सांध्य व्यापिनी पूर्णिमा में मनाई जाती है, वहीं स्नान-दान के विधान उदया तिथि अनुसार होते हैं। कार्तिक पूर्णिमा यानि कि 8 नवम्बर पर खग्रास ग्रस्तोदित चंद्र ग्रहण लग रहा है। इसलिए 7 नवम्बर की सायं को ही देव दीपावली मनाया जाना उचित होगा। उनका कहना है कि श्रीहरि की कृपा प्राप्ति का पर्व बैकुंठ चतुर्दशी भी 7 नवम्बर को ही मनाया जाएगा। ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर भगवान विश्वेश्वर का दर्शन, पूजन और व्रत रखकर रात्रि में श्रीहरि का पूजन-अर्चन किया जाएगा। कार्तिक पूर्णिमा में 8 नवम्बर को चंद्रग्रहण के सूतक से पूर्व तिथि स्नान-दान, पूजन-अनुष्ठान किए जाएंगे। इसके साथ ही कार्तिक पर्यंत स्नान-दान, यम-नियम आदि का समापन हो जाएगा। ग्रहण के सूतक काल में शहर के मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे। गुरु पर्व 8 नवम्बर को ही मनाया जाएगा। इसके लिए गुरुद्वारा कमेटियों की ओर से तैयारियां भी की जा रही हैं।

### विवाहित संदिग्ध हालात में लापता हुई

**सोहना।** भोंडसी की श्याम कुंज कॉलोनी में रहने वाली विवाहिता संदिग्ध हालात में लापता हो गई। पति द्वारा भोंडसी थाने में लापता हुई पत्नी की शिकायत दर्ज कराई है। उत्तर प्रदेश के शहर बलिया के मूल निवासी राज बहादुर ने भोंडसी पुलिस को बताया कि वह भोंडसी की श्याम कुंज कॉलोनी में परिवार के साथ रहता है। एक अक्टूबर की दोपहर 3 बजे उसकी पत्नी किसी काम की कहकर बाहर गई थी। लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी आज तक वापस नहीं आई। जिसकी तलाश में सभी रिश्तेदारों के यहा पर पता कर लिया है। लेकिन कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस ने पीड़ित पति की शिकायत पर लापता हुई विवाहिता का मामला दर्ज कर लिया है।

### 35 कालेजों के सैंकड़ों विद्यार्थी 40 प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे

**सोहना।** शहर के निरंकारी कॉलेज गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में होने वाले युवा समारोह की मेजबानी करेगा। जिसमें करीब 35 कॉलेज के सैकड़ों विद्यार्थियों के भाग लेने की संभावना है। युवा समारोह में करीब 40 प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। शहर स्थित निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल महाविद्यालय तीसरी बार युवा समारोह की मेजबानी करेगा। जिसके लिए कॉलेज प्रशासन ने तैयारियां आरम्भ कर दी हैं। गुरुग्राम यूनिवर्सिटी द्वारा हर वर्ष युवा समारोह का आयोजन किया जाता है। जिसमें विद्यार्थी अपनी कला का बखूबी प्रदर्शन करते हैं। समारोह में गुरुग्राम व मेवात जिले के करीब 35 कॉलेज हिस्सा लेंगे। समारोह 2 दिसंबर से 4 दिसंबर तक चलेगा। जबकि समारोह में करीब 40 सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं होंगी। जिसमें एकल नृत्य, सामूहिक डांस, जनरल डांस, कव्वाली, गीत, भजन, समूह गान, हरियाणवी गान, शास्त्रीय संगीत, मोनो एक्टिंग आदि शामिल हैं। 'कमेटियों का हुआ गठन' गुरुग्राम विश्वविद्यालय तृतीय युवा समारोह-2022 की सफलता के लिए कॉलेज प्रशासन द्वारा कई कमेटियों का गठन किया गया है। जिससे व्यवस्था सुंदर बन सके। समारोह के आयोजन के लिए चार स्टेज बनाये जाएंगे। कालेज द्वारा समारोह में आने वाले विद्यार्थियों के रात्रि ठहराव से लेकर उनके खानपान की व्यवस्था को लेकर योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में जुट गया है। विवि खाने व ठहरने की व्यवस्था करेगा। '20 लाख रुपये होंगे खर्च' युवा समारोह पर करीब 20 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। ये खर्चा यूनिवर्सिटी व कॉलेज दोनों मिलकर करेंगे। निरंकारी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर एमएस खत्री बताते हैं कि इस बार भी युवा समारोह को सफल बनाने पर जोर दिया जा रहा है। ताकि मेजबान महाविद्यालय अधिक से अधिक पुरस्कार जीत सके।

### नगर परिषद के उप प्रधान चुनाव पर रोक की काली छाया

**सोहना।** सोहना नगरपरिषद उप प्रधान पद के लिए होने वाला 16 नवम्बर को उपचुनाव पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार ने चुनाव पर रोक लगाने की गुहार लगाई है। जिससे चुनाव के लटकने के आसार प्रबल रूप से रद्द होने के आसार बनने लगे हैं। हालांकि अभी तक आयोग द्वारा चुनाव रोकने के ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किये हैं। प्रशासन नगर परिषद उप प्रधान का चुनाव 16 नवम्बर को कराया जाना तय किया है। जिसके लिए चयनित दो पार्षदों को लिखित सूचना भी भेज दी है। नगरपरिषद उप प्रधान चुनाव को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। चुनाव के होने व न होने की चर्चाएं चल रही हैं। जिससे लोगों में चुनाव को लेकर काफी दिलचस्पी बनी हुई है। प्रशासन ने उप प्रधान चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है, किन्तु इसके विपरीत चुनाव होने से पूर्व ही विराम लगने की संभावना व्यक्त की जा रही है। इस चुनाव पर रोक लगाने के लिए आप उम्मीदवार ने चुनाव आयोग के समक्ष गुहार लगाई है। आप पार्टी कार्यकर्ता और चेयरमैन पद का चुनाव लड़ चुकी ललिता ने कहा कि प्रशासन बगैर चेयरमैन के ही उप प्रधान का चुनाव कराने की फिराक में है। प्रशासन ने विशेष चुनावी बैठक में 21 चयनित पार्षदों को ही आमंत्रित किया है। जबकि नियम के अनुसार बैठक में चेयरमैन का होना भी अनिवार्य है। जिसको चुनाव में अपने मत प्रयोग करने का अधिकार होता है। 'पहले भी रद्द हुआ है चुनाव' नगरपरिषद उप प्रधान का चुनाव इससे पहले भी अदालत के आदेश पर रद्द किया जा चुका है। चुनाव प्रशासन ने 29 अगस्त को कराने का निर्णय लिया था। ऐसा होने से प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे हैं। मामले के अदालत में जाने की संभावना उप प्रधान पद चुनाव कराए जाने का मामला अदालत में जाने की संभावना है। आप उम्मीदवार ललिता के पिता जवाहर लाल ने बताया कि उन्होंने उप प्रधान चुनाव पर रोक लगाने के लिए चुनाव आयोग से गुहार लगाई है। अगर सही निर्णय नहीं होगा तो वे हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि चेयरमैन के बगैर उप प्रधान का चुनाव असम्भव है।

## आत्मरक्षा के लिए मजबूत हो रही हैं हमारी बेटियां : गोयल

### शक्ति कराटे अकादमी की ओर से आयोजित कराटे चैंपियनशिप का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि यह हमारे समाज के लिए खुशी की बात है कि आज हमारी बेटियां आत्मरक्षा के लिए जागरुक और मजबूत हो रही हैं। समाज में यह बदलाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह बात उन्होंने शक्ति कराटे अकादमी की ओर से सेक्टर-4 स्थित वैश्य समाज धर्मशाला में आयोजित दूसरी इनविटेशनल कराटे चैंपियनशिप-2022 का उद्घाटन करते हुए कही।

नवीन गोयल ने आत्मरक्षक फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संस्थापक पवन दहिया और सेल्फ डिफेंस ट्रेनर एवं संस्था की जिला संयोजक ममता तंवर को इस आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा के क्षेत्र में जब बेटियां उतरतीं हैं तो अच्छा लगता है। यह बेटियों की मजबूती ही है कि वे कराटे जैसे खेलों में आगे आकर नाम कमा रही हैं। उन्होंने कहा कि संस्था आत्मरक्षा के क्षेत्र में बेटियों को मजबूत बनाने के लिए अपने कार्य का दायरा बढ़ाए। स्कूलों, कालेजों व अन्य स्थलों पर बेटियों को शारीरिक, मानसिक रूप से मजबूत करें। समाज को अब दबंग बेटियों की जरूरत है। बेटियां खुद अपनी रक्षा करके समाज को नई दिशा में लेकर जाएं। समाज को उनके हर काम पर गर्व हो, ऐसा काम बेटियां करें। श्रीगोयल ने कहा कि हमारे देश में भविष्य हर क्षेत्र में हैं। जिस क्षेत्र में भी बेटियों का रुझान हो, उसमें वे पूरी मेहनत करें। हरियाणा की बेटियों ने पहलवानी में जो कारनामा दिखाया गया है, वह हमारे लिए गर्व और गौरव की बात है। उन्होंने अकादमी और फाउंडेशन के संचालकों को शुभकामनाएं दी कि वे इस क्षेत्र में और अधिक तरक्की करते हुए गुरुग्राम समेत पूरे देश की बेटियों तक आत्मरक्षा के लिए मजबूत करने के कार्यक्रम लेकर जाएं। इस अवसर पर अधीर, ममता तंवर, संदीप, सोनू, विजय वर्मा, विजयपाल यादव, दुर्गानंद झा और डिंपल राठी मौजूद रहे।

## धार्मिक कार्यक्रमों में विधायक सुधीर सिंगला ने की सुख-समृद्धि की कामना

### विधायक ने किया श्याम भजन कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित

### श्री श्याम प्रेमी संस्थान की ओर से हुआ श्याम भजन कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में श्याम भजन कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने शहर में धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत की। एक कार्यक्रम में उन्होंने भजन संध्या में ज्योत प्रज्जवलन किया, दूसरे में भंडारे में प्रसाद वितरण किया।

पहला कार्यक्रम श्रीश्याम प्रेमी संस्थान की ओर से श्याम भजन संध्या रहा। इस कार्यक्रम में उन्होंने ज्योत प्रज्जवलित करके शुभारंभ किया। श्याम प्रेमियों को अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि धर्म-कर्म के क्षेत्र में गुरुग्राम सदा अग्रणी रहता है। गुरुग्राम में समय-समय पर जनता को भगवान की भक्ति के लिए कार्यक्रम आयोजित रहते हैं। गुरुग्राम की सभी संस्थाएं धर्म में पूरी श्रद्धा के साथ सेवा करती हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम से लाखों भक्त बाबा श्याम की नगरी खाटू में नमन करने जाते हैं। बाबा खाटू श्याम जी की नगरी में नियमित तौर पर भक्त पहुंचते हैं। विधायक ने कहा कि जनहित में काम करने के लिए भक्ति भी जरूरी है। हमारे महापुरुषों ने सदा हमें समाज में योगदान करना ही सिखाया है। उस सीख को हम सभी को अपने जीवन में ढालना चाहिए। समाज को कुछ देने की सोच हमारे भीतर होनी चाहिए। धर्म भी हमें यही सिखाते हैं। उन्होंने श्रीश्याम प्रेमी संस्थान की ओर से आयोजित भव्य कार्यक्रम के लिए बधाई दी। इस अवसर पर कलाकारों ने मधुर वाणी से भजनों की प्रस्तुति देकर बाबा की महिमा का गुणगान किया। इस कार्यक्रम में प्रवीण सिंगला, राजकुमार कौशिक, विपिन गुप्ता, विनोद गर्ग, अजय जिंदल, सतीश जिंदल, सतीश कौशिक, विष्णु मंगला, देवदत्त शर्मा, विकास व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना के मामले में क्लेम ट्रिब्यूनल ने दिया आदेश

**गुरुग्राम।** सड़क दुर्घटना में अपनी जान गवां देने वाले युवक के परिजनों को अदालत ने साढ़े 25 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश इंश्योरेंस कंपनी को दिया है। केएमपी पर हुए सड़क हादसे में युवक की मौंत हो गई थी।

इस मामले की सुनवाई मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल के न्यायाधीश तरुण सिंघल की अदालत ने करते हुए उक्त फैसला दिया है। साथ ही, याचिका दायर करने की तारीख से मुआवजे का 6 प्रतिशत ब्याज भी परिजनों को इंश्योरेंस कंपनी द्वारा दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार 3 अगस्त 2019 की रात्रि को केएमपी पर ये सड़क दुर्घटना घटित हुई थी। अलवर राजस्थान मूल का विजय सिंह पिकअप में देहरादून से सोहना लौट रहा था। पिकअप को सरजीत चला रहा था। पचगांव के निकट केएमपी पर ये टोल के निकट रुके और विजय सड़क पार कर पानी की बोतल लेने जाने लगा, तभी कुण्डली की ओर से आ रही तेज रफ्तार एर्टिगा कार ने विजय को टक्कर मारकर कुचल दिया था। उपचार के दौरान विजय की मौत हो गई थी। इस दुर्घटना के बाद मृतक के परिजनों ने मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल में याचिका दायर करते हुए 70 लाख रुपए मुआवजे की मांग की थी। परिवार में 5 सदस्य भी शामिल हैं। जब मामले की जांच की गई तो मालूम हुआ कि हादसे के समय कार को दिल्ली का मोहम्मद आरिफ चला रहा था।

## विश्व हिंदू महासंघ अंतरराष्ट्रीय समिति ने की धर्मसभा

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में विश्व हिंदू महांघ अंतरराष्ट्रीय समिति की ओर से धर्मसभा में मौजूद संत।

**विश्व** हिंदू महासंघ की अंतरराष्ट्रीय समिति द्वारा धर्मसभा का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदूओं के सर्वोच्च राष्ट्र धर्म निरपेक्षता के उन्मूलन पर प्रस्ताव पारित किए गए। समिति से जुड़े पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

अंतर्राष्ट्रीय सचिव बालयोगी अलखनाथ महाराज ने बताया कि धर्मसभा में जातीय एकता, सामाजिक समरसता, प्रत्येक हिंदू घर में हिंदू संगठनों की पहुंच और गौ रक्षा समेत अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। धर्मनिरपेक्षता को समाप्त करने के लिए सभी धार्मिक शक्तियों और संगठनों को एक साथ आने का आह्वान किया गया। साथ ही सनातन हिंदू प्रभुत्व के रूप में नेपाल की अंतरराष्ट्रीय पहचान को बहाल करना धर्म सभा का महत्वपूर्ण उद्देश्य बताया गया। धर्म सभा में सभी राजनीतिक दलों से नेपाली राष्ट्रीयता और सभी हिंदू संस्कृति के संरक्षण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ने का आग्रह भी किया गया।

समिति के अध्यक्ष अवधूत सुरेंद्र नाथ ने कहा कि हिंदुओं को संगठित, सशक्त और समर्थ बनाया जाए। जात-पात, ऊंच नीच और भेदभाव को मिटाकर सशक्त हिंदू समाज की रचना की जाए। उन्होंने नेपाल और भारत में आस्था के केंद्रों और देवी-देवताओं को अपमानित किए जाने और धर्मांतरण के द्वारा हिंदुओं की निरंतर कम होती संख्या को चिंता का विषय बताते हुए कहा कि धर्मांतरण पर यदि शीघ्र ही अंकुश नहीं लगा तो हिंदुओं को बहुसंख्यक से अल्पसंख्यक होते देर नहीं लगेगी। बालयोगी अलखनाथ ने भी कहा कि युवाओं को हिंदुत्व का प्रचार करना चाहिए। वृद्धजनों को अपने नाती-पोतों में हिंदुत्व के संस्कारों का संचार करना चाहिए। धर्म रक्षा, हिंदुत्व की सफलता के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं वे पर्याप्त नहीं हैं।

हम जो कार्य कर रहे हैं, वह हमारे पास पूर्वजों की धरोहर है और इस धरोहर को हमें आगे हस्तांतरित करना चाहिए ये हमारा कर्तव्य है। धर्मसभा को अस्मिता भण्डारी सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। धर्मसभा में साईं अवसर संजय साई बाबा, स्वामी बलभद्र नाथ पोखर, नेपाल राजपरिवार के गुरु वशिष्ठ और अनेक देश-विदेश के मठाधीश, संत-महंत, अमर केसर सिंह, गोरखपुर मंदिर से हरि नारायण, प्रभास चंद्र झा, संजय नाथ आदि भी शामिल रहे।

## त्योहारों पर दुकानदारों ने बेचीं मिलावटी मिठाइयां, अब आई सैंपल रिपोर्ट

### त्योहारी सीजन में लिए मिठाइयों के 343 सैंपल में से 77 सेंपल हुए फेल

### सेंपल की रिपोर्ट इतनी देर से आने पर भी लोग उठा रहे सवाल

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



**त्योहारों** पर बेची जानी वाली मिठाइयों में मिलावटी से इंकार नहीं किया जा सकता। कहने को तो मिलावटी मिठाइयों पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य विभाग की ओर से सेंपल लेकर मिलावटी मिठाइयों को नष्ट कराया जाता है। त्योहार पर मिठाइयों के लिए गए सेंपल की अब रिपोर्ट आई है।

खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन की ओर से कुल 343 सैंपल लिए गए थे, जिनमें से 77 के सैंपल फेल हुए हैं। यानी इनमें मिलावट थी। दुकानदारों ने तो मिलावटी मिठाइयां बेचकर लाखों की वारे-न्यारे कर लिए। किसी भी बड़े त्योहार विशेषकर दीवाली पर मिठाइयों समेत अनेक खाद्य पदार्थों में मिलावट की अधिक संभावनाएं रहती हैं। मिलावट खोरों पर शिकंजा कसने के लिए खाद्य संरक्षा विभाग को कार्रवाई करनी होती है। मिठाइयों की दुकानों में पहुंचकर सैंपल लेने होते हैं। होना तो यह चाहिए कि जिस मिठाई के सैंपल लिए जाते हैं, उसकी बिक्री रिपोर्ट आने तक नहीं की जानी चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं हो पाता। विभाग तो सैंपल लेकर अपनी ओर से प्रक्रिया पूरी कर लेता है, लेकिन रिपोर्ट आने तक उस सैंपल वाली मिठाई की दुकानों पर धड़ल्ले से बिक्री होती रहती है। इस त्योहारी सीजन में भी ऐसा ही हुआ।

**कुल 145 सेंपल में पायी गई गड़बड़ी :** खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन की ओर से शहर में मिठाइयों के 343 सैंपल लिए गए। इसमें से 77 सैंपल फेल होने की रिपोर्ट सामने आई है। यानी इन मिठाइयों में मिलावट थी। मिलावट वाले सैंपल के अलावा 14 सैंपल ऐसे हैं, जिन पर पूरी जानकारी अंकित नहीं थी। 54 सैंपल मानकों पर खरे नहीं उतरे। किसी न किसी रूप में 145 सेंपल में गड़बड़ी पाई गई। विभाग ने मिलावट खोर दुकानदारों को नोटिस जरूर दिए हैं। हो सकता है कि उन पर एफआईआर भी हो जाए। अदालत में केस चले, उन्हें सजा हो जाए, लेकिन वे मिलावटी मिठाइयां तो बिक चुकी हैं। लोगों की सेहत से खिलवाड़ तो हो चुका है।

### खाद्य सुरक्षा विभाग भ्रष्टाचार का अड्डा: अभय जैन

**मानव** आवाज संस्था के संयोजक अभय जैन एडवोकेट का कहना है कि सैंपल लेकर उनकी रिपोर्ट में देरी करना भी एक तरह से लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ है। किसी भी प्रोडक्ट की रिपोर्ट उसी दिन आनी चाहिए। तब तक उसकी बिक्री पर भी रोक लगनी चाहिए। खाद्य विभाग की यह कार्यप्रणाली सीधे तौर पर भ्रष्टाचार है। यह विभाग भ्रष्टाचार का अड्डा है। छापेमारी सिर्फ दिखावे के लिए की जाती है।

## ग्राम पंचायत चुनाव अंतिम चरण में, विरोधियों को मात देने पर खासा जोर

### प्रत्याशी रुठों को मनाने से लेकर विरोधियों के वोट बैंक में सेंधमारी करने में जुटे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**खंड** की 35 ग्राम पंचातयों में होने वाला चुनाव अंतिम चरण में पहुंच गया है। वैसे ही चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों ने मतदाताओं तक पहुंचने की दौड़ को पहले से तेज कर दिया है। प्रत्याशी रुठों को मनाने से लेकर विरोधियों के वोट बैंक में सेंधमारी करने में जुट गए हैं।

बुधवार और शनिवार को होने वाला ग्राम पंचायत चुनाव अब आखिरी चरण में पहुंच गया है। जैसे-जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आ रही है। वैसे-वैसे ही चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों की धड़कने तेज हो गई है। बुधवार को होने वाला समिति सदस्य और जिला पार्षद पद के चुनाव का प्रचार-प्रसार सोमवार की शाम को बंद हो जाएगा। उसके बाद से मंगलवार को जोड़-तोड़ की राजनीति पर अधिक ध्यान रहेगा। रविवार को प्रत्याशियों ने अपना-अपना शक्ति प्रदर्शन करते हुए मतदाताओं के आकर्षण के केन्द्र बने। युवा चुनाव प्रचार में सबसे आगे इस बार के पंचायत चुनाव में युवा वर्ग अपने-अपने प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। युवा मतदाताओं तक प्रत्याशी के पीछे भीड़ बनकर चल रहे है। युवा वर्ग स्कूल में सहपाठी रहने वाले दोस्तों से लेकर खेल के मैदान में एक साथ खेलने वालों से तालमेल करके चुनाव परिणाम को अपने पक्ष में मोड़ने का प्रयास कर रहा है। युवाओं की यही सोच चुनावी आकंड़ों को बदलने में माहिर होता जा रहा है। युवा सरपंच पद को सबसे ज्यादा महत्व दे रहा है। महिला प्रत्याशी अभी भी घूंघट की ओट में चुनाव मैदान में सरपंच पद से लेकर समिति सदस्य और जिला पार्षद पद की प्रत्याशी महिला आज भी घूंघट की ओट में रहकर घर के अंदर बैठी है। जिला पार्षद पद का चुनाव लड़ने वाली महिला ही वोट मांगने के लिए गांव-गांव जा रही है। सरपंच और समिति सदस्य पद का चुनाव लड़ने वाली 30 से 40 फीसदी महिलाएं ही घर की दहलीज कूदकर बाहर जा रही है। यही कारण है कि 50 फीसदी महिलाओं को यह नहीं पता कि उसके वार्ड में या गांव में कुल मतदाता कितने हैं। प्रचार-सामग्री की सीमा नहीं चुनाव समर में उतरे प्रत्याशियों के बने बैनरों पर प्रशासन या चुनाव आयोग की तरफ से किसी भी प्रकार की कोई लगाम नहीं है।

# देश के सबसे ऊंचे पक्षियों के आशियाने का उद्घाटन

## गऊ माता की प्रतिमा का उद्घाटन लक्ष्मी नारायण मंदिर में मुख्यातिथि मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव अजय गौड ने किया

कविता। फरीदाबाद

**भारत** के सबसे ऊंचा परिदों का आशियाना और अष्टधातु से बनी गऊ माता की प्रतिमा का उद्घाटन रविवार को सेक्टर-16 स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में मुख्यातिथि मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव अजय गौड ने किया।

इस मौके पर मंदिर कमेटी के प्रधान डीपी जैन, सचिव आरसी शर्मा और मंदिर कमेटी के सभी सदस्य और अन्य मंदिरों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने अजय गौड का स्वागत किया। इस मौके पर बिजली के बिल के रेट का मुद्दा भी मंदिर कमेटी ने उनके समक्ष रखा, जिस पर उन्होंने इस विषय पर बात करने का आश्वासन दिया है।

**शहर में हुए दो आशियाने:** जून 2022 में हरियाणा के महेन्द्रगढ़ में एक आठ मंजिला पक्षियों का आशियाना बनाया गया था, जिसे देश का पहला और सबसे बड़ा आशियाना घोषित किया गया था। वहीं पिछले दिनो सेक्टर-12 में भी एक पक्षियों का आशियाना बनाया गया था, वह सात मंजिला था, जिसे हरियाणा का सबसे ऊंचा आशियाना बताया गया था, लेकिन अब अजय गौड द्वारा सेक्टर-16 स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में बने इस परिदों के आशियाने का उद्घाटन किया, तो उन्होंने आसमान में गुब्बारे छोड़ते हुए इसे भारत का सबसे ऊंचा परिदों का आशियाना घोषित कर दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 16 मंजिल भारत का पहला सबसे ऊंचा परिदों का आशियाना है।


गुब्बारे आसमान में छोड़कर भारत के सबसे बड़े पक्षियों के आशियाने का उद्घाटन करते अजय गौड़ और मंदिर कमेटी के पदाधिकारी।


कामधेनु गाय की मूर्ति की पूजा करके अनावरण करते अजय गौड़

**25 मंजिल का था प्रयास :** मंदिर के प्रधान डीपी जैन ने कहा कि आशियाने को 25 मंजिला बनाने का प्रयास किया गया था, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे मात्र 16 मंजिल पर ही रोक दिया गया। लेकिन इसके बावजूद भी यह देश का सबसे ऊंचा आशियाना है। सचिव आरसी शर्मा ने बताया कि आसमान में उड़ते परिंदे एक लंबी उड़ान के बाद जब थक जाते हैं तो उन्हें भी आराम की जरूरत होती है। पक्षियों के इस दर्द को समझते हुए मंदिर में 16 मंजिल का आशियाना बनवाया है। जहां उन्हें दिन भर की थकान के बाद आराम करने के लिए आसरा और दाना पानी भी मिलेगा।

**कामधेनु की पूजा :** मंदिर परिसर में कामधेनु गऊ माता की अष्ट धातु से बनी प्रतिमा का भी अनावरण अजय गौड ने पूजा-पाठ करके किया। अजय गौड ने कहा कि मंदिर में अष्ट धातु की गऊ माता की मुर्ति बनी है, जोकि आकृषण का केन्द्र होगी। उन्होंने कहा कि अष्ट धातु की यह मूर्ति एक जीवित गाय माता की तरह ही बनी है।

# नाले में गिर कर मासूम बच्चे की मौत के विरोध में लगाया जाम





## लोगों के विरोध के बाद निगम के एसडीओ, जेई और पार्षद पर केस दर्ज हुआ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जवाहर** कालोनी के एयरफोर्स मोड़ पर बीती रात एक 11 वर्षीय बच्चा कूड़े से अटे करीब दस फुट गहरे नाले में जा गिरा। पता चलते ही आसपास के लोगों ने किसी तरह बच्चे को नाले से निकाल। बीके अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने 60 फीट रोड पर जाम लगा कर नगर निगम कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग शुरू कर दी।

सूचना मिलने पर डीसीपी एनआइटी नरेंद्र कादयान और अन्य पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर लोगों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। थाना सारन पुलिस ने इस मामले में नगर निगम के एसडीओ, जेई और पार्षद के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक अर्जुन सिंह एयरफोर्स मोड़ पर किराए का मकान लेकर परिवार के साथ रहते हैं। परिवार के गुजारे के लिए वह ट्रक चलाने का काम करते हैं। उनका 11 साल का बेटा कुणाल इलाके के एक स्कूल में तीसरी कक्षा में पढ़ता था।

बीती रात करीब दस बजे कुणाल कुछ सामान लेने के लिए घर से निकला था। एयरफोर्स मोड़ से गुजरते समय वह वहां मौजूद गहरे नाले में जा गिरा। तभी मौके से गुजर रहे कुछ लोगों की उस पर नजर पड़ गई। आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद बच्चों को निकाल कर परिजनों को सूचना दी। बच्चे को तुरंत बीके अस्पताल ले जाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के विरोध में रात को ही स्थानीय लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया था। उस समय पुलिस ने लोगों को समझा कर किसी तरह जाम खुलवा दिया। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए शव बीके अस्पताल में रखवा दिया। अगले दिन सुबह फिर सैंकड़ों लोग इक्ट्ठे हो गए और उन्होंने 60 फुट रोड पर जाम लगवा दिया। जाम की सूचना मिलने पर डीसीपी एनआइटी नरेंद्र कादयान और आसपास के थानों की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों को समझाने के प्रयास शुरू कर दिये। लेकिन स्थानीय लोग लापरवाही से बनाए नाले के जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे। दोपहर को किसी तरह आश्वासन देकर पुलिस ने जाम खुलवा दिया। जिसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद बच्चे को सौंपा गया। लेकिन शव मिलने के बाद दोपहर करीब तीन बजे फिर गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। लोगों का कहना था कि जब तक आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। लोगों के भारी विरोध को देखते हुए पुलिस ने मृतक बच्चे के पिता अर्जुन सिंह की शिकायत पर नगर निगम के मौजूदा एसडीओ नवीन कुमार, मौजूद जेई और महिला पार्षद के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# फिल्मी स्टाइल में मां बेटे ने रचा अपहरण का ड्रामा, गिरफ्तार

## आरोपियों के खिलाफ आईपीसी 182 की कार्रवाई, 6 महीने की सजा का है प्रावधान



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा थाना खेड़ी पुल में दर्ज हुए अपहरण के मामले का संज्ञान लेते हुए तुरंत कार्रवाई के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने अपहरण के मामले का पर्दाफाश करते हुए लड़के को बरामद किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गुमशुदा लड़के रवि की मां मिथिलेश निवासी पुरानी चुंगी ओल्ड फरीदाबाद ने 31 अक्टूबर को थाना खेड़ी पुल में अपने लड़के की अपहरण करने की झूठी शिकायत दी थी जिस पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तुरंत लड़की की तलाश शुरू कर दी थी। मामले में संज्ञान लेते हुए उच्च अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 को दी थी। क्राइम ब्रांच टीम इंचार्ज ने तुरंत मामले में कार्रवाई के लिए एक टीम गठित की। क्राइम ब्रांच टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए अपने गुप्त सूत्रों की सुचना तकनीकी माध्यम व सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से मामला संदिग्ध लगा पुलिस टीम ने लड़के का पता लगाया जिसको पलवल के रहीमपुर मार्ग से सकुशल बरामद कर लिया है। लड़के ने भी शुरुआती पूछताछ में पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन पुलिस को संदेह होने पर लड़के ने बनाई योजना का जिक्र किया।

विस्तृत पूछताछ करने पर लड़के के द्वारा योजना के बारे में बताया जिसमें लड़का अपनी मां के साथ गांव बुढ़ेना किसी से मिलने गए थे रास्ते में योजना के अनुसार लड़के ने मोटरसाइकिल को साइड में गिरा कर ऑटो से बदरपुर बॉर्डर गया वहां से ओला बुक कर उत्तर प्रदेश के गाँव खुर्जा अपने किसी जानकार के पास चला गया था। लड़के की मां ने जिसकी झूठी अपहरण करने की सूचना थाना खेड़ी पुल में नामजद आरोपी व अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया था। लड़के ने बताया कि पडोसी के साथ दिवाली पर झगड़ा हो गया था जिसका बदला लेने के लिए उसने इस वारदात को अंजाम दिया है।

# जलजमाव से निजात दिलाने के लिए विधायक को सौंपा पत्र

## तिगांव विधायक राजेश नागर को ज्ञापन सौंपने पहुंचे सूर्या नगर सेक्टर 91 के निवासी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जलजमाव** के कारण हो रही परेशानियों से निजात दिलाने के लिए सूर्या नगर सेक्टर 91 के निवासी विधायक राजेश नागर से मिले। उन्होंने अपने ज्ञापन को मुख्यमंत्री शिकायत निवारण प्रकोष्ट को अविलम्ब भेजने की गुहार लगाई। विधायक ने उन्हें समस्या से जल्द छुटकारा दिलाने की बात कही।

रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन मैन ब्लॉक सूर्या नगर फेस 2 सेक्टर 91 के निवासी विधायक राजेश नागर के निवास पहुंचे। निवासियों ने विधायक को बताया कि पल्ला सेहतपुर रोड इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प के पास सडक़ पर डेढ़ से दो फुट गंदा पानी भरा रहता है। कभी कभी यह दो से ढाई फुट गहरा भी हो जाता है जिससे लोगों को निकलने में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। निवासियों ने विधायक राजेश नागर को बताया कि दर्जनों गांव एवं कॉलोनियों के निवासी इस सडक़ से प्रतिदिन गुजरते हैं लेकिन जलजमाव होने से उन्हें बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार इनमें वाहन बंद हो जाते हैं जिससे रास्ता बंद हो जाता है और बच्चों एवं बुजुर्गों को विशेष परेशानियों का सामना करना पड़ता है। निवासियों ने विधायक को एक ज्ञापन सौंपा।

# जजपा सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक सम्पन्न

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**सेक्टर** 16 के गुर्जर भवन में जननायक जनता पार्टी के सैनिक प्रकोष्ठ फरीदाबाद की बैठक कर्नल एसएस राठी (पूर्व सैनिक) हरियाणा सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

इस बैठक में हरियाणा सैनिक प्रकोष्ठ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सतिंदर दुग्गल (पूर्व सैनिक), कर्नल मलिक, कमांडर वीएम त्यागी, फरीदाबाद सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नेपाल सिंह फौजी दूधौला व अनेकों हल्का अध्यक्ष भी शामिल हुए। इसके साथ साथ पूर्व सैनिक फ्लाइग ऑफ़िसर दयाराम शर्मा, फ़्लाइग ऑफ़िसर टीसी जोशी, ऐर वेटरन वॉरंट ऑफिसर डी. सिंह, ऐर वेटरन एसके दलाल, ऐर वेटरन मनमोहन दत्त, ऐर वेटरन विद्या सागर कौशिक, वेटरन सुनील डिंड़े सहरला, भूतपूर्व सैनिक ब्रिजभान, सेना मेडल अटालि व अन्य ने भाग लिया।

बैठक में आगे आने वाले समय में पूर्व सैनिकों के हितों की रक्षा, सुरक्षा व अन्य कई मुद्दों पर विचार विमर्श हुआ व जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अजय चौटाला को माँगो का दस सुत्रिय मांग पत्र सौंपा, जिसमें प्रमुख रूप से, भूतपूर्व सैनिकों उनके आश्रितों के लिए उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल की तर्ज पर निगम, भूत पूर्व सैनिकों की सभी 22 जिलों में ज़िलेवार जनगणना, भूतपूर्व सैनिक डिपार्टमेंट में सभी ज़िलों में ऑफिसर की तुरंत प्रभाव से नियुक्ति, भूतपूर्व सैनिकों की समाज में इज़्जत को बरक़रार रखने हेतु आयोग का गठन, पुलिस में भर्ती हो रहे एसपीओ की सैलरी व भत्तों को बढ़ाने व सेवा शर्तों में सुधार व उनसे उनके रैंक के अनुसार सिर्फ पुलिस के कार्य कराए जाने, प्रदेश में सीएसडी में वीर नारियों को प्राथमिकता की बात कही गयी है।

# निर्बाध संपन्न हुई सीईटी परीक्षा : डीसी

## परीक्षार्थियों को नही होने दी परेशानी- नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा कराई गई परीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


परीक्षा देने आए युवक की तलाशी लेते।



परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षर्थी।

**डीसी** विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद में रविवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा प्रथम बैच मॉर्निंग सैशन में सीईटी 2022 की परीक्षा में 15090 परीक्षार्थियों ने और 15423 परीक्षार्थियों ने ईवनिंग सैशन में लिखित परीक्षा दी है। प्रथम बैच में 62 दशमलव 71 वहीं दूसरे बैच में 64 दशमलव 10 प्रतिशत परीक्षार्थियो ने लिखित परीक्षा दी है।

जिला फरीदाबाद में शनिवार और रविवार को निर्बाध रूप से हुई सीईटी परीक्षा के लिए प्रशासन की तरफ से सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की कोई भी परेशानी नहीं आनी दी गई। इसके लिए पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए गए थे। परीक्षार्थियो की सुविधा के लिए अधिकारियो की ड्यूटिया सुनिश्चित की गई थी। परीक्षार्थियों की सुविधा बारे जानकारी के लिए फोन नंबर 0129-2227922 जारी किया गया था। इसके अलावा रविन्द्र रत्नाकर के 9971144418, जेके मिश्रा के 955572666 मोबाइल पर भी दिया गया था। वहीं डीसी विक्रम सिंह सीईटी परीक्षाओं के सफल संचालन बारे बताया कि फरीदाबाद में दोनों दिनों के लिए लगभग 96240 हजार परीक्षार्थियों के लिए 56 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। वहीं प्रत्येक बैच में 24090 परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सिटी कोऑर्डिनेटर व सेंटर सुपरवाइज़र नियुक्त किए गए थे। उपायुक्त ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित सीईटी परीक्षा में कोई भी कोताही नहीं बर्दाश्त की गई। दोषी पाए जाने पर उक्त व्यक्ति के खिलाफ तुरंत कार्यवाही करना सुनिश्चित की जा रही थी। डीसी विक्रम ने आगे कहा सभी सेंटर पर सीसीटीवी, जैमर्स व बायोमेट्रिक हाजरी की व्यवस्था एनटीए द्वारा की गई थी । परीक्षा में फेस मास्क पहनना व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य किया गया था। उन्होंने कहा कि परीक्षा की पवित्रता तथा कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए धारा -144 लगाई गई थी।

# जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष का सेक्टर 16 और गांव धौज में स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। फरदीबाद



**जननायक** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अजय सिंह चौटाला, हरिराम किराड़, अनिल किराड़ और डॉक्टर अकबर द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित करने फरीदाबाद पहुंचे। फरीदाबाद और एनआईटी विधानसभा पहुंचने पर युवाओं ने ढोल नगाड़े द्वारा पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया।

इस मौके पर जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला ने कहा कि पंचायत चुनावों की घोषणा हो चुकी है और जिस तरीके से पिछले तीन साल में नगरपालिका के चुनावों में जननायक जनता पार्टी ने बढ़ोतरी की है तो पंचायत और नगर निगम के चुनाव में भी पार्टी निश्चित तौर पर बढ़त हासिल करेगी। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस धरातल में जा रही है और देश ब हरियाणा प्रदेश की जनता इनको नकार चुकी है। आदमपुर उपचुनाव का परिणाम सबके सामने है। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विरोध में हम पैदा हुए हैं। डॉ. चौटाला ने कहा कि भाजपा के साथ उनका पहले से ही नाता रहा है। डॉ. अजय चौटाला ने कहा कि जेजेपी का कुनबा लगातार बढ़ रहा है और उन्हें पूरी उम्मीद है कि आने वाले चुनावों में जननायक जनता पार्टी का प्रदर्शन काफी अच्छा रहेगा। इस अवसर पर वहां मौजूद जनसमुह ने फूल माला व पगड़ी बांधकर डॉ. अजय सिंह चौटाला का जोरदार स्वागत किया।

# संक्षिप्त समाचार

## सेहत का ख्याल जरुरी है : बबली



**फरीदाबाद।** सांवरिया सेवा समिति एवं रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल की तरफ से आज गंगा विद्या निकेतन स्कूल में फ्री हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन किया गया। इस चेक अप कैंप में सर्वोदय हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने हदय, हड्डी व सांस सबंधित समस्याओं की जांच की गई। इसके अलावा बी पी, शुगर, ईसीजी, बीएमडी, पीएफटी, कोलेस्ट्रोल, थायरॉइड की जांच की गई। इस हेल्थ चेक अप कैंप में बतौर मुख्य अतिथि पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा कैबिनेट मिनिस्टर मूलचंद शर्मा के बड़े भाई पंडित टिप्पर चंद शर्मा, गिरीश भारद्वाज, देवराज चौधरी, अजय मित्तल, पारस जैन, राकेश गुज्जर, योगेश शर्मा, टेकचंद शर्मा, दीपक चौधरी, जितेंद्र बंसल, श्याम सुंदर गोयल, बृज भूषण गोयल, प्रदीप गुप्ता भी कैंप में उपस्थित रहे। हेल्थ चेक अप कैंप में लगभग 250 लोगों के स्वस्थ की जांच की गई और अनुभवी डॉक्टरों द्वारा परामर्श दिया गया। समिति के सदस्यों ने सभी अतिथियों का और डॉक्टरों का सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## प्रोफेसर आरएन सिंह हुए क्षत्रिय गौरव सम्मान से अलंकृत

**फरीदाबाद।** यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. आरएन सिंह को अखिल भारतीय राजपूत एकता मिशन द्वारा नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित राष्ट्रीय सम्मलेन सह् सम्मान समारोह में क्षत्रिय गौरव सम्मान 2022 से अलंकृत किया गया। डॉ.आर एन सिंह को यह सम्मान शिक्षा, समाज सेवा तथा पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान गुजरात के पूर्व मुख्य सचिव जेएन सिंह, शेर सिंह राणा, बिजेन्दर तवर तथा संस्था अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार सिंह ने प्रदान किया गया। डॉ.आरएन सिंह के इस उपलब्धि पर हरियाणा सरकार के निवर्तमान कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत जय कृष्ण दास, राष्ट्रीय सचिव रमाकांत तिवारी, राष्ट्रीय संगठन सचिव केबी दूबे, फरीदाबाद के प्रथम महापौर सूबेदार सुमन, फरीदाबाद श्रमिक प्रकोष्ठ के प्रभारी एडवोकेट नागेश सिंह सहित विभिन्न समाजिक व शैक्षणिक संस्थानों के पदाधिकारियों तथा शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## रक्तदान से बढ़कर नहीं है कोई दान : भड़ाना

**फरीदाबाद।** रविवार को वार्ड नंबर-सात में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता हरेंन्द्र नागर द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 46 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने शिरकत की। इस मौके पर धर्मबीर भड़ाना ने रक्तदाताओं का हौसला बढाया। कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे अनमोल दान है। इसकी कभी किसी अन्य दान से तुलना नहीं की जा सकती। इस मौके पर मुख्य रूप से भीम यादव, सदींप यादव, सदींप राना, पवन पंचाल, अफजल खान, दुर्गेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, सोनू शर्मा, जीतू पंचाल, सियाराम, दीपक अरोड़ा, राकेश बघेल, डां. सोलंकी एवं अन्य मौजूद रहे।

## 30 साल से फरार हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने हत्या के मामले में 30 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम बाबू सिंह (76) है। आरोपी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले के लीलापुर गांव का तथा वर्तमान में फरीदाबाद के आदर्श नगर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना आदर्श नगर के क्षेत्र से देसी कट्टे सहित काबू किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना आदर्श नगर में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने वर्ष 1982 में एक हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। जिसमें आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। आरोपी जमानत पर आने के बाद से ही फरार चल रहा है।

## व्यवसायी से मांगी 20 लाख रुपये की रंगदारी

**फरीदाबाद।** सेक्टर-21 निवासी एक व्यवसायी से 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-21 निवासी राकेश सहगल ने थाना एनआईटी पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि उनका शादी फार्म हाउस व स्विट्स हाउस का कारोबार है। उन्होंने शिकायत में कहा कि उनके पास शुक्रवार शाम को उनके मोबाइल पर किसी ने संपर्क कर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। रंगदारी न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी है। उस व्यक्ति ने सबसे पहले कहा कि फोन मत काटना, तुम्हारे काम के लिए एक बात है। राकेश फोन सुनते रहे और उस व्यक्ति ने एक मिनट तक बात की। कहा कि उसे 20 लाख रुपये की रंगदारी चाहिए।

## घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान हुई मौत

**फरीदाबाद।** तीन दिन पहले हुए सड़क हादसे में घायल हुए एक व्यक्ति ने दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सेक्टर-31 थाना पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।हनुमान नगर निवासी संतोष कुमार ने पुलिस को बताया कि वह वह एस्कॉर्ट्स कंपनी में नौकरी करता है। तीन नवंबर को उनके मोबाल पर कॉल आई कि आपके पापा का एक्सीडेंट हो एतमादपुर पुल के निकट हो गया था। तीन दिन पहले सड़क हादसे में घायल हुए उसके पापा को वह ऑटो में बैठा कर सेक्टर-19 सर्वोदय अस्पताल ले जा रहा हूं। यह सुनते ही वह अस्पताल पहुंच गया। जहां उनके पिता रामजीत सिंह ऑटो में लेटे हुए थे।

## 10 नवंबर तक त्रुटियां ठीक करवाएं आवेदक : डीसी

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि जिला कल्याण विभाग की ओर से वर्ष 2021-2022 के तहत अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति घुमंतू, अर्ध घुमंतू व टपरीवास जातियों, पिछड़े वर्ग व सामान्य वर्ग के छात्र/छात्राओं जिनके परिवार की पारिवारिक वार्षिक आय 4 लाख रुपये से अधिक न हो, के लिए डा. भीमराव अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना के तहत आवेदक छात्र-छात्राएं 10 नवंबर तक त्रुटियां ठीक करवा सकते है। जिला कल्याण अधिकारी ने बताया कि डा. भीमराव अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिनकी अंतिम तिथि 10 मार्च 2022 थी। विभाग द्वारा जिन छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्र दस्तावेज के अभाव में सैंड बैंक कर दिए गए थे। उन्हें विभाग की ओर से अवसर प्रदान किया गया है। ऐसे छात्र-छात्राएं अपने आवेदन में 10 नवंबर तक आवश्यक दस्तावेज लगाकर आवेदन पुन: भेज सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग द्वारा 10 नवंबर के उपरांत आवेदन पत्र को अधूरा होने के चलते रद्द कर दिया जाएगा, जिसके लिए छात्र-छात्रा स्वयं जिम्मेवार होंगे।

## स्मैक तस्करी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियो की धर पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने अवैध नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम जान मौहम्मद है। आरोपी फरीदाबाद के सेक्टर-58 की संजय कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना सेक्टर-58 के एरिया से स्मैक सहित काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 52.23 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया की आरोपी वेल्डिंग का काम करता है। आरोपी ने नशा तस्करी का काम अधिक पैसे कमाने के लालच मे आकर किया था। आरोपी को यूनिस नामका व्यक्ति बल्लबगढ़ में आकर स्मैक देकर जाता था। आरोपी ने 70000/-रु की स्मैक खरीदी थी। जिसे वह पुडिया बनाकर बेचता था। आरोपी करीब पिछले 3 महिने से स्मैक बेचने का काम करता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# जाड़े की शुरुआत
## गंभीर वायु प्रदूषण

**हमारे** राजनेता बड़े-बड़े वादे करते हैं, पर वे स्वच्छ हवा जैसी मूलभूत चीज सुनिश्चित नहीं कर पाते हैं। प्रख्यात अंग्रेजी टीवी सीरीज़ 'गेम आफ थ्रोन्स' में 'विंटर इज़ कमिंग' शब्दों का उच्चारण एक भावी खतरनाक समय का पूर्वानुमान लगाते हुए किया जाता है। उत्तर भारत में भी जाड़े की शुरुआत लोगों को भयभीत कर देती है। इसका कारण कोई डरावना जंतु होने के बजाय वायु प्रदूषण होता है जो इस मौसम के पहले ही कुछ सप्ताह में बढ़ गया है। वायु गुणवत्ता सूचकांक-एक्यूआई खतरनाक स्तर तक बढ़ गई है जिससे अक्सर राष्ट्रीय राजधानी गैस चैंबर में बदल जाती है। इसके परिणामस्वरूप हवा को स्वच्छ करने के बजाय विशेषज्ञ उपचारात्मक कदम सुझाने लगती हैं, अदालतें अधिकारियों की कुछ न करने के लिए खिंचाई करने लगती हैं और सर्वाधिक कष्टदायक रूप से राजनीतिक लफ्फाजी शुरू हो जाती है जिसमें पार्टियां और नेता एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू कर देते हैं। वर्तमान समय भी कुछ अलग नहीं है। वायु प्रदूषण एक राष्ट्रीय संकट है जिसमें उत्तर भारत के अनेक क्षेत्र गंभीर वायु प्रदूषण दर्ज कर रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली में एक्यूआई लगातार दूसरे दिन 'गंभीर' श्रेणी में रहा। वे पंजाब के अपने समकक्ष भगवंत मान के साथ एक प्रेस सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। केजरीवाल ने कहा, 'हम पंजाब में पराली जलाने की घटनायें बढ़ने की पूरी जिम्मेदारी लेते हैं', लेकिन उन्होंने अपनी असहाय स्थिति भी प्रकट की क्योंकि पंजाब में उनकी



सरकार बने केवल 6 महीने हुए हैं। क्या यह स्थिति वर्तमान सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा राष्ट्रीय समस्याओं की जिम्मेदारी दशकों तक चले कांग्रेस शासन पर डालने से अलग है? क्या यह कांग्रेस द्वारा देश की गरीबी की जिम्मेदारी ब्रिटिश शासन पर डालने से अलग है? उन्होंने परंपरागत रूप से यह बात भी जोड़ी कि 'हमने स्थिति पर नियंत्रण के कदम उठाए हैं। अगले साल पराली जलने में कमी आएगी।' दूसरे शब्दों में इसका अर्थ है, वर्तमान की चिन्ता मत करो, भविष्य उज्ज्वल है और अच्छे दिन जल्द आएंगे।

इस बीच दिल्ली की आप सरकार ने प्राथमिक स्कूल बंद करने तथा ट्रकों का प्रवेश प्रतिबंधित करने के आदेश दिए हैं। निर्माण तथा ध्वस्तीकरण गतिविधियों पर पहले से ही रोक लगी है तथा राज्य सरकार प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए आड-इवेन योजना वापस लाने पर विचार कर रही है। सेकेंड्री व हायर सेकेंड्री स्कूल खुले रहेंगे, पर उनमें कोई आउटडोर गतिविधियां नहीं होंगी। ये सभी अल्पकालीन आग लगने पर उसे बुझाने जैसे उपाय हैं, लेकिन आप या केन्द्र सरकार ऐसे कोई उपाय नहीं सुझा रही है जिससे इस बड़ी समस्या से निपटा जा सके। अपनी 'वर्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट, 2021' में एक स्विस फर्म ने बताया है कि दिल्ली सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी थी तथा दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित 100 शहरों में से 63 भारत में थे। रिपोर्ट के अनुसार, 'भारत में कोई भी शहर डब्लूएचओ की वायु गुणवत्ता 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की श्रेणी में नहीं थे। 2021 में भारत के 48 प्रतिशत शहर 50 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक या डब्लूएचओ निर्देशों से 10 गुना से अधिक के स्तर पर थे।' बुधवार को इन्वेस्ट कर्नाटक, 2022 के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक निवेशकों से भारत में पैसा लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, 'भारत में निवेश का अर्थ समावेशन में निवेश, लोकतंत्र में निवेश, दुनिया के लिए निवेश तथा बेहतर, स्वच्छ व सुरक्षित ग्रह में निवेश है।' बेहतर, स्वच्छ व सुरक्षित ग्रह एक अच्छा विचार है और इसी तरह प्रधानमंत्री की भारत में निवेश की अपील भी। लेकिन इसके लिए हमें स्वच्छ पर्यावरण भी तैयार करना होगा। दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो रहा है।

# जीव-वनस्पतियों पर मानव श्रेष्ठता का विचार

लाखों जीव व वनस्पति प्रजातियों के संकट में पड़ने के बाद विश्व व उसके परिवेश के शोषण के कारण मानव प्रजाति भी संकट में पड़ सकती है।



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



वर्तमान समय में आवारा कुत्तों द्वारा मनुष्यों पर हमला करने की बढ़ती घटनायें दुनिया भर में चर्चा का विषय बन गई हैं। सरसरी तौर पर देखें तो ये मनुष्यों व जानवरों के बीच बढ़ते टकराव का नतीजा है। मनुष्यों और जानवरों के बीच यह टकराव धरती पर मनुष्यों की बढ़ती गतिविधियों के कारण है जिससे मनुष्यों व गैर-मानव जीव प्रजातियों को नुकसान पहुंच रहा है जिससे अनेक प्रकार की जीव व वनस्पति प्रजातियां नष्ट हो गई हैं। जर्मनी के प्रोफेसर जोसेफ सितेले ने इस खतरे की ओर संकेत किया है। उन्होंने पेरिस में 29 अप्रैल से 4 मई, 2019 तक आयोजित जैवविविधता व परिस्थितिकी सेवाओं पर सातवें प्लेनरी सत्र में भाग लिया था। उनकी सह अध्यक्षता में इस सम्मेलन द्वारा जैवविविधता व परिस्थितिकी सेवाओं पर वैश्विक आंकलन रिपोर्ट तैयार की गई। अर्जेन्टाइना के प्रोफेसर सांड्रा दियाज़ व ब्राजील व अमेरिका में प्रोफेसर एडुअर्डो एस. ब्रोंडीजियो इस आयोजन के सह-अध्यक्ष थे। उनके सहयोग से तैयार इस रिपोर्ट में कहा गया है, आज दुनिया भर से 'परिस्थितिकी तंत्र, प्रजातियां, जंगली प्रजातियां, स्थानीय प्रजातियां तथा पालतू बनाए पौधों और जानवरों की प्रजातियां घट रही हैं, कमजोर हो रही हैं या गायब हो रही हैं। यह नुकसान मानव गतिविधियां बढ़ने का प्रत्यक्ष परिणाम है। इन गैर-मानव जीव व वनस्पति प्रजातियां विलुप्त होने के कारण दुनिया के सभी क्षेत्रों में मानव प्रजाति के अस्तित्व पर भी सीधे तौर पर खतरा मंडराने लगा है।'

इस रिपोर्ट के अनुसार, एक 'मिलियन जीव व वनस्पति प्रजातियों पर अब खतरा मंडरा रहा है और वे विलुप्ति के कगार पर पहुंच गई हैं। यह काम पिछले अनेक दशकों में बहुत तेज हुआ है और मानव इतिहास में पहले ऐसा कभी नहीं हुआ है।' वर्ड वाइल्डलाइफ फंड की 'लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट, 2022' में खुलासा किया गया है कि 1970 के बाद से जीव व वनस्पति प्रजातियों की संख्या में औसतन 69 प्रतिशत की कमी आई है। ऐसे में आश्चर्य नहीं कि लोग वर्तमान समय में मानव प्रजाति व धरती के छठे महाविनाश के समय में रहने की बात कर रहे हैं। एलिजाबेथ कोलबर्ट ने 'सिक्स्थ एक्सटिंक्शन: एन अननेचुरल हिस्ट्री' में लिखा था, 'निकट अतीत में अत्यन्त विरल रूप से इस ग्रह पर इतना बड़ा परिवर्तन आया था जो जीवन की विविधता को आज भी भयानक रूप से कमजोर बना रहा है। ये प्राचीन महाविनाश इतने भयानक थे कि इनको अपनी अलग श्रेणी में रखा जा सकता है जिनको हिस्ट्री आफ बिग फाइव कहा जाता है। लेकिन यह आश्चर्यजनक संयोग है कि इन घटनाओं का इतिहास उस समय ठीक कर लिया गया, जब लोगों को लगा कि वे एक और विनाश की ओर बढ़ रहे हैं।' प्रोफेसर सितेले ने जिन नुकसानों का वर्णन किया है उनका कारण मनुष्यों द्वारा पूरी दुनिया तथा उसके परिवेश को अपना उपनिवेश समझना तथा उसके प्रति औपनिवेशिक शासकों जैसा व्यवहार है। प्राचीन औपनिवेशिक शासक अपनी इच्छानुसार शोषण और लूटमार करते हुए देशी निवासियों को दूसरे दर्जे का नागरिक या सबसे बुरी स्थिति में मनुष्यों से भी बदतर मानते थे।

श्वेत लोगों ने अश्वेत या गैर-श्वेत लोगों के साथ ऐसा ही व्यवहार किया। अपनी उल्लेखनीय रचना 'एनीमल लिबरेशन: अ न्यू इथिक्स फार अवर ट्रीटमेंट आफ एनीमल्स' में पीटर सिंगर ने लिखा था, 'मनुष्यों द्वारा गैर-मानव जीवों पर किया जाने वाला अत्याचार आज भी जारी है। इसकी तुलना उस भयानक कष्ट और उत्पीड़न से की जा सकती है जो श्वेत मनुष्यों ने अश्वेत मनुष्यों के साथ किया था। गैर-मानव प्रजातियों से किए जाने वाले इस अत्याचार के खिलाफ संघर्ष उतना ही जरूरी है जितना किसी नैतिक व सामाजिक मुद्दे पर अब तक हालिया वर्षों में हुआ है।' सिंगर ने लिखा है कि यह 'स्पीसिज्म' नामक विचार का परिणाम है। इस शब्द का प्रयोग सबसे पहले रिचर्ड डी. राइडर ने एक पैंफलेट 'स्पीसिज्म इन 1970' में किया था। इस शब्द का अर्थ ऐसी सोच से है जो होमो सेपियन्स या मनुष्यों की श्रेणी में पाई जाती है। यह सोच एक प्रकार के विकृत आलोचनात्मक दृष्टिकोण से पैदा हुई है जो स्वयं को ऐसा नैतिकता-आधारित संरक्षण प्रदान करती है जो अन्य जीव प्रजातियों के लिए उपलब्ध नहीं है। सिंगर ने विस्तृत विवरण देते हुए कहा कि इस शब्द का अर्थ 'अपनी प्रजाति के प्रति पूर्वाग्रह वाला दृष्टिकोण है जो अन्य प्रजातियों के सदस्यों के खिलाफ है।' सिंगर के अनुसार, 'स्पीसिस्ट अपनी प्रजाति के हित को दूसरी प्रजातियों के हित से ऊपर मानता है।' वे यह भी कहते हैं कि 'अधिकांश मनुष्य स्पीसिस्ट हैं' और 'मनुष्यों की बहुत बड़ी संख्या ऐसे व्यवहारों की अनुमति देती है जो अपनी प्रजाति के सर्वोत्तम हितों के लिए अन्य प्रजातियों के बलिदान को उचित ठहराता हो ताकि अपनी प्रजाति के बहुत छोटे व मामूली हितों को भी आगे बढ़ाया जा सके।'

सिंगर बहुत गहराई से जानवरों के भयानक शोषण का विश्लेषण करते हैं जिसके चलते उनको भयानक कष्ट व पीड़ा का शिकार होना पड़ता है। मनुष्य अनेक जानवरों को फैक्ट्री की तरह संचालित फार्मों में केवल इसलिए पालते हैं कि विभिन्न उपयोगों के लिए उनका वध किया जाएगा। जीवित रहने के दौरान भी उनको अत्यधिक दयनीय स्थितियों में रखा जाता है, उनका लंबे समय तक बार-बार उत्पीड़न किया जाता है तथा उनको अनेक उत्पादों के लिए प्रयोग का केन्द्र बनाया जाता है। जीव-प्रजातियों पर भयानक प्रयोग करने के असंख्य उदाहरण हैं। सिंगर के अनुसार, 'प्रयोगों के नतीजों से हमें स्पष्ट रूप से पता चलता है कि प्रायोगिक मनोवैज्ञानिकों ने हमें वैज्ञानिक शब्दावली में यह दिखाने का प्रयास किया है कि वे सब कुछ जानते हैं। विडंबना है कि हम बिना कोई विचार किए बहुत सरल रूप से उन पर व उनके प्रयोगों पर विश्वास कर लेते हैं।' वे सवाल उठाते हैं कि 'क्या सैकड़ों जानवरों को इसलिए भयानक पीड़ा सहन करने की अनुमति दी जानी चाहिए कि एक नए किस्म की लिपस्टिक या माउथवाश बाजार में पेश किया जा सके?' गैर-मानव प्रजातियों के प्रति स्पीसिस्ट का दृष्टिकोण अंततः उनके विनाश का कारण बनता है। सड़कों, रेलवे लाइनों, मानव बस्तियों तथा औद्योगिक अवस्थापनाओं के निर्माण से गैर-मानव प्रजातियों का पर्यावास नष्ट किया जाता है। उनके पर्यावासों पर कब्जे के कारण मनुष्य उनके ज्यादा निकट संपर्क में आते हैं, जिससे मानव-जानवर टकराव बढ़ते हैं। इस टकराव का नतीजा भी गैर-मानव प्रजातियों की विलुप्ति के रूप में सामने आता है।

जीव-जन्तु हमारी परिस्थितिकी सहायक व्यवस्था का जीवन्त हिस्सा हैं जो मानव अस्तित्व को बनाए रखती है। ऐसे में गैर-मानव प्रजातियों के विनाश से मानव प्रजाति के विनाश की आशंका भी पैदा होती है। यह विचार सरलता से न स्वीकार करने वाले लोगों को याद रखना चाहिए कि डेस्मंड मोरिस ने अपनी रचना 'द नेकेड एप: अ जूलोजिस्ट स्टडी आफ ह्यूमन एनीमल' में क्या लिखा है। इस रचना में डेस्मंड मोरिस ने सतर्क करते हुए कहा है, 'हम एक आश्चर्यजनक लापरवाही के शिकार हैं कि ऐसा, यानी मानव प्रजाति का विलुप्तीकरण, कभी नहीं होगा। हमारे बारे में कुछ खास है तथा हम जीववैज्ञानिक नियंत्रण से ऊपर हैं। लेकिन यह विचार गलत है और हमारे साथ ऐसा नहीं है। अतीत में अनेक प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं और मानव प्रजाति भी, यानी हम इसका कोई अपवाद नहीं हैं।'

# हुगली नदी के किनारे और बदलता समय

"ऐतिहासिक हुगली जलमार्ग से परे परिवहन प्रणालियों के प्रसार के साथ घाटों के महत्व में लगातार गिरावट आई है।"

**रैना घोष**
(लेखक एक स्तम्भकार हैं)

हुगली नदी शाही इतिहास का एक संग्रह है, जो श्रम, आजीविका और राजनीति की क्षेत्रीय कहानियों में उलझा हुआ है। बंगाल डेल्टा के ऊपर की ओर एक कीचड़, जलीय भूभाग, हुगली, मुख्य चैनल था जिसके माध्यम से गंगा 17 वीं शताब्दी तक बंगाल की खाड़ी में बहती थी, जिसके बाद पाठ्यक्रम काफी पूर्व की ओर स्थानांतरित हो गया।

इसे भागीरथी-हुगली केनाम से भी जाना जाता है, एक ऐसा नाम जो मिथक और विज्ञान के इस सूक्ष्म जगत का उपयुक्त प्रतिबिंब है। पहला भाग गंगा को स्वर्ग से लाने के राजा भगीरथ के प्रयासों केमिथक को स्वीकार करता है। दूसरा आधा हिस्सा होगला नामक नरकट का संदर्भ है जो इस ज्वारीय बेसिन के साथ व्यापक रूप से विकसित होता है।

नदी शक्तिशाली गंगा की सबसे पूर्वी और प्राथमिक वितरिका बनाती है। इसने एक बार ताम्रलिप्टा (वर्तमान तमलुक) और सतगांव (या सप्तग्राम) के मध्ययुगीन बंदरगाहों और बाद में बंदेल, चंदननगर, सेरामपुर, रिशरा और अंतिम लेकिन कम से कम, कलकत्ता की औपनिवेशिक बस्तियों का पोषण किया। यद्यपि इसका अधिकांश 260 किमी (मुर्शिदाबाद केपास गिरिया से शुरू) ग्रामीण रारह बंगाल तक फैला है, नदी ने आधुनिक शहरी स्थलों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने देश केपहले महानगरीय शहरों में से एक --- वर्तमान कोलकाता केविकास में योगदान दिया है।

मेरा फील्डवर्क हुगली के साथ घाट रिक्त स्थान पर केंद्रित है। यह अध्ययन करने केलिए कि कैसे घाट अद्वितीय नदी-शहर संबंधों को दर्शाते हैं, मैं 2014 में जेमी लिंटन और जेसिका बड्स केकाम के आधार पर जल-सामाजिक संबंधों के



ढांचे का अनुसरण करता हूं। दोनों विद्वानों ने जल-समाज संबंधों की उलझी हुई प्रकृति की पड़ताल करने वाले जल-सामाजिक चक्र ढांचे का प्रस्ताव रखा।

पानी के किनारे पर रोज़मर्रा की व्यस्तता के विभिन्न रूपों को पकड़ने के लिए, मैं बैरकपुर (कोलकाता केउत्तर) और बज बज (कोलकाता के दक्षिण) के बीच घाटों के साथ चला। मैंने व्यस्त और शांत दोनों समय में लोगों की दैनिक प्रथाओं का दस्तावेजीकरण किया। इस किनारे केतीन पहलू अद्वितीय हैं - नदी की गाद का उपयोग करकेईंट उत्पादन केआसपास की निकासी अर्थव्यवस्था (बटानगर-बज बज खंड में), घाटों के आसपास वाणिज्य, कर्मकांडी वस्तुओं की बिक्री (सोवाबाजार और नीमतला घाट पर), और एशिया के सबसे बड़े थोक फूल बाजार (मलिक घाट, हावड़ा में) में फूल, और उत्तर से दक्षिण के विभिन्न घाटों में विभिन्न प्रकार के अवकाश। इस प्रकार समुदायों में ईंट भट्ठा श्रमिक, फूल विक्रेता, पुजारी, फेरी सेवा चलाने वाले पुरुष और थोक बाजार में लोडर शामिल हैं - ज्यादातर निचली जातियों और गैर-देशी समुदायों के श्रमिक वर्ग के पुरुषों और महिलाओं का एक निर्वाचन क्षेत्र।

मेरे क्षेत्र अभ्यास के दौरान, दो चीजें मेरे लिए स्पष्ट हो गईं : एक नदी के सक्रिय शहरी किनारे की विशिष्ट प्रकृति थी जिसमें 'नगर-निर्माता' भी शामिल थे। शहर केनिर्माता अपने श्रम के माध्यम से शहर के रोजमर्रा के संचालन में मदद करते हैं।

दूसरे, घाटों को शहर के सामने के रूप में या इसकेसड़ते हुए पिछवाड़े केरूप में पेश करने केबीच एक स्पष्ट झगड़ा था। शहर के विकास और ऐतिहासिक हुगली जलमार्ग से परे परिवहन प्रणालियों के प्रसार के साथ घाटों के महत्व में लगातार गिरावट आई है। घाटों को पुनर्जीवित करने केसरकारी कार्यक्रमों में पूंजी-गहन उपाय शामिल हैं जो नदी, शहर और उसमें उलझे लोगों की आजीविका के बीच मौजूदा अंत:क्रियाओं को मिटाने की धमकी देते हैं। दुर्भाग्य से, यह रोजमर्रा की जिंदगी के खामोश क्षय के साथ है जो आज भी कायम है। इस क्षेत्र अभ्यास के माध्यम से, मैं नदी के किनारों को भूमि और पानी के बीच गैर-द्विआधारी फ्रिंज के रूप में पुनर्विचार करने की आवश्यकता के बारे में आश्वस्त था, जो लोगों के प्रवाह और प्रवाह और उनकी दैनिक गतिविधियों की अल्पकालिकता को स्वीकार करता है। हमें घाटों की सूक्ष्म वास्तविकताओं को अनिवार्य रूप से जाति, वर्ग और लिंग केचौराहे पर स्थित कार्यक्षेत्र के रूप में समझने की आवश्यकता है।

इसलिए, जब तक हम नदियों से परे, कई स्थानों और पैमानों पर नज़र नहीं डालते, जिन्हें वे पोषित करते हैं, हमारी योजनाएं सीमित, दोषपूर्ण और केवल बाधित परिदृश्यों तक सीमित रहेंगी।

## आप की बात

### अखबार सबसे भरोसेमंद

**हर** घर में टेलीविजन और हाथ में मोबाइल होने के बावजूद अखबार लोगों के बीच सूचनाओं के सबसे भरोसेमंद स्रोत बने हुए हैं। हालांकि, लोगों तक समाचार पहुंचाने के मामले में टेलीविजन का दबदबा कायम है. सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस) की लोक नीति कार्यक्रम द्वारा कराए गए देशव्यापी सर्वेक्षण में यह जानकारी सामने आई है। जर्मनी की एक राजनीतिक दल फाउंडेशन कोनराड सेडेयार स्टिफटंग (केएएस) के साथ मिलकर कराए गए सर्वेक्षण में परंपरिक और न्यू मीडिया पर फोकस किया गया था। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र और केरल समेत 19 राज्यों में 15 साल और उससे अधिक उम्र के 7,463 लोगों के बीच यह सर्वेक्षण कराया गया। ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के बीच कराए गए सर्वेक्षण में यह जानकारी सामने आई कि पिछले 3 साल में देश में स्मार्टफोन, इंटरनेट और इंटरनेट मीडिया का उपयोग करने वालों की संख्या तेजी से बढ़ी है। 10 में से नौ इंटरनेट यूजर इंटरनेट मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफार्म का उपयोग करते हैं। तीन चौथाई इंटरनेट उपयोगकर्ताओं द्वारा सर्च इंजन का इस्तेमाल किया जाता है।

- **सदन जी**, पटना

### डेंगू पर नियंत्रण

**उप्र** के मुख्यमंत्री योगी ने आवास पर डेंगू के बढ़ते मामलों को देखकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को डेंगू नियंत्रण के लिये फील्ड पर चिकित्सको को जानेका निर्देश दिया। मिशन मोड पर दवाओं और चिकित्सको की उपलब्धता सुनिश्चित करने और बचाव के लिये साफ सफाई नगर निगम व स्थानीय निकाय एन्टी लार्वा का छिड़काव और फागिग करने का आदेश दिया। अधिकारियों को बेहतर ढंग से निगरानी करने और लापरवाही मिलने पर सख्त कार्यवाही करने की चेतावनी दिया। अस्पतालों में आने वाले मरीजों के लिये बेड और चिकित्सकों एवम स्वास्थ्य कर्मियों की कमी होने पर भर्ती करने की बात कही। लेकिन योगी जी को ध्यान देना होगा। समय से चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति अस्पतालों में हो। मरीजों के साथ सहृदयतापूर्वक व्यवहार अस्पतालों में मरीजों के साथ हो। उन्हें केवल दवा लिखकर पर्चा न थमाया जाए। जो सबसे बड़ी कमी है। हमारे अधिकारी गण मुख्यमंत्री की अपेक्षा के अनुकूल कार्य नही कर रहे हैं। जिसके कारण समय से उपस्थिति प्रतिदिन नही होती। कुछ चिकित्सक मात्र सप्ताह में दो दिन आते हैं।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### अतिक्रमणकारियों के हौसले

**मध्य** प्रदेश के कई जिलों में अन्य जिलो के अतिक्रमण कारी जंगलों को काट कर कृषि योग्य भूमि में परिवर्तित कर वहां अवैध रूप से कृषि कार्य कर रहे हैं। अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद है कि वन विभाग, प्रशासन एवं पुलिस का अमला उनके समक्ष बौना नजर आता है। कई बार प्रशासनिक टीम पर हमला भी हो चुका है जिसमें कर्मचारी एवं अधिकारी घायल हुए हैं। वन अमले एवं पुलिस के पास हथियार होते हुए भी उन्हें अतिक्रमणकारियों को खदेड़ने एवं आत्म सुरक्षा हेतु हथियार का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं होती है। इस स्थिति का लाभ उठाकर अतिक्रमण कारी तेजी से जंगलों का विनाश कर रहे हैं। कुछ स्थानीय लोगों का सपोर्ट भी उन्हें प्राप्त है। एक तरफ सरकार एवं सामाजिक संस्थाएं जहां वृक्षारोपण को प्रोत्साहित कर रही हैं वहीं दूसरी ओर जंगलों की अवैध कटाई पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचा रही है। वनों की अवैध कटाई के कारण वन्य प्राणी रहवासी इलाकों में भी आ रहे हैं। प्रशासन की टीम समय-समय पर कार्यवाही नाकाफी सिद्ध हो रही है।

- **ललित महालकरी**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**प्रदूषण** पूरे उत्तर भारत की समस्या है। एक्यूआई लगभग सभी जगह समान है। क्या दिल्ली व पंजाब पूरे देश में प्रदूषण फैलाते हैं?

- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**मेरा** तथा यूक्रेन का दृष्टिकोण समान है कि यदि रूस जी-20 में भाग लेता है तो यूक्रेन उसमें हिस्सा नहीं लेगा।

- **वोलोदिमिर जेलेन्स्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति



**यदि** चीन ने भारत की भूमि पर कब्जा नहीं किया तो संतोष बाबू शहीद कैसे हुए?

- **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# जीत जनता के विश्वास का नजीताः भूपेन्द्र चौधरी

**गोला गोकर्णनाथ उपचुनाव**

## ● भाजपा मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं ने जीत का मनाया जश्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने गोला गोकर्णनाथ विधानसभा के उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी अमन गिरी को प्रचण्ड बहुमत से विजयी बनाने के लिए, गोला गोकर्णनाथ विधानसभा की जनता का आभार व्यक्त किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में विधान चुनाव के बाद गोला गोकर्णनाथ के उपचुनाव में पार्टी की जीत का संदेश साफ है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा किये जा रहे लोककल्याण के कार्यों के कारण जनता का विश्वास और भरोसा भाजपा पर लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने चुनाव में लगे पार्टी कार्यकर्ताओं का भी कोटि-कोटि अभिनंदन करते हुए कहा कि उनके परिश्रम से पार्टी की जीत की राह आसान हुई।

गोला उपचुनाव में पार्टी की जीत के बाद भाजपा के राज्य मुख्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्म पाल सिंह की उपस्थिति में पार्टी कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ो के बीच आतिशबाजी की और एक दूसरे का मुंह मीठा कर जीत की बधाई दी। पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्म पाल सिंह ने गोला उपचुनाव में भाजपा की जीत के लिए जनता जनार्दन व पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

मेरठ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने गोला गोकर्णनाथ विधानसभा उपचुनाव में पार्टी को मिली जीत के लिए जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा का संगठन और सरकार दोनों की ही प्राथमिकता में जनता की सेवा करना है। जहां भाजपा सरकार गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाओं और समाज के हर वर्ग और तबके के लोगों के हितों को ध्यान में रखकर लोककल्याण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। वहीं भाजपा कार्यकर्ता भी जनता के बीच रहकर सेवा व रचनात्मक कार्यों के माध्यम से जनता की सेवा करने के साथ साथ जनता के सुख, दुख के भागीदार बनते हैं। जनता का विश्वास मोदी-योगी में बढ़ा है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों के सराहना चारो ओर हो रही है। उन्होंने सपा-बसपा का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्व की सरकारों में अपराध और भ्रष्टाचार को संरक्षण मिलता था। मगर अब योगी सरकार में भय मुक्त और उत्तम उत्तर प्रदेश का निर्माण हो रहा है।





## चुनाव में कदम-कदम पर धांधली हुईः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ विधानसभा उपचुनाव में सरकार ने लोकतंत्र को पराजित किया है। मतदाताओं ने 90 हजार से ज्यादा वोट समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को देकर भाजपा को चुनौती दी है। इस चुनाव में लोकतंत्र की मर्यादाएं तार-तार हुई है। भाजपा ने चुनाव जीत लेने का दावा मतदान का परिणाम आने से पहले किया था। भाजपा के पक्ष में चुनाव में जोर जबर्दस्ती वोट बटोरे गए। श्री यादव ने कहा कि गोला गोकर्णनाथ चुनाव में कदम-कदम पर धांधली हुई। समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं को तरह-तरह से प्रताड़ित किया गया। पुलिस ने समाजवादी समर्थकों को घरों से उठाकर भयभीत किया। प्रशासन तंत्र ने भाजपा कार्यकर्ता के रूप में काम किया। अखिलेश यादव ने कहा यह बात तो मतदान के दिन ही स्पष्ट हो गई थी कि भाजपा राज में कहीं भी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं। मतदाताओं को स्वतंत्र रूप से भाजपा काम ही नहीं करने देती है। मतदान के दिन पुलिस लाठीचार्ज, पोलिंग एजेन्ट को भगा देने, खासकर मुस्लिमों, समाजवादी पार्टी के समर्थकों तथा बूथ प्रभारियों को प्रताड़ित करने, मतदाताओं में पैसे बांटने जैसी घटनाओं से साफ था कि भाजपा बौखलाहट में जीत के लिए कुछ भी करेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा को सिर्फ सत्ता चाहिए। छल-बल, झूठ-फरेब हर हथकंडा वह इसके लिए अपनाती है। आखिर क्यों नहीं निर्वाचन आयोग चुनावों में पारदर्शिता बनाए रखने और निष्पक्षता बरतने में सफल नहीं हो सकाघ् यह स्थिति लोकतंत्र के लिए खतरे का संकेत है। भाजपा सभी नैतिक मूल्यों, आदर्शों की हत्या कर लोकतंत्र को भी दागदार बनाने पर तुल गई है। अब मतदाताओं को पूरी मुस्तैदी से होने वाले आगामी चुनावों में लोकतंत्र को बचाने का पूरी ताकत से संघर्ष करना ही होगा।

एक प्रश्न के उत्तर में गोला उपचुनाव में भाजपा की जीत पर विपक्षी दलों द्वारा की गई बयान बाजी पर बोलते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता दिन-रात जनता के बीच में रहते है, विपक्ष की तरह नहीं चुनाव होते ही घर बैठ जाते है। उन्होंने विपक्षी नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग सिर्फ ट्विटर पर बयान जारी करते है। उन्होंने कहा कि भाजपा अब सभी वर्गों की पार्टी है। पार्टी कार्यालय पर जीत के बाद हुए कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, अनूप गुप्ता, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, प्रदेश सहमुख्यालय प्रभारी चौधरी लक्ष्मण सिंह, अतुल अवस्थी, महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सभी निकाय डेडिकेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर स्थापित करेंः शर्मा

## ● नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने संचारी रोगों व डेंगू को लेकर दिए अहम निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शहरों में मच्छर जनित बीमारियों, डेंगू के बढ़ते मामलों एवं संचारी रोग को देखते हुए सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों के साथ आज वीडियो कांफ्रेंसिंग कर निर्देशित किया कि सभी निकाय नागरिकों को राहत देने के लिए तथा जनता की शिकायतों का समाधान करने के लिए अपने अपने मुख्यालय में डेडिकेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर शीघ्र स्थापित करें और स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर डेंगू, मलेरिया के मरीजों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाएं तथा गंभीर मरीजों को स्वयं जाकर नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराएं और नियमित रूप से मरीजों का हालचाल जानने का प्रयास करें। घर में भी को मरीज इलाज करा रहे हैं, उनसे भी संपर्क बनाए रखें। उन्होंने कहा कि शहरों में परिस्थितियां गंभीर न होने पाए तुरंत इसका समाधान निकालें। मॉनिटरिंग की कोविड जैसी व्यवस्था होनी चाहिए।

उन्होंने साफ-सफाई और बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने को कहा। उन्होंने डेंगू, मलेरिया बुखार को फैलने से रोकने के लिए लगातार फागिंग करने,एंटी लार्वा का छिड़काव, जला मोबाइल का प्रयोग करने तथा जलभराव वाले स्थानों एवं नाले नालियों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों की परेशानियों को देखते हुए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को छुट्टियों में भी कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रयागराज, अयोध्या एवं गोरखपुर में परिस्थितियों को नियंत्रित करने के लिए निदेशक स्थानीय निकाय नेहा शर्मा को भी निर्देश दिए कि वहां पर जो भी आवश्यक हो, उन संसाधनों का प्रयोग तत्काल किया जाए। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने सभी नगर निगमों के नगर आयुक्तों, नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों, निदेशक नगरी निकाय नेहा शर्मा से वर्चुअल संवाद कर नगर सेवा पखवाड़ा अभियान को युद्धस्तर पर चलाने एवं संचारी रोग, मच्छर जनित बीमारियों डेंगू, चिकनगुनिया, सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने आज अपने 14 कालिदास आवास में प्रदेश की सभी 763 नगरीय निकायों के अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए हाईटेक व्यवस्था पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी निकाय अधिकारी छोटी बड़ी सभी प्रकार की मशीनों का प्रयोग कर शीघ्र ही लोगों को डेंगू, चिकनगुनिया व संचारी रोग से मुक्ति दिलाएं। कहा कि नियमित रूप से ऐसे क्षेत्रों की जांच करते रहें, जहां कहीं पर भी इसकी संभावना हो, वहां तत्काल फागिंग कराएं, एंटी लार्वा का छिड़काव कराएं, उन्होंने कहा कि सफाई नियमित रूप से कराई जाए, कहीं पर भी कूड़ा नहीं दिखना चाहिए, नाले नालियों की सफाई कराई जाए, जलभराव वाले स्थानों पर दवा का छिड़काव करें और जल निकासी का भी प्रबंध कराएं। श्री शर्मा ने अलीगढ़, कानपुर एवं लखनऊ के नगर आयुक्तों को सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ वर्तमान परिस्थितियों से युद्ध स्तर पर निबटने को कहा। उन्होंने टोल फ्री नंबर 1533 की व्यवस्था को पूर्ण रूप से संचालित करने तथा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और नियमित रूप से कूड़ा उठा उठान पर बल देने को कहा। उन्होंने कहा कि अयोध्या, प्रयागराज, मथुरा, वृंदावन, वाराणसी, तथा चित्रकूट एवं अन्य महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों पर डेंगू के रोगियों एवं इसके फैलाव पर विशेष सावधानी बरतें क्योंकि यहां पर तीर्थ यात्रियों का एवं बाहरी लोगों का आना जाना होता रहता है।

# भाजपा सरकार चंद पूंजीपतियों के पक्ष में काम कर रहीः कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा की सरकार में बेरोजगारी के अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिया। 45 वर्ष में जितनी बेरोजगारी नहीं बढ़ी, वह बेरोजगारी योगी सरकार में कई गुना बढ़ गई। क्योंकि भाजपा सरकार किसान तथा मजदूरों की विरोधी और चंद पूंजीपतियों के पक्ष में सरकार काम कर रही। सरकार की गलत नीतियों के कारण रोजी रोटी के लिये भटक रहे असंगठित मजदूर, किसान और युवा में काफी हताशा का माहौल हैं। भाजपा की धर्म जाति और नफ़रत बंटवारे वाली राजनीति ने सरकार को असल मुद्दों से विमुख कर रखा है।

कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि देश प्रदेश में दोबारा सत्ता पाने के बाद इसी विघटनकारी राजनीति से बीजेपी अब 2024 में पुनः केंद्र में तीसरी बार सरकार बनाने का सपना देख रही है। जो कांग्रेस पार्टी की विकासपरक सोच ओर मुद्दा आधारित राजनीति के आगे अब असंभव है।भारत जोड़ो यात्रा अभियान के तहत देशभर के करोड़ो युवा महिलाएं बच्चे राहुल गांधी से प्रभावित होकर अब कांग्रेस पार्टी की नीतियों जुड़ गए हैं। अब लड़ाई आसान नहीं हैं। क्योंकि वर्तमान राजनीति विकासपरक, मुद्दापरक और बेरोजगारी, महंगाई के खिलाफ है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट में 4.68 लाख करोड़ के एमओयू साइन होने का सरकारी प्रचार और उससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डालर की ओर अग्रसर करने वाला मुख्यमंत्री योगी का दावा महज मीडिया हेडलाइन ही साबित हुआ। लखनऊ में डिफेंस एक्सपो का आयोजन के जरिये यूपी में कई हजार करोड़ के निवेश की उम्मीद दिखाकर मुख्यमंत्री ने यहां भी लोगों को केवल दिवास्वप्न ही दिखाया है, जो अभी तक झूठ ही साबित हुआ है। इन्वेस्टर्स समिट के नाम पर प्रदेश की गरीब जनता की गाढ़ी कमाई के अरबों रूपये पानी की तरह बहाकर दो तीन बड़े आयोजन किये गये मगर आज तक धरातल पर न तो कोई उद्योग लगा और न ही किसी को कोई रोजगार मिला।

उन्होंने कहा कि यूपी की योगी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में ही सौ दिन के भीतर सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करने का लक्ष्य तय किया था। कुछ सड़कों के गड्ढे भरे भी गए लेकिन एक साल के भीतर स्थिति ये है कि जिन सड़कों के गड्ढे भरे गए थे उनमें फिर से और बड़े खतरनाक गड्ढे हो गए हैं।

# गंगा स्नान मेला को लेकर होगा 1890 अतिरिक्त बसों का संचालन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● परिवहन निगम ने श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए की विशेष व्यवस्था

**गंगा** स्नान मेला के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए परिवहन निगम ने अतिरिक्त 1890 बसें चलाने का निर्णय लिया है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि स्नान का मुख्य पर्व आठ नवंबर को मनाया जाएगा। इससे दृष्टिगत श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए छह से आठ नवंबर तक अतिरिक्त बसें चलेंगी।

संजय कुमार ने बताया कि प्रदेशवासियों की सुविधा के लिए जिलेवार मुख्य शहरों अयोध्या से 120 बसों, चित्रकूट से 100, देवीपाटन से 125, लखनऊ से 60, बरेली से 100, कानपुर से 107, हरदोई से 110, गाजियाबाद से 200, सहारनपुर से 120, इटावा से 60, वाराणसी से 145, गोरखपुर से 80, आजमगढ़ से 80 और अलीगढ़ से 92 बसें चलेंगी। उन्होंने बताया कि परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह के निर्देशानुसार प्रदेशवासियों को गंगा दशहरा पर्व पर बसों की बेहतर सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। संजय कुमार के निर्देश पर परिवहन निगम मुख्यालय में 24 घंटे कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कण्ट्रोल रूम का नंबर 0522-2629857 है। उन्होंने बताया कि मुख्यालय अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। उक्त नंबर पर फोन करके किसी भी समय यथोचित जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं। गाजियाबाद क्षेत्र ने बटेश्वर मे अस्थाई कैम्प कार्यालय स्थापित किया है।



राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से पैरा ओलम्पियन गोल्ड मेडलिस्ट दीपा मलिक ने की शिष्टाचार भेंट।

## ई-रिक्शा की टक्कर से घायल वृद्धा की ट्रामा सेन्टर में मौत

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के कल्ली पश्चिम रायबरेली रोड पर बाजार आई महिला को बिना नम्बर की ई रिक्शा चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए टक्कर मार दी और भाग निकला। टक्कर में घायल महिला को स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने ट्रामा सेन्टर पहुंचाया जहां उपचार के दौरान शनिवार देर रात उसकी मौत हो गई। मृतका के भतीजे की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अशोक सिंह कटे भीठ, कल्ली पश्चिम रायबरेली रोड लखनऊ में परिवार के साथ रहते हैं और कल्ली पेट्रोल पम्प पर कार्य करते हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 3 नवंबर को समय करीब शाम पांच बजे अशोक सिंह की बुआ रेशमा देवी 65 वर्ष, कल्ली चौराहे की तरफ से सब्जी मण्डी की ओर जा रही थीं कि ओमेक्स सिटी मोड़ पर एक सफेद रंग की बिना नम्बर के बैट्री रिक्शा के अज्ञात चालक द्वारा टक्कर मार दी थी जिससे रेशमा देवी के सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आयीं जिन्हें गंभीर रूप से घायल अवस्था में इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती किया गया था।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेले में 4734 लोगों को मिला परामर्श

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जनपद** के सभी नगरीय व ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य मेले में ओपीडी की सेवाओं के साथ ही फाइलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी, मलेरिया, डेंगू एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और रेफर की सुविधाएँ प्रदान की गयीं। मेले के दौरान 4734 लोगों ने लिया चिकित्सकीय लाभ लिया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनोज अग्रवाल ने बताया कि यदि लोगों को बुखार आए तो स्वयं कोई इलाज न करें। पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जांच और इलाज कराएं। स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच और इलाज निःशुल्क उपलब्ध है। सभी को कोविड का टीका लगवाने, कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के साथ मास्क लगाएं, 2 गज की शारीरिक दूरी का पालन करें और बार-बार अपने हाथ साबुन और पानी से धोते रहें। आरोग्य मेले में गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया व निमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार की जानकारी और सुविधाएँ दी जा रही हैं। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान की जानकारी देने के साथ ही आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जा रहा है। आरोग्य मेले के नोडल अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जनपद के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेले का कुल 4734 लोगों ने लाभ उठाया, जिनमें 1859 पुरुष, 2024 महिलायें और 851 बच्चे शामिल हैं। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के 94 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इसके साथ ही 48 लोगों ने कोविड एंटीजन टेस्ट कराया, सभी निगेटिव आए।एमवेडे के सहयोग से डेंगू से बचाव के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन सामान्य को जागरूक किया गया।



# राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 में सुधरी नवजात मृत्यु दर

## ● एनएफएचएस-4 के मुकाबले 5 में नवजात मृत्युदर में दर्ज की गयी दस फीसद की कमी

## ● नवजात शिशु सुरक्षा दिवस आज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नवजात** शिशु सुरक्षा को लेकर सरकार और स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयास रंग ला रहे हैं। इसकी झलक राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस)-5 वर्ष 2019-21 के आंकड़ों से स्पष्ट देखी जा सकती है। एनएफएचएस-5 के अनुसार सूबे की नवजात मृत्यु दर 35.7 है। जबकि एनएफएचएस-4 2015-16 के अनुसार यह आंकड़ा 45.1 था।

यूनिसेफ के अनुसार नवजात की मृत्यु के प्रमुख कारणों में से 35 फीसद समय से पूर्व प्रसव की वजह से, 33 फीसद संक्रमण की वजह से, 20 फीसद प्रसव के दौरान दम घुटने (बर्थ एसफिक्सिया) की वजह से और 9 फीसद जन्मजात विकृतियों की वजह से होती हैं।



डॉ. सलमान

नवजात शिशु स्वास्थ्य के राज्य स्तरीय प्रशिक्षक एवं वीरांगना अवन्ती बाई जिला महिला चिकित्सालय के बाल रोग विशेषज्ञ डा सलमान बताते हैं कि नवजात शिशु में खतरों के लक्षण की पहचान कर समय से चिकित्सीय जांच और इलाज कराकर किसी भी अनहोनी से बचाया जा सकता है। जीवन के पहले छह सप्ताह अर्थात 42 दिन शिशु के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं और इस दौरान उनको देखभाल और समुचित निगरानी की बहुत जरूरत होती है। इसी को ध्यान में रखकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा गृह आधारित नवजात देखभाल (एचबीएनसी) कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत आशा कार्यकर्ता बच्चे के जन्म के बाद 42 दिन के भीतर छह-सात बार गृह भ्रमण करती हैं। आशा कार्यकर्ता के पास एचबीएनसी किट होती है जिसमें वजन मशीन, डिजिटल थर्मामीटर, डिजिटल घड़ी और कंबल सहित कुछ दवाएं भी होती हैं।

काकोरी ब्लॉक के गाँव सलेमपुर पतौरा की आशा कार्यकर्ता ज्ञानवती बताती हैं कि एचबीएनसी कार्यक्रम के तहत संस्थागत प्रसव के मामले में तीसरे, 7वें, 14वें, 21वें, 28 वें और 42 वें दिन तथा घर में जन्म के मामले में उपरोक्त छह दिन के साथ पहले दिन भी बच्चे के घर का भ्रमण करते हैं।

# गोला में अमन का राज हुआ कायम

● उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने कायम रखी पिता का राजनैतिक विरासत

●सपा प्रत्याशी विनय तिवारी को 34298 मतों के भारी अंतर से हराया





संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**विधानसभा गोला** के उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अमन गिरि ने अपने पिता की राजनैतिक विरासत कायम रखी। चुनाव परिणाम में उन्होंने सपा के प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी विनय तिवारी को 34298 मतों से मात दी। विनय तिवारी को दो बार विस चुनाव में अमन के पिता स्तर अरविंद गिरी के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा था और इस बार उनके बेटे के सामने भी उन्हें हार ही नसीब हुई। अमन गिरि की जीत से भाजपाईयों में भारी खुशी है।

गौरतलब रहे कि विस चुनाव 2022 में लगातार दूसरी बार विजयी रहे विधायक अरविंद गिरि का हार्टअटैक से निधन हो गया था। जिसके बाद पार्टी ने भरोसा जताते हुए दिवंगत विधायक के बेटे अमन गिरि को उप चुनाव में टिकट दिया था।

अमन को जिताने के लिए पार्टी ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया था। मुख्यमंत्री से लेकर केंद्रीय मंत्रियों तक ने गोला में जनसभाएं कीं। वहीं शुरू से ही टक्कर में माने जा रहे सपा प्रत्याशी विनय तिवारी का चुनाव जिला बाडी पर ही निर्भर रहा।

कहने को मैदान में सात प्रत्याशी थे मगर ज्यादातर लोग शुरूआत से ही अमन की जीत के प्रति आश्वस्त थे। रविवार मतगणना का दिन था। सुबह से ही राजापुर मंडी के बाहर प्रत्याशियों के समर्थकों की भीड़ उमड़ने लगी। करीब आठ बजे से पोलिंग खुलनी शुरू हुई। पहला पोल खुलने से भाजपा प्रत्याशी अमन गिरि ने जो बढ़त बनाई वो आखिर तक जारी रही। पोलिंग दर पोलिंग यह अंतर बढ़ता ही रहा। अंतिम राउंड खुलने पर जीत का आंकड़ा सामने आया। मतगणना के आधार पर भाजपा प्रत्याशी अमन गिरि को कुल 124810 मत मिले। वहीं प्रतिद्वंदी सपा प्रत्याशी विनय तिवारी को 90512 मत ही हासिल हुए। इस तरह भाजपा प्रत्याशी ने सपा प्रत्याशी को 34298 मतों से करारी मात देकर जीत दर्ज की। अन्य प्रत्याशियों की तो जमानत तक जब्त हो गई। सर्वहारा विकास पार्टी के बलवीर कश्यप को महज 1753 मत मिले। वहीं चार निर्दलीय प्रत्याशियों में अमन भईया को 528, अरविंद कुमार को 344, प्रवेन्द्र प्रताप सिंह को 2709 और मंजू रावत को 925 मत हासिल हुए। 1771 लोगों ने नोटा को वोट किया। भाजपा प्रत्याशी की जीत पर पार्टी में जश्न का माहौल है।

# आठ साल के बेटे की सूझ-बूझ से समय पर पिता को मिला इलाज

संवाददाता। सीतापुर

**कहते है** मदद के लिए ईश्वर स्वयं नहीं आता किसी को भेज देता है कुछ ऐसा रविवार को रेउसा क्षेत्र के राजापुरकला गांव में देखने को मिला यहां एक मासूम ने अपने पिता की तबियत खराब देख इस कदर सर्तकता दिखाई जिससे उक्त पंक्तियां चरितार्थ हो गई। रेउसा क्षेत्र के राजापुर कला गांव में छोटे उम्र 50 वर्ष की अचानक तबीयत खराब हो गई छोटे के घर में एक 8 वर्षीय पुत्र राम विजय के अलावा कोई नहीं है। पिता की हालत बिगड़ती देख 8 वर्षीय मासूम ने एंबुलेंस को फोन किया और एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य में लाकर भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बता दें कि छोटे की पत्नी 3 साल पहले अपने पति व मासूम बेटे को छोड़कर चली गई थी। जिसके बाद पिता मजदूरी कर बेटे को पालपोस रहा है। रविवार की शाम अचानक ब्लड प्रेशर बढ़ने से पिता छोटे गिरकर बेहोश हो गया। बेटे राम विजय ने संयम बरतते हुए बुद्धिमानी का परिचय दिया और एंबुलेंस से पिता को रेउसा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया जिससे उसकी जान बचाई जा सकी।

## दमखम से निकाय चुनाव लड़ेगी कांग्रेस पार्टी

**सीतापुर।** निकाय चुनाव में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए कांग्रेस पार्टी ने गोटे बिछानी शुरू कर दी है। रविवार को कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे सीतापुर पहुंचे। उन्होंने पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कार्यकर्ताओ की समस्याएं भी सुनी और उन्हें समय पर निस्तारित करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने एक नए जोश का बिगुल फूंक कर आगामी निकाय चुनाव में भारी जीत का आश्वासन दिलाया। सीतापुर के दौरे को लेकर नकुल दुबे ने कहा कि सीतापुर के दौरे पर आकर वो काफी उत्साहित है और उन्हें 10 से अधिक जनपदों की जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसमे जाकर वो कार्यकर्ताओ में चुनाव को लेकर एक नया जोश भरेंगे और आगामी चुनावों में एक ऐतिहासिक जीत हॉसिल करेंगे।

# क्विक न्यूज

## लहरपुर कोतवाली इलाके में मगर मगरमच्छ दिखने से हड़कंप

**सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली इलाके के लहरपुर तंबौर मार्ग पर शारदा सहायक नहर में एक मगरमच्छ देखे जाने से हड़कंप मच गया। लोगों ने नहर में घूम रहे मगरमच्छ की वीडियो व फोटो लेकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बताते चलें कि शारदा सहायक नहर में जलस्तर कम होने की वजह से नदी से बहकर आए जल जंतु पानी में धूप सेकते तथा विचरण करते देखे जा रहे हैं। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी बृजेश पांडेय ने बताया कि जलीय जंतु है पानी में ही रहेगा किसी प्रकार कि हैरानी व खतरे वाली बात नहीं है वह जहां से भी आया है चला जाएगा।

## पत्रकार एकता संघ की मासिक बैठक में व्यक्त किया गया शोक

**सीतापुर।** सीतापुर पत्रकार एकता संघ की मासिक बैठक जायका वेज कॉर्नर रामकोट में हुई। मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश त्रिपाठी ,विशिष्ट अतिथि प्रदेश मंत्री अनिरुद्ध कुमार रहे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दाऊद खान ने की। पत्रकार अरुण शर्मा की असामयिक मौत पर षोक व्यक्त किया गया। मासिक बैठक मे जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार राव, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र जोशी, जिला मंत्री अरविंद कुमार, कोषाध्यक्ष दीनबंधु भारती, विशाल भारती, सचिव समीम अहमद, जिला सचिव चंदन कश्यप ,सौरभ मिश्रा, रजनी गौतम, अखिलेश कुमार गौतम, उमेश सिंह, खुशीराम मौर्य, आदर्श कुमार श्रीवास्तव, पंकज सिंह, जिला सह सचिव रजनीश कुमार, कश्यप, अजय कुमार यादव, देवेंद्र कुमार यादव, शिव प्रकाश सिंह, शुभकरण लाल, मुन्ना सिंह आदि मौजूद रहे।

## सड़क मरम्मत के नाम पर हो रही रस्म अदायगी

**सीतापुर।** सीतापुर में सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का अभियान सिर्फरस्म अदायगी बनकर रह गया है। बाढ़ प्रभावित रामपुर मथुरा क्षेत्र में सड़कों के गड्ढे भरने में डस्ट और गिट्टी मिक्स करने के बजाय सिर्फगिट्टी से ही काम चलाया जा रहा है। रामपुर मथुरा से चिकवनपुरवा तक गिट्टी के साथ डस्ट मिलाकर गड्ढे भरे गए है। ग्रामीण राजकुमार ने बताया कि 12 किमी लंबाई की सड़क अत्यंत जर्जर हो चुकी थी। सड़क की मरम्मत के नाम पर सिर्फखाना पूर्ति की जा रही है। ग्रामीण मेराज के अनुसार सड़क की गड्ढे में तब्दील पूरी सड़क को नई तरीके से बनना चाहिए था, मगर ठीक तरह से मरम्मत भी नहीं हो रही।

## संगीनों के साए में हो रही तीन दिवसीय बुद्ध कथा

**सीतापुर।** थाना कमलापुर क्षेत्र के ग्राम बेहड़ा में तीन दिवसीय बुद्ध कथा का शुभारंभ पीएसी एवं पुलिस बल के जवानों की मौजूदगी में हुआ। बताया जाता है कि पहले 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक भगवान बुद्ध की प्रथम पांच दिवसीय पावन बुद्ध ज्ञान चर्चा की तैयारी आयोजक मंडल ने की थी, लेकिन ग्रामीणों के विरोध पर कथा आयोजन टल गया था। बाद में सहमति बनी तो 6 नवंबर को तीन दिवसीय कथा की शुरूआत भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच फिर हुई। सीओ सिधौली यादवेन्द्र यादव ने बताया कि कथा आयोजन के लिए मौके पर एसओ संदना ओपी तिवारी, एसओ रामपुर कलां जितेन्द्र कुमार सिंह, एसओ कमलापुर राजकरन शर्मा, उपनिरीक्षक मो. खालिद, उमाकांत सविता सहित 12 अन्य उपनिरीक्षक और डेढ सेक्सन पीएसी बल के जवानों की तैनाती की गई है।

## एंबुलेंस में हुआ प्रसव, जच्चा बच्चा सुरक्षित

**खमरिया खीरी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही 108 एंबुलेंस निरंतर अपनी सेवा से आपातकालीन सेवा एवं गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशु को सुरक्षा प्रदान करती आ रही है। इसी क्रम में आज विकासखंड ईसानगर के ग्राम रसूलपुर निवासी प्रीति देवी पत्नी श्याम किशोर को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई। तो घर के परिजनों ने 108 कंट्रोल रूम फोन किया। कुछ मिनट बाद एंबुलेंस उनके घर पर पहुंच गई। और प्रसूता को लेकर जैसे ही अस्पताल के लिए निकली तो महिला को प्रसव पीड़ा तेज हो गई ।जिस पर एंबुलेंस की गाड़ी संख्या यूपी 32 बी जी 9615 के इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन लवकुश अवस्थी व पायलट समसुद्दीन ने बसढिया के निकट सड़क किनारे गाड़ी खड़ी कर अपनी सूझबूझ के चलते प्रसूता का सुरक्षित प्रसव कराया। जिसके उपरांत जच्चा-बच्चा को नजदीकी सीएचसी खमरिया में भर्ती कराया जहां उपस्थित चिकित्सक ने जच्चा-बच्चा दोनों को स्वस्थ बताया। लव-कुश अवस्थी द्वारा इस मामले की जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को दी गई तो उन्होंने प्रशंसा की।

# जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में कहा कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाए

**बरेली ।** जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी की अध्यक्षता में आज तहसील नवाबगंज सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 90 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर 01 शिकायत का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए लोगों की शिकायतों को एक-एक कर सुना और सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, पूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग की शिकायतें अधिक आई है जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये।सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता शकुन्तला देवी पत्नी जसवन्त ग्राम ईद जागीर ने बताया कि उन्होंने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई थी तो पता चला कि उनके पेट में कैंसर की गांठ है तथा वह अत्यंत गरीब है और अपना इलाज नहीं करा सकती हूँ। जिस पर जिलाधिकारी ने उपचार के लिए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी से उनका आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिये। एक अन्य शिकायतकर्ता रमेश चन्द्र पुत्र श्री नत्थू लाल निवासी बहोर नगला ने बताया कि उनका अन्त्योदय राशन कार्ड बंद हो गया है जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करते हुए राशन कार्ड बनवाने के निर्देश दिये। एक अन्य शिकायतकर्ता राजेश राठौर ग्राम दावी खेड़ा ने बताया कि उनके गांव से ग्यारह हजार वोल्टेज बिजली की लाइन गुजर रही है जिससे किसी भी समय अनहोनी की घटना का भय बना रहता है जिस पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। शिकायतकर्ता दमोदरदास ग्राम हरदुआ किफाय तुल्ला ने बताया कि हरदुआ में मुख्य मार्ग पर होली स्थल पर गोबर का प्लांट है बस्ती के लोग गोबर, कूड़ा, गन्दगी आदि चीजों को डालते हैं, जिससे गांव में गंदगी है, जिससे डेंगू, बुखार, मच्छर, कीड़े आदि उत्पन्न हो रहे हैं जिस पर जिलाधिकारी ने बी.डी.ओ. को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

# सीएमओ ने किया ओयल पीएचसी और जिला अस्पताल इमरजेंसी का निरीक्षण

● सीएम जन आरोग्य मेले की जमीनी हकीकत जानने के लिए सीएमओ और डॉ अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी पीएचसी ओयल पहुंचे

**लखीमपुर खीरी।** मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले सहित जिला चिकित्सालय ओयल इमरजेंसी सेवाओं का निरीक्षण सीएमओ डॉ अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने रविवार को किया। इस दौरान उन्होंने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले की जमीनी हकीकत जानने के लिए रविवार को सीएमओ और डॉ अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी पीएचसी ओयल पहुंचे, जहां पर मेला संचालित था। इस दौरान उन्होंने आ रहे मरीजों को मिल रही सेवाओं की जानकारी पीएचसी प्रभारी से की। उन्होंने टीकाकरण को लेकर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान आशाओं को आसपास के गांवों में जाकर मेले का व्यापक प्रचार करना चाहिए और मेले में दी जा रही सेवाओं के बारे में लोगों को जागरूक करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि गर्भवती माताओं बच्चों और कोविड टीकाकरण से छूटे हुए लाभार्थियों को भी मेले में बुलाकर टीकाकरण पूर्ण कराया जाना चाहिए। इसी के साथ उन्होंने दी जा रही औषधियों की भी जानकारी करी। जिसके बाद में जिला चिकित्सालय ओयल की इमरजेंसी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वहां पर मरीजों से बात कर मिल रही सेवाओं की जानकारी ली और डॉक्टरों को समस्त इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध रखने के निर्देश दिए हुए कहा कि इमरजेंसी सेवाओं में इस्तेमाल हो रही दबाव और इंजेक्शन ओं की आपूर्ति सुनिश्चित रखी जाए। जिससे किसी भी मरीज को किसी भी तरह की असुविधा ना हो। वहीं मरीजों से उन्होंने मिल रही सुविधाओं की जानकारी करी ?।

# एचबीएनसी कार्यक्रम के तहत नवजात शिशुओं की होगी समुचित देखभाल

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**नवजात सुरक्षा दिवस पर विशेष**

**शिशु** सुरक्षा को लेकर सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास रंग ला रहे हैं। इसकी झलक राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) वर्ष 2019-21 के आंक ?ों से स्पष्ट देखी जा सकती है। एनएफएचएस-5 के अनुसार सूबे की नवजात मृत्यु दर 35.7 है, जबकि एनएफएचएस-4 (2015-16)के अनुसार यह आंक ?ा 45.1 था। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी बताते हैं कि नवजात की मृत्यु के प्रमुख कारणों में से 35त्न समय से पूर्व प्रसव की वजह से, 33त्न संक्रमण की वजह से, 20त्न प्रसव के दौरान दम घुटना( बर्थ एसफिक्सिया) की वजह से, और 9त्न जन्मजात विकृतियाँ की वजह से होती हैं।

उन्होंने बताया कि नवजात शिशु में खतरों के लक्षण की पहचान कर समय से चिकित्सीय जांच और इलाज कराकर किसी भी अनहोनी से बचा जा सकता है जीवन के पहले छह सप्ताह अर्थात 42 दिन शिशु के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते है और इस दौरान उनको देखभाल और समुचित निगरानी की बहुत जरूरत होती है। इन्हीं को ध्यान में रखकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा गृह आधारित नवजात देखभाल (एचबीएनसी) कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत आशा कार्यकर्ता बच्चे के जन्म के बाद 42 दिन के भीतर छह/सात बार भ्रमण करती हैं। आशा कायकर्ता के पास एचबीएनसी किट होती है जिसमे वजन मशीन, डिजिटल थर्मामीटर और डिजिटल घ ?ी और कंबल सहित कुछ दवाएं भी जाती हैं। एचबीएनसी कार्यक्रम का उद्देश्य सभी नवजात को अनिवार्य नवजात शिशु देखभाल सुविधायेँ उपलब्ध कराना, समय पूर्व पैदा होने वाले और जन्म के समय कम वजन वाले बच्चों की शीघ्र पहचान कर उनकी देखभाल करना, नवजात शिशु की बीमारी का शीघ्र पता कर समुचित देखभाल एवं रे ?र करना, परिवार को आदर्श व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित एवं सहयोग करना तथा माँ के अंदर अपने नवजात शिशु के स्वास्थ्य की सुरक्षा करने का आत्मविश्वास एवं दक्षता का विकास करना है।कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ अश्विनी कुमार ने बताया कि प्रसव के बाद महिला को चिकित्सक की सलाह पर अस्पताल में 48 घंटे तक अवश्य रहना चाहिए ताकि प्रसूता और नवजात की समुचित जांच और इलाज हो सके। साथ ही नवजात का टीकाकरण भी अवश्य कराना चाहिए। इसके साथ ही जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत बीमार नवजात को नि:शुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध है। इस कार्यक्रम के तहत नवजात को उपचार( औषधि एवं कंज्यूमेबल्स), आवश्यक निदान, रक्त का प्रावधान, एम्बुलेंस की सुविधा, उच्च स्तरीय स्वास्थ्य केंद्र पर सन्दर्भन की स्थिति में, स्वास्थ्य केंद्र से उच्च स्तरीय स्वास्थ्य केंद्र तक जाने तथा वापिस घर तक आने के लिए नि:शुल्क परिवहन सुविधा सरकार द्वारा दी गई है।जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता लल्ला सिंह बताते हैं कि एचबीएनसी कार्यक्रम के तहत संस्थागत प्रसव के मामले में तीसरे, 7वें, 14वें, 21वें, 28 वें और 42 वें दिन तथा घर में जन्म के मामले में उपरोक्त छह दिन के साथ पहले दिन भी बच्चे के घर का भ्रमण करते हैं। इस दौरान बच्चे का वजन, बुखार, शरीर में दाने, शरीर में ऐंठन, झटके या दौरे आना, ठंडा बुखार या हाइपोथर्मिया, सुस्त रहना, सांस तेज या धीरे चलना, बच्चा दूध ठीक से पी रहा है या नहीं, जन्मजात विकृति आदि के बारे में जांच करते हैं और आवश्यकता प ?ने पर उसे स्वास्थ्य केंद्र लेकर जाते हैं। साथ ही इन खतरे के लक्षणों के बारे में माँ और परिवार के सदस्यों को भी बताते है ताकि वह भी खतरे के लक्षणों को पहचान सकें उन्हें नजरअंदाज न करें तथा आपातकालीन परिस्थितियों में आशा कार्यकर्ता या स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें। इसके अलावा परिवार के सदस्यों को हाथ धोने के सही तरीके के बारे में भी बताते हैं क्योंकि गंदे हाथों से नवजात को छूने और स्तनपान कराने से वह बीमार हो सकता है।

# श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

संवाददाता। बरेली



**नगर के एमबी** इंटर कॉलेज में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा का समापन हुआ भागवत कथा में चार वेद, पुराण, गीता एवं श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या, प्रभुपाद, पंडित महाराज के मुखारवृंद से उपस्थित भक्तों ने श्रवण किया।

विगत सात दिनों तक भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के सातवें एवं अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण के सर्वोपरी लीला श्री रास लीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंसबध, कुबजा उद्धार, रुक्मणी विवाह, शिशुपाल वध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। इस दौरान भजन गायन ने उपस्थित लोगों को ताल एवं धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया। पंडित जी ने सुंदर समाज निर्माण के लिए गीता से कई उपदेश के माध्यम अपने को उस अनुरूप आचरण करने कहा जो काम प्रेम के माध्यम से संभव है, वह हिंसा से संभव नहीं हो सकता है। समाज में कुछ लोग ही अच्छे कर्मों द्वारा सदैव चिर स्मरणीय होता है, इतिहास इसका साक्षी है। भक्तों ने हर दिन इस संगीतमयी भागवत कथा का आनंद उठाया। इस सात दिवसीय भागवत कथा में आस-पास मोहल्लों के अलावा दूर दराज से काफी संख्या में महिला-पुरूष भक्तों ने इस कथा का आनंद उठाया। सात दिनों तक इस कथा में पुरा वातावरण भक्तिमय रहा। प्रवचन के बाद कमेटी के द्वारा उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।समापन के पश्चात भागवत में पधारे विभिन्न प्रांतों से आए संतों का सम्मान एवं उनका आभार व्यक्त किया गया..सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया की विश्व जनकल्याण की भावना एवं सनातन प्रचार प्रसार हेतु सनातन आयोग का भारत सरकार गठन करें ,जिसके लिए शीघ्र ही एक राजनीतिक पार्टी का गठन किया जाएगा और केंद्र सरकार से सनातन संस्कृति आयोग बनाने की मांग की जाएगी.संतों का सम्मान एवं आभार करने वालों में पूर्व पार्षद महेश पंडित ,समाज सेवा मंच के अध्यक्ष नदीम शमसी , डॉ विनोद पागरानी, पत्रकार मिलन शर्मा, योगेश जोहरी ,महेंद्र पाल, पंडित अवधेश शर्मा, पंडित कपिल बिहारीलाल महाराज ,ममता पंडित, विशालता भारद्वाज ,दिव्या भारद्वाज ,रुचि पंडित, श्रेयांश पंडित ,आदि शामिल रहे।

# पेज एक का शेष

## भाजपा को...

इस्तीफा दिया था। आदमपुर सीट पर 1968 से भजनलाल परिवार का कब्जा रहा है। इस सीट से भजनलाल नौ बार और उनकी पत्नी जस्मा देवी एक बार तथा उनके बेटे कुलदीप चार बार विधायक रहे हैं। उपचुनाव में यह एकमात्र सीट थी, जहां कांग्रेस विजेता दल के उम्मीदवार को टक्कर देती नजर आई। पार्टी ने आदमपुर (हरियाणा) और मुनूगोड़े (तेलंगाना) सीट गंवा दी, जहां इसके विधायकों ने इस्तीफा दे दिया था और वे भाजपा में शामिल हो गए थे। बिहार में, मोकामा विधानसभा सीट पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की जीत का अंतर घट गया और यह पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद के गृह जिले (गोपालगंज) में गोपालगंज सीट पर जीत हासिल नहीं कर सकी। इस सीट पर भाजपा ने अपना कब्जा बरकरार रखा है। यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नीत महागठबंधन (राजद-जदूय-कांग्रेस) सरकार की पहली चुनावी परीक्षा थी। जनता दल (यूनाइटेड) के भाजपा से नाता तोड़ने के बाद राज्य में नीतीश के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार महज तीन महीने पहले बनी थी। राजद उम्मीदवार नीलम देवी ने मोकामा सीट पर 16,000 से अधिक मतों के अंतर से जीत दर्ज की। उनके पति एवं विधायक अनंत कुमार सिंह के अयोग्य घोषित होने के बाद इस सीट पर उपचुनाव कराने की जरूरत पड़ी थी। भाजपा ने इस सीट पर पहली बार उम्मीदवार उतारा क्योंकि पूर्व के चुनावों में उसने यह सीट अपने सहयोगी दलों के लिए छोड़ रखी थी। गोपालगंज से विधायक रहे सुभाष सिंह की पत्नी एवं भाजपा प्रत्याशी कुसुम देवी को 70,032 वोट मिले, जबकि राजद के मोहन गुप्ता को 68,243 मत मिले। सिंह का निधन हो जाने के चलते इस सीट पर उपचुनाव कराने की जरूरत पड़ी। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) को 12,000 से अधिक वोट मिले और उसने सत्तारूढ़ महागठबंधन का गोपालगंज में खेल बिगाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई। कांग्रेस की बिहार इकाई के प्रवक्ता असीत तिवारी ने ओवैसी पर भाजपा की जीत में मदद करने का आरोप लगाया। बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं राजद के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा की जीत का अंतर घटना एक सफलता है और महागठबंधन 2024 का लोकसभा चुनाव जीतेगा। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, सभी विपक्षी ताकतों के एकजुट हो जाने के बावजूद, लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकासोन्मुखी नेतृत्व पर अपनी मुहर लगाई।

## डीजल वाहनों...

छोड़ अन्य शहरों में एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में है, इसलिए ग्रेप के तहत एक से तीन स्तर के प्रतिबंध लागू रहेंगे। भारतीय कृषि अनुसंधान संगठन (आईएआरआई) के आंकड़ों से पता चलता है कि पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं की संख्या एक दिन पहले 2817 से तेजी से घटकर 599 हो गई। पृथ्वी एवं विज्ञान मंत्रालय के तहत आने वाली एक पूर्वानुमान एजेंसी सफर के अनुसार, दिल्ली के पीएम2.5 प्रदूषण में पराली जलाने की हिस्सेदारी भी शनिवार को 21 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत रह गई और हवा की गति बढ़कर 12 किमी प्रति घंटा हो गई।

## प्रदूषण रोकने...

जबकि राजस्थान में कांग्रेस एवं पंजाब में आम आदमी पार्टी सत्ता में है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि या तो राजस्थान और पंजाब की सरकारें हवा की गुणवत्ता को लेकर गंभीर नहीं हैं अथवा उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा पराली प्रबंधन के लिए मशीनें खरीदने को दिए गए धन का सही उपयोग नहीं किया है। उन्होंने कहा कि पंजाब में नवंबर के पहले पांच दिनों में पराली जलाने की 13,396 एवं पूरे अक्टूबर में 16,004 घटनाएं सामने आईं। डॉ. सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर वर्ष 2018-19 से केंद्र ने पराली प्रबंधन के लिए राज्यों को 3,138 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं, जिसमें से लगभग 1,500 करोड़ अकेले पंजाब को दिए गए। परंतु, बीते शनिवार शाम तक नवंबर के शुरुआती पांच दिनों में पंजाब में पराली जलाने की घटनाएं हरियाणा और उत्तर प्रदेश की तुलना में काफी अधिक दर्ज की गईं। उदाहरण के लिए 5 नवंबर को पंजाब में पराली जलाने की 2817 एवं राजस्थान में 91 घटनाएं हुईं, जबकि हरियाणा में 90 और उत्तर प्रदेश में 24 ही दर्ज की गईं। पंजाब में 2 नवंबर को सबसे अधिक 3,634 घटनाएं सामने आई थीं। उस दिन राजस्थान में यह संख्या 63 रही थी। सिंह ने कहा कि पंजाब में नवंबर के पहले पांच दिनों में बेतहाशा पराली जलाए जाने से दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में चली गई।

## भाजपा का...

बार फिर भाजपा की सरकार बनने पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने, सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने और विभिन्न क्षेत्रों में रियायतें देने का वादा किया गया है। संकल्प पत्र में हिंदुत्व, विकास और कल्याणकारी वादों का मिश्रण देखने को मिला। नड्डा ने महिलाओं के लिए भी एक अलग घोषणापत्र जारी किया, जिसमें नि:शुल्क अनाज, रसोई गैस कनेक्शन और शौचालय बनाने के वादे किए गए। अपने गृह राज्य में विधानसभा चुनावों में एक सप्ताह से भी कम समय बचा होने के बीच नड्डा ने आठ लाख रोजगार सृजित करने, छठी से 12वीं कक्षा की छात्राओं के लिए साइकिल, उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही लड़कियों को स्कूटी देने और पांच नए मेडिकल कॉलेज खोलने समेत कई अन्य वादे भी किए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार राज्य में वक्फ की संपत्तियों का सर्वेक्षण कराएगी, ताकि उनके गैरकानूनी इस्तेमाल को रोका जाए। संकल्प पत्र जारी करते हुए पार्टी अध्यक्ष नड्डा ने वादा किया कि अगर हिमाचल में भाजपा की सत्ता बरकरार रहती है तो पार्टी यूसीसी लागू करने के लिए एक समिति गठित करेगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी द्वारा दी जाने वाली रियायतों को मुफ्त की रेवड़ियां नहीं कहा जा सकता क्योंकि सशक्तिकरण और लालच में काफी फर्क होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा समाज के विभिन्न वर्गों के सशक्तिकरण के साथ है जबकि वह लालच देने के खिलाफ है।

## गुजरात को...

ही पुराना रिकॉर्ड (भाजपा की जीत का अंतर) तोड़ने आया हूं। मैंने गुजरात भाजपा से कहा है कि मैं जितना संभव है, आपको उतना समय देने (चुनाव प्रचार के लिए) को तैयार हूं। गौरतलब है कि 2014 में देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने से पहले मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे। गुजरात में भाजपा का सबसे अच्छा प्रदर्शन दिसंबर 2002 में मोदी के नेतृत्व में हुए चुनाव में रहा जब पार्टी को कुल 182 में से 127 सीट मिली थीं।

## गुजरात की...

दिया गया है। कांग्रेस ने जनता से अपील की कि महात्मा गांधी और सरदार पटेल के गुजरात को फिर से गौरवान्वित करने के लिए उसे वोट देकर सत्ता में लाएं। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भरतसिंह सोलंकी ने एक पत्रकार वार्ता में कहा कि ऐसे समय में जब भाजपा जनता का ध्यान मुख्य मुद्दों से हटाने के लिए काम कर रही है, इन मुद्दों पर उनका ध्यान आकर्षित करने के वास्ते यह आरोप पत्र जारी किया गया है। आरोपपत्र में यह भी दावा किया गया है कि मोरबी पुल त्रासदी भाजपा के भ्रष्टाचार का सीधा परिणाम है जहां लोगों की जान की कोई कीमत नहीं है। बिल्किस बानो मामले में 11 दोषियों की रिहाई पर कांग्रेस ने कहा कि सरकार ने उन्हें रिहा करने के लिए स्थापित नियमों और परंपरा की अनदेखी की। गुजरात में दो चरणों में एक और पांच दिसंबर को विधानसभा चुनाव होगा तथा मतगणना आठ दिसंबर को होगी। विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना है। इससे पहले, 2017 के विधानसभा चुनाव में कुल 182 सीट में से भाजपा ने 99 और कांग्रेस ने 77 सीट जीती थीं।

## विप्रो, नेस्ल...

आय हो रही है। संचालन इकाई के सूत्रों ने बताया कि देशभर में टीटीडी की संपत्ति का अनुमानित मूल्य 2.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो सकता है। इसमें भूखंड, भवन, श्रद्धालुओं से चढ़ावे के रूप में प्राप्त होने के बाद बैंकों में जमा नकदी और सोना शामिल हैं। कई सरकारी और निजी बैंकों में टीटीडी की सावधि जमा 30 सितंबर 2022 को 15,938 करोड़ को पार कर गई, जो जून 2019 में 13,025 करोड़ थी। वहीं, देवस्थानम द्वारा बैंकों में रखा गया सोना 2019 के 7.3 टन से बढ़कर 30 सितंबर 2022 को 10.25 टन हो गया। टीटीडी ने फरवरी में वर्ष 2022-23 के लिए 3,100 करोड़ का वार्षिक बजट पेश किया गया था, जिसमें टीटीडी ने बैंकों में जमा नकदी से ब्याज के रूप में 668 करोड़ रुपए से अधिक प्राप्त होने का अनुमान जताया है। साथ ही, मंदिर में श्रद्धालुओं से नकदी के रूप में लगभग ।,000 करोड़ का चढ़ावा आने का भी अनुमान लगाया गया है। देवस्थानम आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, ओडिशा, हरियाणा, महाराष्ट्र और नई दिल्ली में काफी संख्या में मंदिरों का प्रबंधन करता है।

# डॉक्टरों के लिए बॉन्ड नीति को रद्द करने के दिशा-निर्देशों पर काम कर रहा स्वास्थ्य मंत्रालय

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की सिफारिशों के आधार पर डॉक्टरों के वास्ते बॉन्ड नीति को खत्म करने के लिए दिशानिर्देशों को अंतिम रूप देने पर काम कर रहा है। बॉन्ड नीति के अनुसार, डॉक्टरों को अपनी स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री पूरी करने के बाद राज्य के अस्पतालों में एक विशिष्ट अवधि के लिए सेवा देने की आवश्यकता होती है, और ऐसा न करने पर उन्हें राज्य या मेडिकल कॉलेज को जुर्माना (प्रत्एक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश द्वारा पहले से निर्दिष्ट राशि) का भुगतान करना होता है। अगस्त 2019 में, उच्चतम न्यायालय ने राज्यों की बॉन्ड नीति को बरकरार रखा था और इस बात पर गौर किया गया कि कुछ सरकारें कठोर शर्तें लगाती हैं। इसने सुझाव दिया कि केंद्र और तत्कालीन भारतीय चिकित्सा परिषद को सरकारी संस्थानों में प्रशिक्षित डॉक्टरों द्वारा प्रदान की जाने वाली अनिवार्य सेवा के संबंध में एक समान नीति तैयार करनी चाहिए जो सभी राज्यों में लागू होगी। उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसरण में, स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2019 में मामले को देखने के लिए स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के प्रधान सलाहकार डॉ. बी. डी. अथानी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। समिति ने मई 2020 में अपनी रिपोर्ट सौंपी और इसे टिप्पणियों के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) को भेज दिया गया।

एनएमसी ने फरवरी 2021 में अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत की थी। सूत्र ने कहा, एनएमसी ने अपनी टिप्पणियों में कहा कि विभिन्न राज्यों द्वारा बॉन्ड नीति की घोषणा के बाद से, देश में चिकित्सा शिक्षा में बहुत कुछ बदल गया है और इसलिए, विभिन्न राज्यों द्वारा इस नीति की खूबियों प्रभावशीलता की समीक्षा करना उचित हो सकता है।

एनएमसी ने अपनी विस्तृत टिप्पणियां सौंपी। उसकी टिप्पणियों को ध्यान में रखते हुए और राज्य सरकारों की बॉन्ड नीतियों से संबंधित वैधताओं को बरकरार रखने वाली उच्चतम न्यायालय की टिप्पणियों के बावजूद, आयोग का विचार था कि मेडिकल छात्रों को किसी भी बॉन्ड की शर्तों के बोझ से दबाना नहीं चाहिए और ऐसा करना नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत के विपरीत हो सकता है। इस मामले की मंत्रालय द्वारा पूरी तरह से जांच की गई थी और यह प्रस्तावित किया गया था कि सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और अन्य हितधारकों के विचारों के साथ-साथ पूरी बॉन्ड नीति को नए सिरे से जांचने की आवश्यकता है।

एनएमसी अधिनियम, 2019 या पूर्ववर्ती भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 और उसके तहत बनाए गए नियमों के तहत बॉन्ड का कोई प्रावधान नहीं है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में रिक्त पदों को भरकर विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए राज्य द्वारा बॉन्ड की शर्त लगाई गई है।

सरकारी मेडिकल कॉलेजों में दी जा रही रियायती शिक्षा की एवज में बॉन्ड की राशि राज्य द्वारा तय की जाती है। बॉन्ड की राशि अलग-अलग राज्यों में भिन्न होती है और एमबीबीएस के लिए पांच लाख रुपए (गोवा, राजस्थान, तमिलनाडु) और एक करोड़ रुपए (उत्तराखंड) और पीजी तथा सुपर स्पेशियलिटी के लिए 2-2.5 करोड़ रुपए (केरल, उत्तराखंड, महाराष्ट्र) तक होती है।

## तेजस्वी ने गोपालगंज के प्रयोग को सफल बताया

**पटना।** बिहार में गोपालपुर विस सीट पर भाजपा की जीत के बाद राष्ट्रीय जनता दल के नेता और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि चुनाव परिणाम ने उनके प्रयोग को सफल साबित किया है। यादव गोपालगंज से राजद के उम्मीदवार मोहन गुप्ता का परोक्ष जिक्र कर रहे थे। वैश्य समुदाय से आने वाले गुप्ता को पार्टी द्वारा उम्मीदवार बनाए जाने से साफ हुआ है कि परपंरागत रूप से एम-वाई (मुस्लिम यादव) समीकरण पर चलने वाली पार्टी अब अपना दायरा बढ़ाने को उत्सुक है। तेजस्वी यादव ने कहा, महागठबंधन को 2020 के विधानसभा चुनाव में विजई भाजपा उम्मीदवार से 40,000 वोट कम मिले थे। इस बार (भाजपा के लिए) सहानुभूति की लहर होने के बावजूद हमने हार के अंतर को 2,000 वोटों से कम कर दिया। 2024 का लोकसभा चुनाव आने दीजिए, हम विधानसभा क्षेत्र में 20,000 वोट की बढ़त बनाएंगे। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद का परिवार गोपालगंज से ताल्लुक रखता है।

# कश्मीर में ऊंचाई पर स्थित इलाकों में बर्फबारी मैदानों में बारिश से तापमान में गिरावट

भाषा। श्रीनगर



**कश्मीर** के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में हल्की बारिश से रविवार को तापमान में गिरावट आई। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गुलमर्ग पर्यटन स्थल का न्यूनतम तापमान शून्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। गुलमर्ग पर्यटन स्थल, माछिल, साधना दर्रा और जोजिला दर्रा कश्मीर के कुछ ऐसे स्थान रहे, जहां रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक तीन इंच से अधिक बर्फबारी हुई।

उन्होंने बताया कि लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के द्रास में भी बर्फबारी हुई। उन्होंने बताया कि कश्मीर के अधिकतर हिस्सों में रात भर मध्यम बारिश हुई और श्रीनगर शहर में सबसे अधिक 27 मिलीमीटर बारिश हुई। अधिकारियों ने बताया कि बारामूला (23 मिमी), बांदीपोरा (22 मिमी), कुलगाम(21 मिमी), बडगाम (21 मिमी) और पुलवामा (20 मिमी) में भी सुबह 8.30 बजे तक काफी वर्षा हुई।

बारिश के कारण घाटी में रात के तापमान में गिरावट आई है। गुलमर्ग जम्मू-कश्मीर में सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां तापमान शून्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि घाटी के बाकी मौसम केंद्रों पर न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से ऊपर रहा। मौसम विभाग ने कश्मीर में पांच दिन बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है।

## अगले साल बेकार हो जाएंगी कोवैक्सीन की पांच करोड़ खुराक

**हैदराबाद।** भारत बायोटेक के पास उसके कोविड-19 रोधी टीके की करीब पांच करोड़ खुराक रखी हैं जिनकी इस्तेमाल करने की समयसीमा अगले साल की शुरुआत में खत्म हो जाएगी और कम मांग के कारण इनका कोई खरीददार नहीं है। कंपनी के सूत्रों ने यह जानकारी दी। टीके की मांग कम होने के कारण भारत बायोटेक ने इस साल की शुरुआत में दो खुराक वाले कोवैक्सीन टीके का उत्पादन रोक दिया था। हालांकि, इसने 2021 के अंत तक एक अरब खुराकों का उत्पादन कर दिया था। भारत बायोटेक के पास थोक में कोवैक्सीन की 20 करोड़ से अधिक खुराक हैं और शीशियों में तकरीबन पांच करोड़ खुराक इस्तेमाल के लिए तैयार हैं। टीके की मांग कम होने के कारण इस साल की शुरुआत में सात महीने पहले कोवैक्सीन का उत्पादन रोक दिया गया था। शीशियों में कोवैक्सीन की खुराकों को इस्तेमाल करने की समयसीमा 2023 की शुरुआत में खत्म होनी है जिससे कंपनी को घाटा होगा।



भोपाल में साउथ अफ्रीका से लाया गया चीता।

# पिता को टिकट नही मिलने से नाराज कांग्रेस सदस्य ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सोलंकी पर फेंकी स्याही

भाषा। अहमदाबाद

**आगामी गुजरात** विधानसभा चुनाव में अपने पिता को टिकट नहीं मिलने से नाराज कांग्रेस के एक कार्यकर्ता ने यहां रविवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भरतसिंह सोलंकी पर कथित तौर पर काली स्याही फेंक दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों और पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि संवाददाता सम्मेलन में शामिल होने के बाद सोलंकी कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन से बाहर निकल रहे थे, तभी यह घटना हुई। एलिसब्रिज पुलिस थाने के निरीक्षक बी जी चेतारिया ने कहा, सोलंकी पर काली स्याही फेंकने वाला व्यक्ति भी कांग्रेस का सदस्य है और एलिसब्रिज विधानसभा सीट (अहमदाबाद) से अपने पिता को टिकट नहीं मिलने के चलते नाराज है।

चेतारिया ने कहा, मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसका बयान दर्ज किया। सोलंकी ने यह कहते हुए शिकायत दर्ज नहीं कराई कि उन पर स्याही फेंकने वाला व्यक्ति उनकी पार्टी का है। पार्टी के कार्यकर्ता रोमीन सुतार के बयान के मुताबिक, वह नाराज है क्योंकि उसके पिता रश्मिकांत सुतार को एलिसब्रिज विधानसभा सीट से टिकट नहीं दिया गया। पार्टी के एक पदाधिकारी ने कहा कि यह घटना उस वक्त हुई जब सोलंकी संवाददाता सम्मेलन में शामिल होने के बाद कांग्रेस कार्यालय से निकल रहे थे और उनके कपड़ों पर स्याही पड़ गई। सोलंकी आनंद लोकसभा सीट से दो बार सांसद चुने गए थे। वह 2015 से 2018 के बीच कांग्रेस की गुजरात इकाई के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। केंद्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार में वह ऊर्जा, रेल, पेयजल एवं स्वच्छता राज्य मंत्री भी रह चुके हैं।

गुजरात में विपक्षी दल कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों के लिए चार नवंबर को 43 उम्मीदवारों की घोषणा की थी। पार्टी ने भीखू दवे को अहमदाबाद शहर की एलिसब्रिज सीट से उम्मीदवार बनाया है। इस सीट पर 2017 के चुनाव में भाजपा के राजेश शाह ने जीत दर्ज की थी। राज्य की 182 सदस्ईय विधानसभा के लिए एक और पांच दिसंबर को मतदान होगा। मतगणना आठ दिसंबर को होगी।

## कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए प्रशांत भूषण

**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा के 60वें दिन तेलंगाना में रविवार को वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत भूषण ने भी भागीदारी की। अनुसूचित जातियों के वर्गीकरण के लिए मुहिम चला रहे संगठन मडिगा आरक्षण पोराटा समिति (एमआरपीएस) के नेता मांडा कृष्ण मडिगा भी रविवार सुबह मेडक जिले के अल्लादुर्ग से फिर से शुरू हुई इस पदयात्रा में शामिल हुए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, यह भारत जोड़ो यात्रा का 60वां दिन है और हर सुबह की तरह यात्रा मैसूर के सेवा दल के प्यारी जन के साथ राष्ट्र गीत, ध्वज गीत और राष्ट्रगान के गायन से शुरू हुई। आज हम मेडक से कामारेड्डी जिले की ओर बढ़ रहे हैं। शनिवार को मेडक जिले के पेद्दापुर गांव में एक सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि देश में 2014 से बेरोजगारी और महंगाई बढ़ रही है। भारत जोड़ो यात्रा ने 23 अक्टूबर को राज्य में प्रवेश किया था। सूत्रों ने बताया कि तेलंगाना में पदयात्रा का समापन सोमवार को होगा। राहुल कामारेड्डी जिले में सोमवार को एक जनसभा को संबोधित करेंगे। भारत जोड़ो यात्रा सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई थी।

# फिल्म इमरजेंसी की शूटिंग असम में करेंगी कंगना

**गुवाहाटी।** अभिनेत्री कंगना रनौत ने रविवार को कहा कि वह जल्द ही असम में अपनी आगामी फिल्म इमरजेंसी की शूटिंग करेंगी। रनौत पिछले एक सप्ताह से असम में फिल्म की शूटिंग के लिए लोकेशन तलाश रही थीं। इस दौरान वह काजीरंगा और कार्बी आंगलोंग भी गईं। रनौत ने हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा, मैं कई बार असम आ चुकी हूं। यह शूटिंग के लिए सुंदर जगह है। मैं जल्द ही अपने पूरे फिल्म निर्माण दल के साथ शूटिंग करने आऊंगी। भारतीय राजनीति के ऐतिहासिक कालखंड आपातकाल पर आधारित फिल्म इमरजेंसी की लेखक और निर्देशक कंगना रनौत हैं। इस फिल्म में वह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार अदा करेंगी।

असम यात्रा के दौरान रनौत (35) ने शनिवार शाम को मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, हम जल्द ही असम में विभिन्न स्थान पर शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं, ऐसे में उन्होंने (मुख्यमंत्री ने) हमारी टीम के प्रति समर्थन जताया है। उनका समर्थन और प्रोत्साहन पाकर सम्मानित महसूस कर रही हूं। धन्यवाद सर। शर्मा ने असम में फिल्म की लोकेशन चुनने के लिए अभिनेत्री को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, आज मेरे कार्यालय में अभिनेत्री, लेखिका और फिल्म निर्माता कंगना रनौत जी से मिलकर खुशी हुई। मुझे खुशी है कि वह असम में अपनी एक फिल्म की शूटिंग करेंगी। मैंने उन्हें धन्यवाद दिया और फिल्म निर्माण के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। फिल्म में अभिनेता अनुपम खेर क्रांतिकारी नेता जे.पी. नारायण का किरदार निभाएंगे। श्रेयस तलपड़े पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, मिलिंद सोमन फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ और महिमा चौधरी लेखिका-सांस्कृतिक कार्यकर्ता पुपुल जयकर की भूमिका में होंगी।

# भारतीय कंपनी भी जल्द पर्यटकों को अंतरिक्ष की सैर कराएगी

**देहरादून।** भारत की एक कंपनी अब गुब्बारे के जरिए पर्यटकों को अंतरिक्ष की सैर कराएगी। एलन मस्क की स्पेस एक्स से प्रेरित होकर मुंबई स्थित स्पेस औरा एयरोस्पेस टैक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने इसके लिए दस फीट गुणा आठ फीट परिमाप का स्पेस कैप्सूल या स्पेसशिप बनाना शुरू कर दिया है, जिसमें पायलट के अलावा एक बार में छह पर्यटक बैठकर अंतरिक्ष तक जा सकेंगे। स्पेस कैप्सूल पृथ्वी के उपर 35 किलोमीटर के दायरे में ही रहेगा। देहरादून में एक विश्वविद्यालय में चल रही विज्ञान प्रदर्शनी आकाश तत्व में कंपनी ने असली स्पेस कैप्सूल एसकेएपी वन का प्रोटोटाइप भी पेश किया जिसे वैज्ञानिकों और आम जनता दोनों की जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है।

स्पेस आरा के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी आकाश पोरवाल ने पीटीआईभाषा को बताया कि कंपनी ने अपनी अंतरिक्ष उड़ान शुरू करने के लिए 2025 का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष उड़ान शुरू करने के लिए कर्नाटक और मध्यप्रदेश में दो स्थान चिन्हित किए गए हैं और इस बारे में जल्द निर्णय कर लिया जाएगा।

पोरवाल ने बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान (टीआइएफआर) के पूर्व वैज्ञानिकों की सहायता से कंपनी समय से लक्ष्य पूरा करने में जुटी हुई है। उन्होंने बताया कि सभी जरूरी आधुनिक सुविधाओं, जीवन रक्षक और संचार प्रणाली से लैस स्पेस कैप्सूल को एक हाइड्रोजन या हीलियम गैस से भरे हुए एक स्पेस बैलून की सहायता से समुद्र तल से 3035 किलोमीटर उपर ले जाया जाएगा जहां पर्यटक करीब एक घंटे तक पृथ्वी की सतह और अंतरिक्ष का नजदीक से दीदार करने के साथ ही उसे महसूस भी कर सकेंगे। उसके बाद हाई एल्टीट्यूड स्पेस बैलून में से धीरेधीरे गैस कम की जाएगी और एक पैराशूट खोला जाएगा जिसकी सहायता से स्पेस कैप्सूल नीचे आना शुरू होगा। एक निश्चित उंचाई पर स्पेस बैलून को स्पेस कैप्सूल से अलग कर दिया जाएगा और बहुत धीमी गति से अंतरिक्ष पर्यटकों को आराम से नीचे लाया जाएगा। पोरवाल ने कहा कि पर्यटकों को सैर पर ले जाए जाने से पहले करीब एक सप्ताह तक उन्हें भारतीय योग एवं आध्यात्मिक विज्ञान की मदद से एक शांत वातावरण में रखा जाएगा जिससे उनकी यात्रा एक खुशनुमा तरीके से संपन्न हो और वह उसका पूरा आनंद ले सकें। हमारा लक्ष्य अंतरिक्ष की सैर और भारतीय संस्कृति का अद्भुत सम्मिश्रण कर दुनिया भर के अंतरिक्ष पर्यटकों को भारत की ओर आकर्षित कर उसे अंतरिक्ष पर्यटन गतिविधियों का केंद्र बनाना है। दुनिया की दिग्गज कंपनियों स्पेस एक्स और ब्लू ओरिजिन के मुकाबले उनकी कंपनी बहुत कम पैसे में अंतरिक्ष की सैर कराएगी।



किन्नूर में मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार स्वतंत्र भारत के पहले वोटर श्याम सरन नेगी के निधन पर शोक संवेदना घर पहुंचे।

# जम्मू-कश्मीर के डोडा में सेना की हथियार प्रदर्शनी में हिस्सा लेकर बहुत उत्साहित है छात्राएं

**भदरवाह/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में सेना द्वारा रविवार को आयोजित हथियारों की प्रदर्शनी में हिस्सा लेने के बाद सैकड़ों की संख्या में कॉलेज छात्रों, मुख्य रूप से छात्राओं ने भारतीय सेना में शामिल होने की इच्छा जताई है। एक अधिकारी ने बताया कि सेना के डेल्टा फोर्स ने युवाओं, खास तौर से चेनाब घाटी की छात्राओं को प्रेरित करने के लिए हथियारों की प्रदर्शनी लगाई थी। ठाठरी स्थित सरकारी डिग्री कॉलेज की 19 वर्षीय छात्रा इर्तिका बानो ने पीटीआईभाषा से कहा, जीवन में पहली बार हथियारों को छूकर बहुत अच्छा लगा और अब मेरा लक्ष्य सेना में शामिल होना और सीमा पर अपने देश की रक्षा करना है।

भदरवाह कैंपस के शिक्षण समन्वयक डॉक्टर कुलजीत सिंह ने बताया कि बानो उन 275 छात्रों में से एक है जो चेनाब घाटी क्षेत्र (डोडा, किश्तवाड़ और रामबन), उधमपुर, राजौरी, पुंछ और जम्मू जिले के 12 कॉलेजों से जम्मू विश्वविद्यालय के भदरवाह परिसर में प्रदर्शनी देखने आई थीं।

चतरू, रामनगर, किल्होत्राम और ठाठरी जैसे सुदूर इलाकों से आई छात्राएं खास तौर से हथियारों को देखकर बहुत उत्साहित थीं। चतरू के सरकारी डिग्री कॉलेज की 18 वर्षीय छात्रा रिफ्त अमीन ने कहा, मैं हथियार देखकर डर जाती थी और कभी भी पुरुष प्रधानता वाली सेना में शामिल होने का नहीं सोचा था। लेकिन अब, मैं उत्साहित हूं और मुझे अपनी सेना पर गर्व हो रहा है जो अपने बारे में बताने के लिए चलकर हमारे दरवाजे तक आए हैं। अमीन का कहना है कि सेना में महिलाएं भी शामिल हो सकती हैं, यह जानने के बाद वह भी सेना का हिस्सा बनना और देश की सेवा करना चाहती हैं।

वहीं, जम्मू के परादे में स्थित सरकारी डिग्री कॉलेज की 19 वर्षीय छात्रा अशिता के लिए हथियारों की यह प्रदर्शनी महिला सशक्तिकरण की दिशा में सेना का प्रयास है।

उन्होंने कहा, मेरी यह सोच कि सिर्फ पुरुष हथियार उठा सकते हैं, गलत साबित हुआ है, क्योंकि अब मुझे समझ आ गया है कि किसी भी राइफल या भारी हथियार को चलाना कितना आसान है। हम भी यह कर सकते हैं और अपने बेहतर भविष्य के लिए सेना में शामिल हो सकते हैं। हथियारों की प्रदर्शनी के अलावा 4राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग अफसर कर्नल रजत परमार ने एक व्याख्यान भी दिया जिसमें छात्रों ने पूरे उत्साह से हिस्सा लिया। कर्नल परमार ने कहा, हथियारों के स्टॉलों पर सुदूर और बेहद अंदरूनी इलाकों में स्थित कॉलेज की छात्राओं का उत्साह देखना दिल को छू लेने वाला था। खास तौर से हथियार कैसे चलाना है और दुश्मन के खिलाफ उसका उपयोग कैसे करना है, यह सीखने की ललक दिल को छूने वाली थी।

## आलिया और रणबीर बने बेटी के माता-पिता

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट और अभिनेता रणबीर कपूर रविवार को एक बेटी के माता-पिता बन गए। आलिया (29) और रणबीर ने इंस्टाग्राम पर एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। आलिया ने इंस्टाग्राम पर लिखा, हमारे जीवन की सबसे बड़ी खुशखबरी: हमारे बच्चे का जन्म हो गया है... और वह कितनी प्यारी बच्ची है। हम माता-पिता बन गए हैं, जिससे हमारी खुशी का ठिकाना नहीं है। आलिया और रणबीर की इस साल अप्रैल में शादी हुई थी। आलिया ने दक्षिण मुंबई के एचएन रिलायंस अस्पताल में अपने पहले बच्चे को जन्म दिया। रणबीर की मां नीतू कपूर ने भी इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी साझा की और बच्ची को आशीर्वाद दिया। आलिया की मां सोनी राजदान ने इंस्टाग्राम पर लिखा, कितनी खुशी का दिन है। खूबसूरत तोहफे के लिए जिंदगी की बहुत आभारी हूं। शुभकामनाओं के लिए शुक्रिया। हम इस खुशी को समेट नहीं पा रहे। रणबीर की बहन रिद्धिमा ने भी आलिया-रणबीर को शुभकामनाएं देते हुए बुआ बनने पर खुशी व्यक्त की।



उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, आज सबसे अधिक खुशी का दिन है। अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण, अनुष्का शर्मा, कैटरीना कैफ, प्रियंका चोपड़ा, सोनम कपूर और जोया अख्तर समेत फिल्म जगत की कई हस्तियों और प्रशंसकों ने आलिया-रणबीर को माता-पिता बनने की बधाई दी। अक्षय ने आलिया के पोस्ट पर लिखा, बधाइयां, आलिया एवं रणबीर। बेटी के जन्म से बड़ा सुख दुनिया में और कोई नहीं। आप सभी के लिए शुभकामनाएं। करीना कपूर खान ने लिखा, मेरी छोटी आलिया, उससे मिलने को उत्सुक हूं। फिल्म निर्माता करण जौहर ने आलिया-रणबीर की तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की। उन्होंने कहा, मेरा दिल प्यार से भर गया है.... दुनिया में आपका स्वागत है बच्ची, आपके लिए ढेर सारा प्यार, मैं नाना बनने की खुशी महसूस कर रहा हूं।

# पॉक्सो कानून में सहमति की उम्र पर पुनर्विचार करें

● कर्नाटक उच्च न्यायालय ने विधि आयोग से कहा

भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक उच्च न्यायालय** ने विधि आयोग को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून में सहमति की उम्र पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति सूरज गोविंदराज और न्यायमूर्ति जी बसवराज की पीठ ने पांच नवंबर को दिए गए फैसले में कहा, 16 साल से ऊपर की नाबालिग लड़कियों के प्यार में पड़ने और भाग जाने तथा इस बीच लड़कों के साथ शारीरिक संबंध बनाने से संबंधित कई मामले सामने आए हैं। हमारा विचार है कि भारत के विधि आयोग को उम्र के मानदंडों पर पुनर्विचार करना होगा, ताकि जमीनी हकीकत को ध्यान में रखा जा सके।

अदालत ने पॉक्सो मामले का सामना कर रहे एक आरोपी को बरी करने को चुनौती देने वाली पुलिस की अपील पर सुनवाई की। यह पाया गया कि 17 वर्षीय लड़की 2017 में लड़के के साथ भाग गई थी। लड़की के माता-पिता ने शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन सभी गवाह मुकर गए। मामला जारी रहा, इस बीच दोनों ने शादी कर ली और अब उनके दो बच्चे हैं। हालांकि अदालत ने लड़के को बरी किए जाने पर सहमति जताते हुए विधि आयोग और कर्नाटक के शिक्षा विभाग को निर्देश दिए। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह पॉक्सो और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के बारे में जागरूकता की कमी है जिसके परिणामस्वरूप युवाओं द्वारा कई तरह के अपराध किए जा रहे हैं।

अदालत ने कहा, यह भी देखा गया है कि उपरोक्त कई अपराधों को नाबालिग लड़की और लड़के की ओर से ज्ञान की कमी के परिणामस्वरूप किए गए अपराध के रूप में माना जाता है। कई बार इसमें शामिल लड़का और लड़की या तो करीबी तौर पर जुड़े होते हैं या एक-दूसरे के सहपाठी होने के नाते एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। पीठ ने कहा कि कानून की जानकारी की कमी अपराध करने का बहाना नहीं है, हालांकि छात्रों को पॉक्सो कानून के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। अदालत ने कहा, यह जरूरी है कि विशेष रूप से कम से कम नौवीं कक्षा के बाद के छात्रों को, पॉक्सो कानून के पहलुओं पर शिक्षित किया जाए। उन्हें बताया जाना चाहिए कि कौन से कृत्य पॉक्सो कानून और भारतीय दंड संहिता के तहत भी अपराध हैं।

अदालत ने शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव को जागरूकता के संबंध में उपयुक्त शिक्षा सामग्री तैयार करने के लिए एक समिति गठित करने तथा उसके बाद निजी, सरकारी सभी विद्यालयों को आवश्यक निर्देश जारी करने का आदेश दिया। आदेश के तहत छात्रों को उनकी हरकतों के परिणाम, पॉक्सो कानून या आईपीसी के उल्लंघन के बारे में शिक्षित किया जाना है। विभाग द्वारा अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने के लिए मामले को पांच दिसंबर के लिए पुनः सूचीबद्ध किया गया है।

# पाक के राष्ट्रपति ने इमरान से मुलाकात की ,मध्यस्थता की पेशकश



भाषा। लाहौर (पाकिस्तान)

**पाकिस्तान के** राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से मुलाकात की और एक प्रदर्शन मार्च के दौरान गोली लगने से घायल हुए खान के स्वास्थ्य की जानकारी ली। राष्ट्रपति ने इस दौरान कई अहम मुद्दों पर आम सहमति बनाने के लिए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार के बीच मध्यस्थता की पेशकश की। रविवार को मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई। खान (70) पर बृहस्पतिवार को हुए हमले में उनके दाएं पैर में गोली लग गई थी। पंजाब प्रांत के वजीराबाद इलाके में दो बंदूकधारियों ने कंटेनर ट्रक पर सवार लोगों और खान पर गोलियां चलाईं, जहां वह शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ मार्च का नेतृत्व कर रहे थे। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, शनिवार को राष्ट्रपति अल्वी और उनकी पत्नी बेगम समीना आरिफ अल्वी ने लाहौर के शौकत खानम मेमोरियल कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र का दौरा किया और खान के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उसके बाद लगभग तीन घंटे तक उनके साथ रहे। राष्ट्रपति और उनकी पत्नी ने शुभकामनाएं दीं और उनके (खान के) शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। बैठक के दौरान, अल्वी और खान ने देश की गंभीर राजनीतिक और आर्थिक स्थिति के बारे में भी विचारों का आदान-प्रदान किया। खबर में कहा गया है कि बातचीत के दौरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ से ताल्लुक रखने वाले 73 वर्षीय अल्वी ने प्रमुख मुद्दों पर आम सहमति विकसित करने के लिए हितधारकों के बीच मध्यस्थता करने के लिए अपने स्तर से पहल करने पेशकश की।

## शिकायत में सेना प्रमुख का नाम होने के कारण अधिकारी प्राथमिकी दर्ज करने को अनिच्छुक: इमरान खान

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने रविवार को कहा कि उनकी 'हत्या के प्रयास' के मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है क्योंकि शिकायत से सेना के जनरल का नाम हटाए जाने तक अधिकारी मामला दर्ज करने से इनकार कर रहे हैं। पंजाब प्रांत के वजीराबाद जिले में हकीकी आजादी मार्च के दौरान 70-वर्षीय खान के कंटेनर पर दो बंदूकधारी हमलावरों द्वारा की गई गोलीबारी में उनके दाहिने पैर में गोली लगी थी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख खान ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृहमंत्री राणा सनाउल्ला और मेजर जनरल फैसल नसीर ने 2011 में पंजाब के पूर्व गवर्नर सलमान तासीर की धार्मिक उन्मादियों के हाथों हत्या की तरह उन्हें जान से मारने की साजिश रची। लाहौर के शौकत खानम अस्पताल से संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए खान ने अपनी कथित 'हत्या के प्रयास' की पारदर्शी जांच की मांग की। खान ने कहा, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने न्यायिक आयोग की बात की और मैं इसका स्वागत करता हूं, लेकिन मेरा पहला सवाल यह है कि यह क्या करेगा? जब सभी एजेंसियां मेरे द्वारा नामजद तीन लोगों के अंतर्गत आती हैं, तो जांच कौन करेगा? निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच कैसे हो सकती है? ऐसा नहीं हो सकता। इसलिए मैंने उनसे इस्तीफा देने के लिए कहा, ताकि जांच निष्पक्ष हो सके। प्रधानमंत्री शहबाज ने शनिवार को खान के आरोपों की जांच के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक 'सभी न्यायाधीशों की सदस्यता वाले आयोग' के गठन की मांग की। खान ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने उनकी हत्या की साजिश रची। शहबाज ने यह भी कहा था कि अगर खान पर हमले से संबंधित किसी भी साजिश में उनकी संलिप्तता पाई जाती है तो वह पद छोड़ देंगे। प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर गतिरोध उस समय और गहरा गया, जब पूर्व प्रधानमंत्री की पार्टी ने उनकी शिकायत दर्ज करने में पुलिस की कथित अनिच्छा पर सवाल उठाए।

## इमरान खान का मार्च मंगलवार को उसी जगह से फिर शुरू होगा जहां उन्हें गोली मारी गई थी

**लाहौर।** इमरान खान ने रविवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी इस्लामाबाद के लिए मार्च उसी स्थान से फिर से शुरू करेगी जहां पंजाब प्रांत में एक रैली के दौरान उन्हें गोली मारी गई थी। उन्होंने हमला कराने का आरोप प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और दो अन्य पर लगाया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ प्रमुख (पीटीआई) के प्रमुख की गोली लगने के बाद बृहस्पतिवार को सर्जरी हुई थी। उन्होंने अपने धर्मार्थ संगठन के स्वामित्व वाले शौकत खानम अस्पताल से एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। खान ने कहा, 'हमने तय किया है कि हमारा मार्च मंगलवार को वजीराबाद में उसी स्थान से फिर से शुरू होगा जहां मुझे और 11 अन्य को गोली मारी गई थी और जहां मोअज्जम शहीद हुए थे। खान (70) के दाहिने पैर में तब गोली लगी थी जब वजीराबाद इलाके में दो बंदूकधारियों ने उन पर और अन्य पर गोलियां चलाई थीं। उस समय खान मार्च का नेतृत्व कर रहे थे। खान पर हमले के दौरान गोली लगने से पीटीआई कार्यकर्ता मोअज्जम गोंडल की मौत हो गई थी। हमले के बाद रैली को स्थगित कर दिया गया था। मैं यहां से (लाहौर में) मार्च को संबोधित करूंगा और हमारा मार्च अगले 10 से 14 दिन के भीतर रावलपिंडी पहुंच जाएगा जो गति पर निर्भर करेगा। पीटीआई प्रमुख ने कहा कि जब मार्च रावलपिंडी पहुंचेगा, तो वह इसमें शामिल होंगे और खुद इसका नेतृत्व करेंगे।

## तंजानिया में छोटा यात्री विमान दुर्घटना के बाद विक्टोरिया झील में गिरा, 19 लोगों की मौत

**नैरोबी।** पूर्वी अफ्रीका में स्थित तंजानिया में एक हवाई अड्डे की तरफ जा रहा एक छोटा यात्री विमान रविवार सुबह दुर्घटनाग्रस्त होकर विक्टोरिया झील में गिर गया। तंजानिया के प्रधानमंत्री कासिम मजालिवा ने बताया कि इस हादसे में विमान सवार 19 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि विमान में सवार 26 लोगों को बचा लिया गया है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विमान बुकोबा हवाई अड्डे की ओर जा रहा था, लेकिन हादसे का शिकार हो गया। अभी यह नहीं पता चल सका है कि बचाए गए लोगों में से किसी की अस्पताल में मौत हुई है या नहीं। तंजानिया की एअरलाइन कंपनी प्रीसीजन एअर ने कहा कि विमान ने तटवर्ती शहर दार एस सलाम से उड़ान भरी थी। मीडिया की खबरों में झील में काफी हद तक डूबे विमान की तस्वीर दिखाई गई है। कागेरा प्रांत के पुलिस कमांडर वलियम मवापाघले ने संवाददाताओं से कहा कि बचावकर्मियों ने काफी लोगों को बचाया है। विलियम ने कहा, जब विमान हवा में 100 मीटर की ऊंचाई पर था, तभी इसे खराब मौसम का सामना करना पड़ा। बरसात हो रही थी और विमान पानी में गिर गया। बचाव कार्य जारी है।

## मिस्र में संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता के लिए जुटे प्रतिनिधि

**शर्म अल-शेख (मिस्र)।** मिस्र के समुद्र तटीय शहर शर्म अल-शेख में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वार्ता के वास्ते दुनियाभर से प्रतिनिधि रविवार को एकत्र हुए। यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब दुनिया कई अन्य संकटों से जूझ रही है, जिसमें यूक्रेन में युद्ध, उच्च मुद्रास्फीति, भोजन और ऊर्जा की कमी शामिल है। वार्ताकारों ने बैठक से दो दिन पहले इस बात पर चर्चा की कि क्या जलवायु परिवर्तन से पीड़ित कमजोर देशों को होने वाले नुकसान और क्षति, या क्षतिपूर्ति के मुद्दे पर औपचारिक रूप से विचार किया जाए अथवा नहीं। इस मुद्दे पर, बैठक के आधिकारिक रूप से शुरू होने से कुछ घंटे पहले ही सहमति बनी।संयुक्त राष्ट्र के जलवायु वैज्ञानिक पैनल के प्रमुख ने उद्घाटन भाषण में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती और ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के अनुकूलन की तात्कालिकता पर प्रकाश डाला।जलवायु परिवर्तन पर अंतरसरकारी समिति के अध्यक्ष होसंग ली ने कहा, यह हमारे ग्रह और हमारी आजीविका को बचाने के लिए एक पीढ़ी को एक बार मिलने वाला अवसर है। वार्ता के निवर्तमान अध्यक्ष एवं ब्रिटेन के अधिकारी आलोक शर्मा ने कहा कि देशों ने ग्लासगो में पिछली बैठक में काफी प्रगति की, जिसमें उत्सर्जन में कटौती के लिए अधिक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करना, 2015 के पेरिस समझौते के नियमों को अंतिम रूप देना और कोयले के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से बंद करने की शुरुआत करने की प्रतिबद्धता जताना शामिल है। उन्होंने कहा, हमने 1.5 डिग्री बरकरार रखा। उनका इशारा पेरिस समझौते के सबसे महत्वाकांक्षी लक्ष्य की ओर था, यानि तापमान में वृद्धि को पूर्व-औद्योगिकरण सीमा तक बनाए रखना।

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने महाराजा चार्ल्स तृतीय की ताजपोशी के लिए छुट्टी की घोषणा की

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने महाराजा चार्ल्स तृतीय की ताजपोशी के उपलक्ष्य में 2023 के लिए अतिरिक्त आधिकारिक अवकाश की रविवार को घोषणा की। अपनी मां महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद सितंबर में ब्रिटिश राजगद्दी संभालने वाले 73 वर्षीय चार्ल्स को छह मई, 2023 को लंदन के वेस्टमिंस्टर एबे में एक पारंपरिक समारोह में आधिकारिक रूप से ताज पहनाया जाना है। इस ऐतिहासिक मौके के मद्देनजर प्रधानमंत्री निवास सह कार्यालय डाउनिंग स्ट्रीट ने घोषणा की कि सोमवार आठ मई, 2023 को एक आधिकारिक अवकाश होगा, जिसे ब्रिटेन में बैंक अवकाश के रूप में जाना जाता है। सुनक ने कहा, नए महाराजा की ताजपोशी हमारे देश के लिए एक अनूठा क्षण है। इस ऐतिहासिक अवसर के उपलक्ष्य में मुझे अगले साल समूचे ब्रिटेन के लिए एक अतिरिक्त अवकाश की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। वर्ष 1953 में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की ताजपोशी के लिए अवकाश के अनुरूप, महाराजा चार्ल्स की ताजपोशी को देशभर के परिवारों और समुदायों के लिए एक साथ जश्न मनाने के अवसर के रूप में देखा जा रहा है।

## सीरियाई सेना की गोलाबारी में नौ लोगों की मौत

**इदलिब (सीरिया)।** सीरियाई सेना ने तंबुओं में रह रहे लोगों की बस्ती पर रविवार सुबह गोलाबारी की, जिसमें कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। बस्ती में विद्रोहियों के कब्जे वाले उत्तर-पश्चिमी इलाके में संघर्ष के कारण विस्थापित हुए परिवार रह रहे थे। युद्ध विरोधी निगरानीकर्ताओं ने यह जानकारी दी। गोलाबारी की यह घटना रूस और तुर्की के बीच मार्च 2020 में हुए संघर्ष विराम समझौते के उल्लंघन की ताजा घटना है। इदलिब सीरिया में विद्रोहियों का अंतिम प्रमुख गढ़ है। इस समझौते का पिछले दो वर्षों में बार-बार उल्लंघन हुआ है, जिसमें सैकड़ों लोग अब तक हताहत हुए हैं। इस बस्ती को मरम शिविर के नाम से जाना जाता है और यह इदलिब की प्रांतीय राजधानी के उत्तर पश्चिम में स्थित है।

# यूक्रेन ने पूर्वी क्षेत्र में रूसी बर्बरता को लेकर आगाह किया

भाषा। कीव



रूसी शहर कोस्त्रोमा में एक बड़े कैफे में आग लग गई है। 13 लोग और पांच अन्य घायल हो गए उनको लोगों पुष्पाजंलि दी

**पहले से** भीषण सैन्य संघर्ष की जद में आए यूक्रेन के पूर्वी इलाके में रूसी सेना ने अपने हमले तेज कर दिए हैं, जिससे दोनेत्स्क प्रांत पर रूस के अवैध कब्जे और मार्शल लॉ की घोषणा के कारण पहले से ही कठिन स्थितियों का सामना कर रहे नागरिकों के लिए और भी विषम परिस्थितियां पैदा हो गई हैं। इस क्षेत्र के यूक्रेनी गवर्नर पावलो किरिलेंको ने बताया कि हमलों में आई तेजी के कारण बखमुट शहर और निकटवर्ती सोलेदार शहर को बिजली आपूर्ति करने वाले संयंत्र लगभग तहस-नहस हो चुके हैं। उन्होंने शनिवार देर रात बताया कि गोलाबारी में एक नागरिक की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। किरिलेंको ने एक सरकारी टेलीविजन चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा, यह विनाश प्रति घंटे नहीं तो (कम से कम) रोजाना तो है ही। फरवरी के अंत में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने से पहले मास्को समर्थित अलगाववादियों ने लगभग आठ वर्षों तक दोनेत्स्क के एक हिस्से पर अपना कब्जा जमाए रखा था। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आक्रमण के औचित्य के एक पहलू में अलगाववादियों के स्व-घोषित गणराज्य की रक्षा करना गिनाया और उनके सैनिकों ने पूरे प्रांत पर कब्जा करने की कोशिश में महीनों गंवाए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रात को जारी वीडियो संदेश में कहा कि यद्यपि रूस की सर्वाधिक बर्बरता दोनेत्स्क क्षेत्र में केंद्रित थी, लेकिन रूसी सेना की निरंतर लड़ाई अग्रिम मोर्चे पर ।,000 किलोमीटर (620 मील) से अधिक क्षेत्र में जारी है। राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, शनिवार और रविवार के बीच, रूस ने चार मिसाइल और 19 हवाई हमले किए, जिसके कारण उत्तर पूर्व में चेर्निहीव और खारकीव से लेकर दक्षिण में खेरसॉन और माइकोलेव के सात क्षेत्रों के 35 से अधिक गांव प्रभावित हुए हैं। इस समय सकारात्मक खबर ज़ापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र को यूक्रेन के पावर ग्रिड से फिर से जोड़ने की है। यूरोप के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र को महत्वपूर्ण शीतलन प्रणाली को बनाए रखने के लिए बिजली की आवश्यकता होती है, लेकिन यह आपातकालीन डीजल जनरेटर पर चल रहा था, क्योंकि रूसी गोलाबारी के कारण इसका बाहरी कनेक्शन टूट गया था।

## भारत में अवैध हैकर के जरिए विशिष्ट लोगों, राज्यों को निशाना बनाया जा रहा : रिपोर्ट

**लंदन।** अवैध हैकिंग की सुविधा उपलब्ध कराने वाली कंपनियां पूरे भारत में अपने काम को अंजाम दे रही हैं और वे विशिष्ट लोगों (वीआईपी) तथा देशों के ई-मेल और फोन में सेंधमारी कर रही हैं। रविवार को सामने आई एक खबर में यह दावा किया गया। इस हैंकिंग को अंजाम देने के लिए भुगतान दुनियाभर के निजी जासूसों द्वारा किया जा रहा है। इन हैंकिंग कंपनी को हैक फोर फायर के नाम से पहचाना जा रहा है। कई भारतीय हैकर का पर्दाफाश करने के लिए एक स्टिंग ऑपरेशन किया, जिसमें सामने आया कि तानाशाह देशों, ब्रिटिश वकीलों और अपने अमीर ग्राहकों के लिए काम करने वाले निजी जासूसों के वास्ते हैकर, पीड़ितों के निजी ईमेल खातों और संदेशों को हैक करने के लिए अपनी सेवाओं की पेशकश कर रहे हैं।

# रिलायंस इंडस्ट्रीस को पछाड़कर दूसरी तिमाही की सबसे लाभदायक कंपनी बनी एसबीआई

SBI

भाषा। मुंबई

**भारतीय स्टेट** बैंक (एसबीआई) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ बढ़कर 14,752 करोड़ रुपए रहा। इसी के साथ एसबीआई देश की सबसे लाभदायक कंपनी बन गई है।

एसबीआई ने रिलायंस इंडस्ट्रीज को भी पीछे छोड़ दिया है। रिलायंस ने सितंबर तिमाही में 13,656 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है। इससे पहले कई दशकों तक सबसे लाभदायक कंपनी उद्योगपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज थी। हालांकि, समीक्षाधीन तिमाही में रिलायंस को अप्रत्याशित कर के रूप में 4,039 करोड़ रुपए का भुगतान करना पड़ा जिस वजह से एसबीआई इससे आगे निकल गया। एसबीआई की एकल आधार पर शुद्ध आय 30 सितंबर को समाप्त दूसरी तिमाही में 74 प्रतिशत बढ़कर 13,256 करोड़ रुपए हो गई है। वहीं निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 11,125 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है।

## रिलायंस भारत की सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता: फोर्ब्स

नई दिल्ली। फोर्ब्स ने राजस्व, लाभ और बाजार मूल्यांकन के लिहाज से देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज को काम करने के लिहाज से भी भारत की सबसे अच्छी और दुनिया की 20वी सबसे अच्छी नियोक्ता कंपनी बताया है। फोर्ब्स की विश्व की सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता रैंकिंग 2022 में रिलायंस इंडस्ट्रीज के बारे मे यह कहा गया है। वैश्विक रैंकिंग मे दक्षिण कोरिया की दिग्गज कंपनी सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ऊपर है और इसके बाद अमेरिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम, अल्फाबेट और एप्पल का स्थान है। इस सूची में दूसरे से 12वें स्थान पर अमेरिकी कंपनियों का कब्जा है। इसके बाद जर्मनी की वाहन विनिर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू ग्रुप 13वे स्थान पर है। दुनिया की सबसे बड़ी ऑनलाइन विक्रेता अमेजन इस रैंकिंग मे 14वें स्थान पर और फ्रांस की दिग्गज कंपनी डेकेथलॉन 15वे स्थान पर है। वही, पेट्रोलियम से लेकर खुदरा कारोबार तक का संचालन करने वाली रिलायंस इस वैश्विक सूची मे 20वे स्थान पर मौजूद है। रिलायंस इस रैंकिंग मे सर्वोच्च स्थान पाने वाली भारतीय कंपनी है। यह जर्मनी की मर्सिडीज-बेंज, अमेरिकी की कोका-कोला, जापान की वाहन कंपनी होंडा और यामाहा तथा सऊदी अरामको से भी इस सूची में ऊपर है। शीर्ष 100 कंपनियों मे रिलायंस के अलावा कोई भी भारतीय कंपनी नही है। एचडीएफसी बैंक 137वे स्थान पर है। बजाज इस रैंकिंग मे 173वे, आदित्य बिड़ला ग्रुप 240 वे, लार्सन एंड टुब्रो 354वे, आईसीआईसीआई बैंक 365वे, अडाणी एंटरप्राइजेज 547वे और इंफोसिस 668वे स्थान पर है।

## भारत ने अक्टूबर में रूस से सबसे अधिक कच्चे तेल का आयात किया

**नई दिल्ली।** रूस अक्टूबर में सऊदी अरब और इराक जैसे परंपरागत विक्रेताओं को पछाड़कर भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता बन गया है। कच्चे तेल की आपूर्ति पर नजर रखने वाली वोर्टेक्स के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। अक्टूबर के दौरान रूस ने भारत को 935,556 बैरल प्रति दिन (बीपीडी) कच्चे तेल की आपूर्ति की है। यह उसके द्वारा भारत को कच्चे तेल की अब तक की सर्वाधिक आपूर्ति है। वहीं, बीते वित्त वर्ष के दौरान भारत द्वारा आयात किए गए सभी तेल में रूस के तेल का सिर्फ 0.2 प्रतिशत हिस्सा था। यह अब भारत के कुल कच्चे तेल के आयात का 22 प्रतिशत हो गया है, जो इराक के 20.5 प्रतिशत और सऊदी अरब के 16 प्रतिशत से अधिक है। वोर्टेक्स के अनुसार, भारत ने दिसंबर 2021 में रूस से प्रति दिन केवल 36,255 बैरल कच्चे तेल का आयात किया, जबकि इराक से 10.5 लाख बैरल और सऊदी अरब से 952,625 बैरल प्रति दिन का आयात किया गय।

# विस्तारित पेंशन कवरेज को चार महीने के भीतर अपना सकते हैं पात्र कर्मचारी

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय ने** कर्मचारी पेंशन (संशोधन) योजना, 2014 को बरकरार रखा है जिसके बाद 2014 से पहले विस्तारित पेंशन कवरेज को न अपनाने वाले पात्र कर्मचारी भी अगले चार महीने में इसका हिस्सा बन सकते हैं। इस फैसले के बाद एक सितंबर 2014 तक ईपीएस के मौजूदा सदस्य रहे कर्मचारी अपने वास्तविक वेतन का 8.33 फीसदी तक योगदान दे सकते हैं। पहले वे पेंशन-योग्य वेतन का 8.33 फीसदी योगदान ही दे पाते थे और इसकी भी अधिकतम सीमा 15,000 रुपए प्रतिमाह तय थी। लेकिन अब कर्मचारी इस योजना में अधिक योगदान दे सकेंगे और अधिक लाभ भी पा सकेंगे। इसके साथ ही न्यायालय ने 2014 के संशोधनों में उन शर्त को शुक्रवार को निरस्त कर दिया जिसमें कर्मचारी के लिए 15,000 प्रतिमाह से अधिक के वेतन का 1.16 फीसदी योगदान अनिवार्य किया गया था। कर्मचारी संगठनों ने मांग की है कि सरकार पेंशन कोष ईपीएफओ के केंद्रीय बोर्ड के न्यासियों की असाधारण बैठक बनाए ताकि शीर्ष अदालत के आदेश को जल्द लागू किया जा सके। अगस्त 2014 में पेंशन योजना में संशोधन करते हुए पेंशनयोग्य वेतन की अधिकतम सीमा 15,000 रुपए प्रतिमाह कर दी गई थी जो पहले 6,500 रुपए प्रतिमाह थी। इससे सदस्य और उनके नियोक्ता के लिए वास्तविक वेतनों का 8.33 फीसदी योगदान संभव हो सका।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड
**उत्तराखण्ड जल संस्थान**
लेन नं.-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001
Phone No.: 0135-2671940, E-mail - eemdujs@rediffmail.com

पत्रांकः 3422/ई-निविदा सूचना/2022-23, दिनांक 03.11.2022

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के कार्यो हेतु निविदा क्र0सं0 03 एवं 04 में अंकित योजना सिंगल बिड तथा शेष ई-निविदा, टू-बिड सिस्टम (तकनीकी बिड एवं कॉमर्शियल बिड) आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं :

| निविदा क्र सं. | विकास खण्ड | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (रू० में) | निविदा का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | रायपुर | धारकोट पेयजल योजना में सतही जलाशय निर्माण, राइजिंग मेन, वितरण पाइप लाइन बिछाने, पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 156000.00 | रू. 4000+ GST | 06 माह |
| 2 | रायपुर | धनौला पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, गुरुत्व मेन वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य । | 182850.00 | रू. 4000+ GST | 09 माह |
| 3 | रायपुर | छमरौली पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, गुरुत्व मेन, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य । | 80820.00 | रू. 4000+ GST | 06 माह |
| 4 | रायपुर | बाण्डावाली पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, गुरुत्व मेन, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य । | 80000.00 | रू. 4000+ GST | 06 माह |
| 5 | रायपुर | सनगाँव पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, गुरुत्व मेन, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य । | 143200.00 | रू. 4000+ GST | 09 माह |
| 6 | सहसपुर | रिखोली पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, गुरुत्व मेन, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 175150.00 | रू. 4000+ GST | 09 माह |
| 7 | सहसपुर | पुरोहितवाला पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, गुरुत्व मेन, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 115460.00 | रू. 4000+ GST | 06 माह |
| 8 | डोईवाला | खाण्ड रायवाला पेयजल योजना में वितरण पाइप लाइन बिछाने, विद्युत कार्य सम्बन्धित संयंत्र की आपूर्ति अधिष्ठापन एव तत्सम्बन्धी सहसपुर डोईवाला कार्य । | 107450.00 | रू. 4000+ GST | 09 माह |
| 9 | डोईवाला | साहब नगर पेयजल योजना में उर्ध्व जलाशय निर्माण, नलकूप अधिष्ठापन, राईजिंग मैन पाइप लाइन बिछाने, पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य । | 296250.00 | रू. 4000+ GST | 09 माह |
| 10 | डोईवाला | छिद्दरवाला पेयजल योजना में वितरण पाइप लाइन बिछाने, पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 477000.00 | रू. 4000+ GST | 09 माह |
| 11 | डोईवाला | चक जोगीवाला पेयजल योजना में उर्ध्व जलाशय निर्माण, नलकूप अधिष्ठापन, राईजिंग मेन पाइप लाइन बिछाने, पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य । | 460800.00 | रू. 4000+ GST | 09 माह |

निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं।

| क्र०सं० | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि । | 15.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि । | 15.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 3 | प्री-बिड मीटिंग की तिथि । | 19.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि । | 24.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 29.11.2022 up to 17:00 Hrs |
| 6 | विवरण ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज। | 29.11.2022 up to 17:00 Hrs |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि । | 30.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 8 | वित्तीय निविदा खेलने की तिथि । | सूचना पृथक से दी जायेगी। |

ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्तें उत्तराखण्ड राज्य की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाइन देखी/प्राप्त की जा सकती हैं।

जल संचय - जीवन संचय

अधिशासी अभियंता


# एक महीने से कम समय में भारत में भी शुरू होगा ट्विटर ब्लू : मस्क

भाषा। नई दिल्ली

**ट्विटर पर** सत्यापन के बाद जारी किए जाने वाले बैज ब्लू टिक के लिए भारत में उपयोगकर्ताओं से हर महीने शुल्क लेने की शुरुआत एक महीने से भी कम समय में हो सकती है। सोशल मीडिया मंच के नए मालिक उद्योगपति एलन मस्क ने यह कहा है। इस महीने की शुरुआत में मस्क ने कहा था कि ट्विटर पर सत्यापन के बाद जारी किए जाने वाले ब्लू टिक बैज के लिए उपयोगकर्ताओं को हर महीने आठ डॉलर का शुल्क देना होगा। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क ने लंबे विवाद के बाद गत 27 अक्टूबर को 44 अरब डॉलर में ट्विटर का अधिग्रहण किया था। उन्होंने इस सोशल मीडिया मंच की कमान संभालते ही कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पराग अग्रवाल और कानूनी मामलों एवं नीति प्रमुख विजया गड्डे समेत चार शीर्ष अधिकारियों को निकाल दिया था। इसके बाद ट्विटर ने दुनिया भर में बड़े पैमाने पर छंटनी के हिस्से के रूप में भारत में भी अपने 200 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। मस्क ने अब कहा है कि भारत में एक महीने के भीतर ट्विटर पर ब्लू टिक के लिए हर माह शुल्क लगाने की उम्मीद की जा सकती है। मस्क ने एक ट्विटर उपयोगकर्ता के भारत में ट्विटर ब्लू सेवा शुरू होने के समय के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में ट्वीट किया, 'उम्मीद है, एक महीने से भी कम समय में'। हालांकि, भारत में इसका मूल्य तय करने को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

# जीएम सरसों से शहद-उत्पादक किसानों को नुकसान होने का खतरा: सीएआई

भाषा। नई दिल्ली



**जीएम सरसों** को पर्यावरणीय परीक्षण के लिए जारी किए जाने पर उठे विवादों के बीच देश में मधुमक्खी-पालन उद्योग के महासंघ कंफेडरेशन ऑफ ऐपीकल्चर इंडस्ट्री (सीएआई) ने इस फैसले को मधु क्रांति के लिए बेहद घातक बताते हुए इस पर रोक लगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दखल देने की मांग की है। मधुमक्खी-पालन उद्योग संगठन सीएआई के अध्यक्ष देवव्रत शर्मा ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा, हमने प्रधानमंत्री से मांग की है कि वह आनुवांशिक रूप से संशोधित (जीएम) सरसों की फसलों को अनुमति न देकर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सरसों खेती से जुड़े लगभग 20 लाख किसानों और मधुमक्खीपालक किसानों की रोजी-रोटी छिनने से बचाएं। शर्मा ने कहा, 'जीएम सरसों की खेती होने पर मधुमक्खियों के पर-परागण से खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने एवं खाद्यतेलों की आत्मनिर्भरता का प्रयास प्रभावित होने के साथ ही मधु क्रांति का लक्ष्य और विदेशों में भारत के गैर-जीएम शहद की भारी निर्यात मांग को भी धक्का लगेगा। उन्होंने कहा, हमारे यहां पहले सूरजमुखी की अच्छी पैदावार होती थी और थोड़ी-बहुत मात्रा में ही इसका आयात करना पड़ता था। लेकिन सूरजमुखी बीज के संकर किस्म के आने के बाद आज सूरजमुखी की देश में पैदावार खत्म हो गई है और अब सूरजमुखी तेल की जरूरत सिर्फ आयात के जरिए ही पूरी हो पाती है। यही हाल सरसों का भी होने का खतरा दिखने लगा है। शर्मा ने कहा कि मधुमक्खी-पालन के काम में उत्तर भारत में लगभग 20 लाख किसान प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा उत्तर भारत के लगभग तीन करोड़ परिवार सरसों खेती से जुड़े हुए हैं। देश के कुल सरसों उत्पादन में अकेले राजस्थान का ही योगदान लगभग 50 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, 'जीएम सरसों का सबसे बड़ा नुकसान खुद सरसों को ही होगा। फिलहाल किसान खेती के बाद अगले साल के लिए बीज बचा लेते हैं लेकिन जीएम सरसों के बाद ऐसा करना संभव नहीं रहेगा और किसानों को हर बार नए बीज खरीदने होंगे जिससे उनकी लागत बढ़ेगी। मधुमक्खियों के पर-परागण के गुण और खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने में मधुमक्खियों की भूमिका के संदर्भ में शर्मा ने कहा, जीएम सरसों को कीटरोधक बताया जा रहा है तो मधुमक्खियां भी तो एक कीट ही हैं।

# हर्षोल्लास व भव्यता के साथ मनाई जाए देव दीपावली: योगी




पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

## मुख्यमंत्री ने तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

### काशी.तमिल संगमम की सभी तैयारियां उच्चस्तरीय होनी चाहिए, गंगा घाटों और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं

### देव दीपावली के दौरान ड्यूटी पर लगाए गए पुलिसकर्मियों की काउंसिलिंग की जाए, उनका जनसामान्य के प्रति व्यवहार अच्छा हो: सीएम

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ अपने एक दिवसीय वाराणसी दौरे पर रविवार को वाराणसी पहुंचे और सर्किट हाउस सभागार में आला अधिकारियों के साथ बैठक कर 17 नवम्बर से 16 दिसंबर तक जनपद में आयोजित होने वाले ष्काशी.तमिल संगमम्ष् तथा 7 नवंबर सोमवार को होने वाले देव.दीपावली के तैयारियों की समीक्षा किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि एक माह तक चलने वाले ष्काशी.तमिल संगमम्ष् की सभी तैयारियां उच्चस्तरीय होनी चाहिए। इसके साथ ही सोमवार को होने वाले देव दीपावली पर्व को पूरे हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाया जाए। गंगा घाटों एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के चाक. चौबंद एवं मुकम्मल इंतेजाम सुनिश्चित किए जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि वाराणसी में एक माह तक आयोजित होने वाले ष्काशी.तमिल संगमम्ष् केंद्र के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित हो रहा है। इसमें उत्तर प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा समन्वय की पूरी जिम्मेदारी हैं। मुख्यमंत्री द्वारा स्थानीय स्तर पर रह रहे तमिल लोगों से संवाद स्थापित किए जाने के क्रम में कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने बताया कि वाराणसी में तमिलनाडु के रह रहे लगभग 1000 से अधिक परिवार के लोगों से संवाद स्थापित हो गया है। मुख्यमंत्री ने स्थानीय स्तर पर रह रहे तमिल के लोगों से संवाद स्थापित कर कार्यक्रम से जोड़े जाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि स्थानीय पुलिस के साथ तमिल वॉलिंटियर को रखा जाए। जिससे बाहर से आने वाले तमिल समुदाय के लोगों से सहज समन्वय स्थापित हो सके। स्थानीय स्तर पर तमिल समुदाय के ऐसे लोग जो विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किए होए ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाए। ताकि तमिलनाडु से आने वाले लोगों के साथ वे अपने अनुभव को साझा कर सकें। इस कार्य में काशी हिंदू विश्वविद्यालय एवं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के विद्वानों को भी रखा जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तमिल भाषा का उद्गम भगवान शिव से ही हुआ हैए इसलिए काशी से अच्छा इस कार्यक्रम के लिए कोई दूसरा स्थान नहीं हो सकता। कार्यक्रम के दौरान आने वाले डेलिगेशन सदस्यों का स्वागत पहले दिन डमरू दल द्वारा तो दूसरे दिन वैदिक मंत्र उच्चारण से किया जाए। ष्काशी.तमिल संगमम्ष् कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 नवंबर को वर्चुअल जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में ष्काशी. तमिल संगमम्ष् के दौरान तमिलनाडु से आने वाले डेलिगेशन सदस्यों की समुचित एवं पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि डेलिगेशन में आए सदस्य प्रयागराज एवं अयोध्या भी जाएंगेए इसलिए वहां के जिला प्रशासन के साथ समन्वय बैठक कर लिया जाए। उन्होंने इसके लिए मुख्य सचिव एवं डीजीपी के स्तर पर उच्च स्तरीय बैठक किए जाने का निर्देश देते हुए कहा कि इस बैठक में रेलवे के भी अधिकारियों को सम्मिलित किया जाए। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान पूरे शहर की समुचित स्वच्छता एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि इसमें किसी भी स्तर पर कोताही न बरती जाए। कार्यक्रम स्थल पर नोडल अधिकारियों की तैनाती कर दी जाए। इसके साथ ही द्विभाषी लोगों की भी व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर सुनिश्चित कराया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित होने वाले देव दीपावली पर्व की समीक्षा के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के साथ.साथ सुरक्षा के मुकम्मल एवं चाक.चौबंद इंतजाम सुनिश्चित कराए जाने हेतु पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने देव दीपावली पर्व पर यातायात व्यवस्था को चुस्त.दुरुस्त रखने तथा जनसामान्य को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने देने पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने छुट्टा एवं घुमंतू पशुओं को नियंत्रित किये जाने का निर्देश दिया। मणिकर्णिका घाट पर स्वच्छता की कमी होने पर मुख्यमंत्री ने समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के साथ ही शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने नशे की हालत में नौका संचालन न किए जाने की हिदायत देते हुए एनडीआरएफएवं जल पुलिस के लोगों को पूरी तरह एक्टिव रहने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विशेष जोर देते हुए कहा कि देव दीपावली के दौरान ड्यूटी पर लगाए गए पुलिसकर्मियों की काउंसलिंग किया जाएए उनका जनसामान्य के प्रति व्यवहार अच्छा हो। भीड़ पर किसी भी दशा में लाठीचार्ज नहीं होनी चाहिए।

# मथुरा के जवाहर बाग में कल महारास नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगी हेमा मालिनी



**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी की स्थानीय सांसद और मशहूर फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी आठ नवंबर को पूर्णिमा के मौके पर जिला मुख्यालय के समीप जवाहर बाग में रास नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगी। सांसद ने रविवार को स्वयं इसकी जानकारी दी। वृंदावन में पत्रकारों से बातचीत में हेमा मालिनी ने कहा कि वह वर्षों की मेहनत से तैयार राधा रास बिहारी रास नृत्य की प्रस्तुति जवाहर बाग में आठ नवंबर को करेंगी और यह उनके जीवन का ड्रीम प्रोजेक्ट है। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सहयोग से प्रस्तुत किए जाने वाले नृत्य नाटिका के महारास में भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी के अलौकिक प्रेम की शुरुआत और बाद की छेड़छाड़ के नयनाभिराम दृश्य प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए तकरीबन दो दर्जन युवकयुवतियों का एक दल मुंबई से आ रहा है जो 80 मिनट की नाटिका प्रस्तुत करेगा और यह अपने आप में अद्भुत एवं अलौकिक अनुभव होगा। सांसद ने बताया कि जिस प्रकार मथुरा के संतमहात्माकथाकार आदि कईकई घंटों में भगवान की लीलाओं का वर्णन करते हैं, उन्हीं लीलाओं को हम नृत्य नाटिका के माध्यम से श्रव्यदृश्य माध्यम से कुछ ही (80) मिनटों में कर दिखाते हैं। इस नाटिका में हम दिखाएंगे कि किस प्रकार कृष्ण और राधिका का पहली बार आमनासामना होता है और किस प्रकार उनकी लीलाएं धीरेधीरे आगे बढ़ती हैं और उनके बीच का अलौकिक प्रेम आकार लेता है। हेमा मालिनी के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आमंत्रण दिया गया है और उन्होंने हिमाचल प्रदेश के चुनाव अभियान में से यहां आने का आश्वासन दिया है।

## पर्यटन व संस्कृति मंत्री आज देव दीपावली कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह 7 नवंबर सोमवार को अपराहन 1रू00 बजे वाराणसी पहुंचेंगे तथा इसी दिन अपराह्न 2रू00 बजे गुरुधाम चौराहा दुर्गाकुंड स्थित इस्कॉन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे। तत्पश्चात सायं 5रू00 बजे पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह राजघाट पर देव दीपावली कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करने के पश्चात 08 नवम्बर मंगलवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने के पश्चात सड़क मार्ग द्वारा लखनऊ प्रस्थान करेंगे।

## हम जीएम सरसों का कहीं पर भी ट्रायल नहीं करने देंगे : राकेश टिकैत

**प्रयागराज।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने रविवार को यहां आयोजित महापंचायत में कहा कि वह कहीं भी अनुवांशिकी तौर पर परिवर्तित (जीएम) सरसों का ट्रायल होने नहीं देंगे। धूमनगंज थाना अंतर्गत झलवा के घुंघरू चौराहे के पास किसानों की महापंचायत को संबोधित करते हुए टिकैत ने कहा, केंद्र के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने जीएम सरसों के ट्रायल की मंजूरी दी है। दो स्थानों उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर और राजस्थान के भरतपुर में ट्रायल करने की तैयारी है।

# रामनगरी में सुभाष चंद्र बोस की डेथ मिस्ट्री पर बनी फिल्म देश नायक की हुई लांचिंग



## नेताजी कट्टर हिंदू थे सांप्रदायिक नहीं: डायरेक्टर अमलान

**अयोध्या।** अयोध्या सुरसर मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय श्री रामोत्सव और अयोध्या लिटरेचर फेस्टिवल के दौरान गुमनामी बाबा भगवान जी नेता सुभाष चंद्र बोस के डेथ मिस्ट्री पर आधारित फिल्म सन्यासी देशनायक को रिलीज किया गया इस दौरान फिल्म के डायरेक्टर अमलान कुसुम घोष पत्रकारों से मुखातिब होते हुए बताया की यह फिल्म 77 वर्षों से प्रतीक्षारत नेताजी सुभाष चंद्र के मृत्यु की मिस्त्री पर बनी है उन्होंने सवाल खड़ा करते हुए कहा की आखिर कौन सी मजबूरी है की सरकार उनके सभी फाइलों को ओपन नहीं कर रही है। उन्होंने बताया की गुमनामी बाबा भगवान जी अयोध्या नैमिषरण् और बस्ती में भगवान रूप में रहे और तीन आयोग बनाए गए लेकिन उनकी मिस्त्री सुलझी नहीं 4 नवंबर को बांग्ला भाषा में बनी यह फिल्म पश्चिम बंगाल में रिलीज हुई और 11 नवंबर को पूरे देश में रिलीज होगी इस फिल्म में 40 प्रतिशत डायलॉग अवधि में हैं क्योंकि गुमनामी बाबा का जीवन यही व्यतीत हुआ। उन्होंने बताया की नेताजी कट्टर हिंदू थे सांप्रदायिक नहीं थे वह देश की नेशनलिटी हिंदू के रूप में चाहते थे लेकिन देश संविधान और नियम कानून से चले। इस अवसर पर गायिका साधना सरगमए प्रिया नाथ चट्टोपाध्याय एवं इंद्राणी चट्टोपाध्याय भी मौजूद रही। इसके बाद तीन कलसा तिवारी मंदिर के महंत गिरीश पति त्रिपाठी का हृदय में राम पर व्याख्यान हुआ।श्री राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय के बौद्धिक व्याख्यान को सुनकर सभी के अंदर सनातन धर्म के लिए नई ऊर्जा जागृत हुई।आईएएस वी ललित लक्ष्मी ने अपने व्याख्यान में बताया की सारी प्रशासनिक क्षमता रामायण में बताई गई हैं इसीलिए हर व्यक्ति राम राज्य की कल्पना करता है। अयोध्या लिटरेचर फेस्टिवल में बैंकॉक से वर्चुअल जुड़ी अनीता उसने साउथ वेस्ट एशिया में रामायण पर अपना व्याख्यान दिया वही स्वामी विवेकानंद मां काली पर आधारित ईश्वर नारी और भारतीय साहित्य पर फिल्म मेकर अर्जुन चक्रवर्ती ने अपने व्याख्यान से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के संयोजक प्रिया नाथ चट्टोपाध्याय ने बताया की समापन सत्र में अभिनेत्री और गायिका साधना सरगम जी का भजन होगा साथ ही साथ भारतीय रेलवे मल गोदाम श्रमिक संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण पासवान अभिषेक वर्मा अडिग्म तालुकदार अपने हजारों श्रमिक भाइयों के साथ एक लाख दीप प्रज्वलित करेंगे। रामोत्सव में लेजर शो और बैण्ड की मधुर धुन सन झूम उठे लोग।

# रेलमंत्री ने किया आरेडिका का दौरा



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखानाएरायबरेली में रेलवे संचार और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फैक्ट्री परिसर का दौरा किया। इस दौरान आरेडिका के महाप्रबंधक एसएएसएकलसी ने रेलमंत्री को आरेडिका में विभिन्न प्रकार के कोचों के निर्माण एवं प्रोद्योगिकी के बारे मेंए अवगत कराया। रेलमंत्री ने सम्बोधन में आरेडिका के कोचों की तकनीकीए डिजाइन एवं गुणवत्ता की तारीफ की और आगे कहा कि वन्देभारत कोचों का निर्माण अप्रैल माह से एक बड़े स्तर पर आरेडिका में होने लगेगा। मोदी जी के सपनों और रेलवे के विकास में आरेडिका महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भविष्य में आरेडिका यूरोप के देशों में भी निर्यात करेगा। इकोनोमी कोचों का सफाई कर्मी महिलाओं के द्वारा फीता कटवाकर उद्घाटन कराया।कारखाना निरीक्षण के दौरान उन्होने आरेडिका में बन रहे वन्देभारत टेऽनसेटस् के निर्माण अवसंरचना एवं वन्देभारत टेऽनसेटस् के मोटरकोच का निरीक्षण किया जिससे वन्देभारत टेऽनसेटस् का नियमित उत्पादन प्रारम्भ को सके आगे इसी कड़ी में शैल असेम्बली लाइन में पूर्णतः स्वचालित मशीनों जैसे सीएनसी मशीन ए लेजर कटिंग बेल्डिंग मशीन ए फाइवर लेजर कटिंग मशीन ए रोबोट बेल्डिंग मशीन ए एवं व्हीलशॉप में स्वचालित व्हीलसेट मशीनों को देखा। इसके बाद इकोनॉमी कोचों की फर्निशिंग देखीए और उन्होने एसी इकोनॉमी क्लास के कोचों को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। एसी इकोनॉमी क्लास के कोचों को नवीनतम तकनीक से निर्मित किया गया है जिसमें यात्रियों को सुविधाजनक एवं सुरक्षित यात्रा प्रदान करने केलिए अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के साथ.साथ दिव्यांग यात्रियों की सुविधा केलिए चौड़े प्रवेश द्वार एवं शौचालयों का निर्माण किया गया है। एसी इकोनॉमी क्लास के कोचों में बर्थ की संख्या 80 है।इस अवसर पर आशुतोष गंगल महाप्रबंधक उ0रे0ए एवं रायबरेली जिला प्रषासन के अधिकारियों सहित आरेडिका के उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अर्थक्रांति के जादुई फार्मूले से महंगाई होगी धड़ाम, बुजुर्गो को मानदेय देना भी होगा संभव

**वाराणसी।** राष्ट्रीय अर्थक्रांति मंच के तत्वावधान में वाराणसी के वरूणा पुल स्थित शास्त्री घाट पर आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह के अंतिम दिन छह नवम्बरए रविवार को पारित प्रस्ताव में केन्द्र सरकार से आग्रह किया गया कि देश में बढ़ी हुई महंगाई को नियंत्रित करने और जीवन गौरव अभियान के तहत 11 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को प्रति माह दस हजार रुपये मानदेय देने के लिए अर्थक्रांति के जादुई फार्मूले पर यथाशीघ्र अमल करे। अर्थक्रांति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रए संस्था के मार्गदर्शक मंडल के सदस्य वरिष्ठ पत्रकार पदमपति शर्मा एवं जीवन गौरव अभियान की राष्ट्रीय समन्वयक श्रीमती लीला जी ;हैदराबादद्ध की ओर से संयुक्त रूप से रखे प्रस्ताव को सत्याग्रह में भाग लेने आए देश के विभिन्न प्रांतो और स्थानीय कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से पारित किया। पारित प्रस्ताव मे कहा गया कि वैश्विक स्थिति के कारण पेट्रो उत्पाद व अन्य वस्तुओं की कीमतें बहुत बढ़ गई हैंए जिसे न्यूनतम स्तर पर लानेए देश के आम नागरिकों के साथ बुजुर्गों की सांझ सुहानी बनाने के लिए सरकार यदि ग्राम्य विकास और वरिष्ठ नागरिकों के कल्याणार्थ दशमलव चार प्रतिशत बैंक ट्रांजेक्शन टैक्स ; यानी सौ रुपये पर महज 40 पैसे द्ध लगाती है तो इससे सरकार को 12 लाख करोड़ का राजस्व प्राप्त होगा। वर्तमान में एक अनुमान के मुताबिक देश मे कुल बैंक ट्रांजेक्शन लगभग तीन हजार लाख करोड़ है। सरकार को एक्साइज ड्यूटी के मद मे लगभग तीन लाख करोड़ का राजस्व मिलता है। सरकार प्राप्त इस रकम से एक्साइज ड्यूटी समाप्त कर सकती है। ऐसा करते ही पेट्रोल.डीजल के मूल्य में 31 प्रतिशत की कमी हो जाएगीए और इससे राज्यों की ओर से लगाए जाने वाला वैट भी जाहिर हैए कम हो जाएगा। परिणामस्वरूप पेट्रोल 65 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत लगभग 60 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी। महगाई धड़ाम से नीचे आएगी और इसका कितना दूरगामी प्रभाव होगाए यह बताने की जरूरत नहीं है।

# ट्रक की टक्कर से दादा-पोते की मौत

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर जिले के धम्मौर थाना क्षेत्र में एक ट्रक की टक्कर से दादा-पोते की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि धम्मौर थाना क्षेत्र में शनिवार को टहलने निकले श्रीराम शर्मा (70) और उनके पोते रविशंकर (17) को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस हादसे में रविशंकर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि श्रीराम शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में इलाज के दौरान देर रात उन्होंने भी दम तोड़ दिया। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

**भदोही में तेज रफ्तार बाइक खड़े ट्रक में घुसी, बाइक सवार दो युवकों की मौत:** भदोही। जिले के औराई थाना इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-दो पर तहसील के सामने रविवार की सुबह तेज़ र्2398्तार बाइक पर सवार दो युवक एक खड़े ट्रक में बाइक समेत जा घुसे, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। औराई थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) गगन राज सिंह ने बताया कि घटना रविवार की सुबह उस व2392ात हुई जब वाराणसी से एक बाइक पर सवार होकर अमरनाथ मौर्या (19) निवासी लाल गंज, जिला मिर्ज़ापुर और उसका दोस्त बालेश्वर सिंह (18) रैपुरी गांव, जिला भदोही वापस घर लौट रहे थे। सिंह ने बताया कि तभी तेज़ र्2398्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे जा घुसी, जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई। उन्होंने बताया कि आस-पास के लोगों ने दोनों को बाहर निकाला तभी ट्रक चालक ट्रक सहित फरार हो गया। उन्होंने बताया दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

**डेढ़ किलोग्राम चरस के साथ पति-पत्नी गिरफ्तार:** बिजनौर। जिले की नहटौर थाने की पुलिस ने रविवार को पति-पत्नी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से डेढ़ किलोग्राम चरस बरामद किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। नहटौर थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) पंकज तोमर ने बताया कि रविवार को धामपुर-नहटौर मार्ग पर गागन नदी के पुल के पास से नहटौर निवासी शहजाद और उसकी पत्नी हिना परवीन को डेढ़ किलोग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि एनडीपीएस अधिनियम के तहत पति-पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। तोमर के अनुसार दोनों उत्तराखंड से चरस लाकर यहां बेचते थे।

## बलिया पुलिस ने बंद की भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह के खिलाफ उत्पीड़न के मुकदमे की जांच

**बलिया।** बलिया पुलिस ने भोजपुरी फिल्म अभिनेता पवन सिंह और उनके परिजन के विरुद्ध उनकी पत्नी द्वारा लगाए गए मानसिक प्रताड़ना एवं गर्भपात कराने के आरोपों के मामले में कार्वाई करने में असमर्थता जाहिर करते हुए जांच बंद कर दी है। बलिया शहर कोतवाली के प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने रविवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह के शिकायती पत्र की कोतवाली पुलिस ने जांच की थी, मगर इस संबंध में बलिया पुलिस के स्तर पर कार्वाई करना सम्भव नहीं है, क्योंकि आरोप से संबंधित घटनास्थल बिहार के आरा जिले का कृष्णा गढ़ थाना क्षेत्र है और इसलिए इस मामले में विधिक कार्वाई करने का क्षेत्राधिकार आरा पुलिस का है।

## पुलिस और जनप्रतिनिधि एकादश के बीच टी.20 क्रिकेट मैच का आयोजन



**बांदा।** पुलिस एकादश और जनप्रतिनिधि एकादश के बीच पुलिस लाइन में टी.20 क्रिकेट मैच का किया गया आयोजन ।बांदा पुलिस एकादश की ओर से पुलिस अधीक्षक अभिनंदन व जनप्रतिनिधि एकादश की ओर से विधायक सदर श्री प्रकाश द्विवेदी ने किया टीम का नेतृत्व ।जनप्रतिनिधि एकादश ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 05 विकेट के नुकसान पर बनाये 181 रन ।'बांदा पुलिस एकादश ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 15 ओवरों में बनाये 119 रन । कम प्रकाश के कारण मैच को दिया गया रोक । इससे आगे का मैच बुद्धवार को खेला जायेगा ।' दिनांक 06ण्11ण्2022 को पुलिस लाइन क्रिकेट ग्राउंड में बांदा पुलिस एकादश और जनप्रतिनिधि एकादश के बीच टी.20 क्रिकेट मैच का किया आयोजन गया । क्रिकेट मैच में बांदा पुलिस एकादश की ओर से पुलिस अधीक्षक श्री अभिनंदन व जनप्रतिनिधि एकादश की ओर से विधायक सदर श्री प्रकाश द्विवेदी ने टीम का नेतृत्व किया । टॉस जीतकर बांदा पुलिस एकादश ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया । पहले बल्लेबाजी करते हुए जनप्रतिनिधि एकादश नें 20 ओवरों में 05 विकेट के नुकसान पर 181 रन बनाये । टीम की ओर से मानस त्रिपाठी ने 59 गेंदों का सामना करते हुए सर्वाधिक 91 रन बनाये । बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए बांदा पुलिस एकादश ने शानदार तरीके से बल्लेबाजी करते हुए मैच रुकने तक 15 ओवरों में 06 विकेट के नुकसान पर 119 रन बना लिए थे । प्रकाश कम होने के कारण मैच को रोक दिया गया शेष मैच बुद्धवार दिनांक 09ण्11ण्2022 को आयोजित किया जायेगा ।

# अब हद से पार होती जा रही है ओवरलोडिंग की रफ्तार

## मुख्यमंत्री के तेवर और सख्त निर्देशों के बाद चला था अभियान, फिर प्रशासन की चुप्पी से पनप रहा अवैध कारोबार

आलोक निगम। बाँदा




**यहां** मौरंग की ओवरलोडिंग पर मुख्यमंत्री के तेवर और सख्त निर्देशों को यहां नजरअंदाज किया जा रहा है। तब प्रदेश भर में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए ओवरलोडिंग पर अंकुश था लेकिन गुजरते वक्त के साथ अधिकारियों की मिलीभगत से ओवरलोडिंग का कारोबार अब रात के अंधेरे में फल फूल रहा है और एक तरफ जहां अधिकारी ओवरलोड से आंखें बंद किए हुए हैं वही बांदा से ओवरलोड वाहनों को पार करने का काम धड़ल्ले से चल रहा है। बीते दिनों डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने बांदा दौरे के दौरान प्रेस वार्ता में साफ तौर पर कहा था कि अन्य राज्यों से आने वाले ओवरलोडिंग पर प्रभावी रूप से लगाम लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं लेकिन मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम के आदेशों के बावजूद ओवरलोडिंग बदस्तूर जारी है। यह बड़ी समस्या जनपद से मोरम की ढुलाई कर रहे ट्रकों की ओवरलोड से है और इसके साथ ही मध्य प्रदेश से मोरम को ओवरलोड ट्रकों से बांदा से गुजारा जा रहा है। कथित तौर पर मध्य प्रदेश के सतना डिस्ट्रिक्ट से एक खनिज माफिया पूरा ओवरलोड का सिंडिकेट चलाया जा रहा है। सूत्रों की माने तो यह सिंडिकेट को चलाने वाला व्यक्ति पहले बांदा में भी कई खदानों में सक्रिय रहा हैइस मध्य प्रदेश से आने वाले ओवरलोड के करण उत्तर प्रदेश की सड़कों का बड़ा नुकसान हो रहा है लगभग 700 ट्रक प्रतिदिन मध्य प्रदेश से बांदा जनपद में आते हैं और यह सारे ट्रक ओवरलोड होते हैं 10 और 12 पहिये वाले ट्रक में 9 टन माल स्वीकृत है जबकि 10 से 12 पहिए वाले ट्रकों में 54 तन माल ले जाया जाता है यह लगभग अपनी क्षमता से 5 गुना होता है इसके अलावा 14 और 18 पहिए वाले ट्रकों में 12 टन लोड पास है जबकि इन ट्रकों में 65 टन तक भरकर के मोरम को जनपद बांदा से गुजारा जाता है। इन भारी.भरकम ओवरलोड ट्रक उपकरण सड़कें टूट रही है यह सारा ट्रैफिक गिरवा के रास्ते उत्तर प्रदेश में दाखिल होता है और उसके बाद गिरवा से अतर्रा होते हुए बिसंडा और बिसंडा से तिंदवारी होते हुए ट्रकों को रात के अंधेरे में लोकेशन बाज बांदा से पार करवाते हैं और अधिकारी आंख बंद किए बैठे रहते हैं अधिकारी जब अपने आवाज से जांच के नाम पर निकलते हैं तो उनके सहकर्मी ही लोकेशन बाजों को सूचना दे देते हैं जिससे लोकेशन बाज अधिकारियों की मूवमेंट नजर रखते हैं और अधिकारियों के घर वापसी के बाद ट्रकों को सुरक्षित जिले से बाहर पार करा दिया जाता है । मध्य प्रदेश के अलावा जनपद बांदा में भी साथ खदानें निजी भूमि पट्टे की संचालित है इन सभी निजी भूमि पदों में भी मनमानी ढंग से ओवरलोड दिए जाता है ।इस प्रकार से एमपी के और यूपी के ट्रकों में ओवरलोड गुजरने के कारण उत्तर प्रदेश की सड़कें तो छुट्टी ही है साथ में राजस्व की भारी चोरी होती है अब अगर बात की जाए मध्य प्रदेश से आने वाले ट्रकों की तो मध्यप्रदेश से 600 तक मोरम आती है और इस पर 18 पर्सेंट जीएसटी देना होता है लेकिन तय मानक से अत्यधिक लोड जो गालियों में होता है उसकी जीएसटी की भारी चोरी होती है और यह आंकड़ा करोड़ों में जाता है इसके साथ ही यूपी की खदानों से जब वह लोड मोरम की आती है तो उस ओवरलोड मोरम को भी चोरी से ही दिया जाता है और उसका पैसा भी खदान संचालक की जेब में जाता है इस प्रकार से दो तरफा उत्तर प्रदेश सरकार के सदस्य की चोरी भारी मात्रा में हो रही है।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार,7 नवंबर, 2022



# भारत सेमीफाइनल में, इंग्लैंड से होगी भिड़ंत

## सूर्यकुमार और राहुल के अर्धशतक से जिम्बाब्वे को हराया

भाषा। मेलबर्न



**दुनिया के** नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और लोकेश राहुल के अर्धशतक के बाद रविचंद्रन अश्विन की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर 12 के अपने अंतिम मैच में जिंबाब्वे को 71 रन से हराकर ग्रुप दो में शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंचा जहां उसकी भिड़ंत इंग्लैंड से होगी। भारत के 187 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिंबाब्वे ने अश्विन (22 रन पर तीन विकेट), मोहम्मद शमी (14 रन पर दो विकेट) और हार्दिक पंड्या (16 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और पूरी टीम 17.2 ओवर में 115 रन पर ढेर हो गई। जिंबाब्वे की ओर से रेयान बर्ल (35) और सिकंदर रजा (34) ने छठे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की। इन दोनों के अलावा जिंबाब्वे का कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने भी एक-एक विकेट चटकाया। भारत ने सूर्यकुमार की 25 गेंद में चार छक्कों और छह चौकों से नाबाद 61 रन की पारी से पांच विकेट पर 186 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज राहुल ने भी 35 गेंद में तीन छक्कों और इतने ही चौकों से 51 रन की पारी खेली। सूर्यकुमार ने हार्दिक पंड्या (18 गेंद में 18 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 5.5 ओवर में 65 रन जोड़े जिससे भारत अंतिम पांच ओवर में 79 रन जुटाने में सफल रहा। भारत ने पांच मैच में चार जीत से आठ अंक जुटाए जबकि दूसरे स्थान पर रहे पाकिस्तान ने इतने ही मैच में छह अंक हासिल किए। भारत अब गुरुवार 10 नवंबर को दूसरे सेमीफाइनल में एडीलेड में इंग्लैंड से भिड़ेगा जबकि पहला सेमीफाइनल न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच इससे एक दिन पहले सिडनी में खेला जाएगा। लक्ष्य का पीछा करने उतरे जिंबाब्वे की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने आठवें ओवर में 36 रन तक ही पांच विकेट गंवा दिए जिससे टीम कभी नहीं उबर सकी। भुवनेश्वर की पारी की पहली ही गेंद पर वेस्ले माधेवेरे (00) ने शॉर्ट कवर पर कोहली को कैच थमा दिया जबकि अर्शदीप सिंह ने अगले ओवर में रगिस चकाब्वा (00) को बोल्ड किया। कप्तान क्रेग इर्विन (13) ने अर्शदीप और भुवनेश्वर पर चौके मारे। सीन विलियम्स (11) ने भी शमी पर छक्का जड़ा लेकिन इस तेज गेंदबाज की गेंद पर भुवनेश्वर को कैच दे बैठे। इर्विन ने भी पंड्या को उन्हीं की गेंद पर कैच थमाया जबकि शमी ने टोनी मुनयोंगा (05) को पगबाधा करके जिंबाब्वे को पांचवां झटका दिया। रजा और बर्ल ने इसके बाद पारी को संवारा। बर्ल ने हार्दिक और अश्विन पर चौके जड़ने के बाद अक्षर पटेल पर पारी का पहला छक्का जड़ा। रजा ने भी अश्विन और अक्षर पर चौके मारे। बर्ल ने अक्षर पर लगातार दो चौके जड़े लेकिन अश्विन ने उन्हें बोल्ड कर दिया। उन्होंने 22 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके और एक छक्का मारा। अश्विन ने अगले ओवर में मसाकाद्जा (01) को रोहित के हाथों कैच कराया और फिर नगारवा (01) को बोल्ड किया। अक्षर ने तेंडई चतारा (04) को अपनी ही गेंद पर लपककर भारत को जीत दिलाई। इससे पहले सूर्यकुमार ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रिचर्ड नगारवा की गेंद पर कुछ आकर्षक शॉट खेले। मुंबई के इस बल्लेबाज ने नगारवा के पारी के अंतिम ओवर में ऑफ साइड के बाहर की गेंद को डीप फाइन लेग पर छह रन के लिए भेजा और फिर पारी की अंतिम गेंद पर फाइन लेग पर छक्का जड़ा। जिंबाब्वे के बाएं हाथ के स्पिनरों वेलिंगटन मसाकाद्जा (दो ओवर में बिना विकेट के 12 रन), सिकंदर रजा (तीन ओवर में 18 रन पर एक विकेट) और सीन विलियम्स (दो ओवर में नौ रन पर दो विकेट) ने बीच के ओवरों में भारत की रन गति पर लगाम कसी। विराट कोहली (25 गेंद में 26 रन) को भी इस बीच शॉट खेलने में परेशानी का सामना करना पड़ा। सूर्यकुमार और पंड्या की तेजतर्रार साझेदारी से हालांकि भारत मजबूत स्कोर तक पहुंचने में सफल रहा। ब्लेसिंग मुजरबानी (चार ओवर में बिना विकेट के 50 रन), नगारवा (चार ओवर में एक विकेट पर 44 रन) और चतारा (चार ओवर में बिना विकेट के 34 रन) महंगे साबित हुए। इस तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने मिलकर 12 ओवर में 138 रन लुटाए। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कप्तान रोहित शर्मा 15 रन बनाने के बाद मुजरबानी की गेंद को पुल करने की कोशिश में स्क्वायर लेग बाउंड्री पर मसाकाद्जा को कैच दे बैठे। कोहली ने पहली ही गेंद पर मुजरबानी पर चौके से खाता खोला। उन्होंने मसाकाद्जा पर भी चौका जड़ा लेकिन पावर प्ले खत्म होने के बाद उन्हें स्पिनरों के खिलाफ रन बनाने में परेशानी हुई। कोहली अंततः अनुभवी विलियम्स की गेंद पर लॉफ्टेड ड्राइव खेलने की कोशिश में बर्ल को लांग ऑफ पर कैच दे बैठे। उन्होंने 25 गेंद का सामना करते हुए दो चौके मारे। नगारवा का पारी का पहला ही ओवर मेडन खेलने वाले राहुल ने इसी तेज गेंदबाज पर विकेट के पीछे छक्का जड़ा।

### स्कोरबोर्ड

**भारतः** राहुल का मसाकाद्जा बो रजा 51, रोहित का का मसाकाद्जा बो मुजरबानी 15, कोहली का बर्ल बो विलियम्स 26,सूर्यकुमार नाबाद 61,पंत का बर्ल बो विलियम्स 03, पंड्या का मुजरबानी बो नगारवा 18, पटेल नाबाद 00, **अतिरिक्तः** 12, **कुलः** 20 ओवर में पांच विकेट परः 186 रन,**विकेट पतनः** I-27, 2-87, 3-95, 4-101, 5-166, **गेंदबाजीः** नगारवा 4-I-44-I, चतारा 4-0-34-0,मुजरबानी 4-0-50-I, मसाकाद्जा 2-0-12-0, बर्ल I-0-14-0, रजा 3-0-18-I, विलियम्स 2-0-9-2

**जिंबाब्वेः** माधेवेरे का कोहली बो भुवनेश्वर 00, इर्विन का एवं बो पंड्या 13 ,चकाब्वा बो अर्शदीप 00,विलियम्स का भुवनेश्वर बो शमी 11,रजा का सूर्यकुमार बो पंड्या 34,मुनयोंगा पगबाधा बो शमी 05,बर्ल बो अश्विन 35,मसाकाद्जा का रोहित बो अश्विन 01,नगारवा बो अश्विन 01, चतारा का एवं बो अक्षर 04, मुजरबानी नाबाद 00,**अतिरिक्तः** 11, **कुलः**17.2 ओवर में सभी विकेट खोकरः 115 रन, **विकेट पतनः** I-0, 2-2, 3-28, 4-31, 5-36, 6-96, 7-104, 8-106, 9-111, **गेंदबाजीः** भुवनेश्वर 3-I-11-I, अर्शदीप 2-0-9-I, शमी 2-0-14-2, पंड्या 3-0-16-2, अश्विन 4-0-22-3, अक्षर 3.2-0-40-I

## सूर्यकुमार को बल्लेबाजी करते हुए देखने में आनंद आता हैः द्रविड़

**मेलबर्न।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने रविवार को यहां कहा कि सूर्यकुमार यादव जब क्रीज पर होते हैं तो उनकी बल्लेबाजी को देखने में अलग ही आनंद मिलता है। द्रविड़ ने भारत की जिंबाब्वे पर 71 रन से जीत के बाद कहा, मेरा मानना है कि उसने हमारे लिए असाधारण प्रदर्शन किया है। उसे बल्लेबाजी करते हुए देखने में आनंद आता है। जब वह इस तरह की फॉर्म में होता है तो उसे देखने में खुशी मिलती है। हर बार लगता है कि वह मनोरंजन करने के लिए उतरा है और इसमें कोई संदेह नहीं। मुख्य कोच ने उनकी शानदार पारी के बारे में कहा, हां, यह अविश्वसनीय है। इसलिए वह अभी विश्व में टी20 का नंबर एक बल्लेबाज है। द्रविड़ ने कहा, उसका स्ट्राइक रेट अभी जहां है उसको बरकरार रखना आसान नहीं है। इसलिए वह जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहा है वह शानदार है। अपनी प्रक्रिया को लेकर उसकी रणनीति स्पष्ट है। उन्होंने कहा, उसने कड़ी मेहनत की है। सूर्या की विशेषता यह है कि वह कड़ा अभ्यास करता है तथा अपने खेल और फिटनेस पर ध्यान देता है। उसने पिछले दो वर्षों में मैदान के अंदर और बाहर जो कड़ी मेहनत की है उसका फल उसे अब मिल रहा है। सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भी सूर्यकुमार की जमकर प्रशंसा की।

### जब सूर्या बल्लेबाजी कर रहा हो तो डगआउट में सहज होकर रहा जा सकता हैः रोहित



**मेलबर्न।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जिंबाब्वे के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में जीत के नायक रहे सूर्यकुमार यादव की जमकर प्रशंसा करते हुए रविवार को यहां कहा कि जब वह बल्लेबाजी कर रहा हो तो डगआउट में सहज होकर रहा जा सकता है। सूर्यकुमार ने विश्व में टी20 के नंबर एक बल्लेबाज की ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए एक और बेहतरीन पारी खेली जिससे भारत ने जिंबाब्वे को 71 रन से हराकर अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना इंग्लैंड से होगा। रोहित ने मैच के बाद कहा, जब वह बल्लेबाजी कर रहा होता है तो डगआउट में सहज होकर रहा जा सकता है। जब वह बल्लेबाजी करता है तो काफी संयम के साथ खेलता है। सूर्यकुमार जो टीम के लिए कर रहा है वह असाधारण है। वह क्रीज पर उतरते ही अपना नैसर्गिक खेल खेलना शुरू करता है और दूसरे खिलाड़ियों पर से दबाव हटाता है। हम उसकी योग्यता से अच्छी तरह वाकिफ हैं और उसके क्रीज पर रहने से दूसरे छोर का बल्लेबाज सहज होकर खेल सकता है।

### निश्ना संयुक्त 46वें स्थान पर रहीं

**पटाया।** भारतीय गोल्फर निश्ना पटेल रविवार को यहां महिला एमेच्योर एशिया पैसिफिक चैम्पियनशिप के अंतिम दौर में ट्रिपल बोगी कर बैठी जिससे वह चार ओवर 76 का ही कार्ड खेल पाईं। मुंबई की 16 साल की निश्ना इस कार्ड से संयुक्त 46वें स्थान पर रहीं। अंतिम होल में ट्रिपल बोगी से उनका स्कोर आठ ओवर 296 रहा। वह इस प्रतियोगिता में कट हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय थीं।

### रेलवे क्रिकेट के दिग्गज सैयद हैदर अली का निधन

**नई दिल्ली।** घरेलू क्रिकेट के दिग्गज सैयद हैदर अली का लंबी बीमारी से जूझने के बाद निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। हैदर का निधन शनिवार को प्रयागराज में हुआ, उनके परिवार मे दो बेटे सैयद शेर अली और रजा अली है। बाएं हाथ के बेहतरीन स्पिनर हैदर अली कभी भारत के लिए नही खेल सके। पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर रजा ने कहा, पिछले कुछ समय से उन्हें छाती में जकड़न हो रही थी। डॉक्टर से जांच के बाद हम घर लौट रहे थे कि अचानक वह गिर गए। उनका शनिवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे निधन हुआ।

### गार्सिया डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में

**फोर्ट वर्थ (अमेरिका)।** फ्रांस की छठी रैंकिंग की खिलाड़ी कैरोलिन गार्सिया ने दारिया कासातकिना को रोमांचक राउंड रॉबिन मुकाबले में हराकर हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गार्सिया ने शनिवार को राउंड रॉबिन के अंतिम मैच में कासातकिना पर 4-6 6-I 7-6 की जीत से सत्र के अंतिम डब्ल्यूटीए टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाई।

### गुजरात जायंट्स की बेंगलुरु बुल्स पर रोमांचक जीत

**पुणे।** प्रतीक दहिया के शानदार खेल की बदौलत गुजरात जायंट्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) में रविवार को यहां बेंगलुरु बुल्स पर 46-44 से रोमांचक जीत दर्ज की। दहिया ने इस बेहद रोमांचक मैच में कुल 16 अंक बनाए। पूरे मुकाबले के दौरान दोनों टीमों के बीच एक दूसरे को पीछे छोड़ने की होड़ मची रही, लेकिन गुजरात जायंट्स ने मध्यांतर तक खुद को 21-16 से आगे रखा था। इसके बाद स्कोर एक समय 24-24 से बराबरी पर था लेकिन बेंगलुरु बुल्स ने 29वें मिनट में ऑल आउट किया जिससे वह 34-29 से आगे हो गया।

### भारत ने शूट आउट में स्पेन को 3–1 से हराया

**भुवनेश्वर।** कृष्ण बहादुर पाठक के शानदार प्रदर्शन से भारत ने रविवार को यहां एफआईएच प्रो लीग हॉकी मुकाबले के दूसरे मैच में स्पेन को शूट आउट में 3-I से हराया। निर्धारित समय के बाद दोनों टीम 2-2 से बराबर थी। भारत के लिए हरमनप्रीत (12वें और 32वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागे जबकि कप्तान मार्क मिरालेस (43वें मिनट) और पेरे अमात (55वें मिनट) ने स्पेन के लिए नियमित समय में गोल किए। दो चरण के मुकाबले के पहले मैच में भारत को स्पेन के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। स्पेन ने शानदार शुरुआत करते हुए चौथे मिनट में ही मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन टीम इसे गोल में बदलने में नाकाम रही। भारत को भी 10वें मिनट में पेनल्टी कॉन'मिला लेकिन जुगराज सिंह का शॉट लक्ष्य से कुछ दूर रह गया।

## दक्षिण अफ्रीका टी-20 विश्व कप से बाहर

### नीदरलैंड ने 13 रन से पराजित किया

भाषा। एडीलेड



**नीदरलैंड ने रविवार को यहां** सुपर 12 के महत्वपूर्ण मैच में दक्षिण अफ्रीका को 13 रन से हराकर बड़ा उलटफेर करते हुए उसे टी20 विश्व कप से बाहर कर दिया। इससे चोकर्स दक्षिण अफ्रीका की टीम फिर से आईसीसी के बड़े टूर्नामेंट से बाहर हो गई। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद नीदरलैंड की टीम एकजुट बल्लेबाजी प्रदर्शन की बदौलत चार विकेट पर 158 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाने में सफल रही। इसके बाद उसके गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट पर 145 रन के स्कोर पर रोककर विश्व क्रिकेट में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। क्रिकेट के किसी भी प्रारूप में यह नीदरलैंड की दक्षिण अफ्रीका पर पहली जीत थी। दक्षिण अफ्रीका की इस हार से भारत का सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित हो गया। भारत को दिन में जिम्बाब्वे के खिलाफ मेलबर्न में मैच खेलना है। नीदरलैंड की इस जीत से पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच सुपर 12 मुकाबला वर्चुअल नॉकआउट बन गया क्योंकि विजई टीम भारत के साथ ग्रुप दो से नॉकआउट चरण में पहुंच जाएगी। नीदरलैंड की यह सुपर 12 चरण में दूसरी जीत है, उसने इससे पहले जिम्बाब्वे को पांच विकेट से हराया था। इस 159 रन के प्रतिस्पर्धी स्कोर का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान तेम्बा बावुमा (20 रन) और क्विंटन डिकॉक (13 रन) के विकेट जल्द ही गंवा दिए। रिली रोसोऊ (25 रन) ने अच्छी शुरूआत की लेकिन वह ब्रैंडन ग्लोवर (नौ रन देकर तीन विकेट) का पहला शिकार बने जिससे दक्षिण अफ्रीका का स्कोर तीन विकेट पर 64 रन हो गया।
ऐडन मार्कराम (17 रन) और डेविड मिलर (17 रन) ने फिर चौथे विकेट के लिए 26 रन की भागीदारी निभाई जिसके बाद टीम ने जल्द ही तीन विकेट खो दिए जिसमें से दो विकेट ग्लोवर के एक ओवर में गिरे।

### स्कोरबोर्ड

**नीदरलैंड पारी :** मेबर्ग का रोसोऊ बो मार्कराम 37, ओडोड का रबाडा बो महाराज 29, कूपर का डिकॉक बो महाराज 35, एकरमैन नाबाद 41,लीड बो नोर्किया 01,एडवर्ड्स नाबाद 12, **अतिरिक्त :** 03,**कुल :** 20 ओवर में चार विकेट पर 158 रन,विकेट पतन : I-58, 2-37, 3-112, 4-123,गेंदबाजी : पार्नेल 4-0-32-0, रबाडा 3-0-37-0, एनगिडी 3-0-35-0,नोर्किया 4-0-10-I, महाराज 4-0-27-2,मार्कराम 2-0-16-I

**दक्षिण अफ्रीका पारी :**डिकॉक का एडवर्ड्स बो क्लासेन 13, बावुमा बो वान मीकेरेन 20,रोसोऊ का ओडोड बो ग्लोवर 25, मार्कराम का मेबर्ग बो क्लासेन 17, मिलर का वान डर मर्व बो ग्लोवर 17,क्लासेन का वान बीक बो डि लीड 21, पार्नेल का एडवर्ड्स बो ग्लोवर 00,महाराज का ओडोड बो डि लीड 13, रबाडा नाबाद 09, नोर्किया नाबाद 04,अतिरिक्त : 06, कुल : 20 ओवर में आठ विकेट पर 145 रन,विकेट पतन : I-21, 2-39, 3-64, 4-90, 5-112, 6-113, 7-120, 8-141,गेंदबाजी :क्लासेन 4-0-20-2,मीकेरेन 3-0-33-I,एकरमैन 3-0-16-0,वान डर मर्व 2-0-19-0,ग्लोवर 2-0-9-3,वान बीक 3-0-23-0, लीड 3-0-25-2

## पाकिस्तान टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में



### बांग्लादेश को पांच विकेट से हराया

भाषा। एडीलेड

**पाकिस्तान** ने बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत रविवार को यहां ग्रुप दो के अपने महत्वपूर्ण हुए अंतिम मुकाबले में बांग्लादेश को पांच विकेट से हराकर टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। सुपर 12 चरण में भारत और जिम्बाब्वे से हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर खड़ी पाकिस्तानी टीम के लिए उम्मीद तब जगी जब नीदरलैंड ने इसी स्थल पर हुए दिन के एक अन्य मैच में 13 रन की यादगार जीत से दक्षिण अफ्रीका को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। नीदरलैंड की इस उलटफेर भरी जीत से सिर्फ भारत का ही सेमीफाइनल स्थान सुनिश्चित नहीं हुआ बल्कि इससे पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच मुकाबला वर्चुअल क्वार्टरफाइनल बन गया जिसकी विजेता टीम अंतिम चार में पहुंचती। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम ने मुश्किल पिच पर बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज नजमुल हुसैन शांटो की 48 गेंद में 54 रन की पारी की बदौलत तेज शुरूआत की। लेकिन बांग्लादेश की टीम अंत में रन नहीं जुटा सकी जिसमें शाहीन अफरीदी (22 रन देकर चार विकेट) की गेंदबाजी ने अहम भूमिका अदा की। अफरीदी के टी20 अंतरराष्ट्रीय में करियर के सर्वश्रेष्ठ पदर्शन से पाकिस्तान ने प्रतिद्वंद्वी टीम को आठ विकेट पर 127 रन के स्कोर पर रोक दिया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवा दिए जिससे टीम एक समय मुश्किल स्थिति में दिख रही थी। लेकिन शान मसूद ने संयम बरतते हुए टीम को 11 गेंद रहते जीत दिलाई। पाकिस्तान ने अपने दोनों सलामी बल्लेबाज बाबर आजम (25 रन) और मोहम्मद रिजवान (32 रन) के विकेट जल्द ही गंवा दिए, जिसके बाद मोहम्मद हारिस ने 18 गेंद में 31 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। जब टीम को सात रन चाहिए थे तो हारिस गेंद को टाइम नहीं कर सके और बांग्लादेश के कप्तान शाकिबुल हसन को कैच देकर आउट हुए। पाकिस्तान ने इफ्तिखार अहमद के रूप में एक और विकेट गंवा दिया लेकिन तब जीत के लिए केवल दो रन चाहिए थे। पाकिस्तानी कप्तान आजम कुछ रन बनाने के लिए बेताब दिख रहे थे। उनके सलामी जोड़ीदार मोहम्मद रिजवान को शून्य पर जीवनदान मिला जब बांग्लादेश के विकेटकीपर नुरूल हसन पहले ही ओवर में उनका कैच लपकने का मौका चूक गए। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 57 रन की भागीदारी की।

### स्कोरबोर्ड

**बांग्लादेश पारी :** , हुसैन शांटो बो इफ्तिखार अहम 54 , दास का शान मसूद बो शाहीन शाह अफरीदी 10 ,सरकार का शान मसूद बो शादाब खान 20 ,हसन पगबाधा बो शादाब खान 00,हुसैन नाबाद 24,मोसादेक बो शाहीन शाह अफरीदी 05 ,हसन का मोहम्मद हारिस बो शाहीन शाह अफरीदी 00, अहमद का बाबर आजम बो शाहीन शाह अफरीदी 01,नासुम का मोहम्मद वसीम बो हारिस रऊफ 07,रहमान नाबाद 00,**अतिरिक्त :** 06, **कुल :** 20 ओवर में आठ विकेट पर 127 रन, **विकेट पतनः** I-21, 2-73, 3-73, 4-91, 5-107, 6-107, 7-109, 8-126 , **गेंदबाजी :** अफरीदी 4-0-22-4, शाह 3-0-15-0, वसीम 2-0-19-0, रऊफ 4-0-21-I, खान 4-0-30-2, इफ्तिखार 3-0-15-I

**पाकिस्तान पारी :** रिजवान का नजमुल हुसैन शांटो बो इबादत हुसैन 32,आजम का मुस्तफिजुर रहमान बो नासुम अहमद 25, नवाज रन आउट 04, हारिस का नासुम अहमद बो शाकिबुल हसन 31,मसूद नाबाद 24,अहमद का नजमुल हुसैन शांटो बो मुस्तफिजुर रहमान 01,शादाब नाबाद 00,**अतिरिक्त :** 11,**कुल :** 18.1 ओवर मे पांच विकेट पर 128 रन,**विकेट पतन :** I-57, 2-61, 3-92, 4-121, 5-126,**गेंदबाजी :** अहमद 3-0-26-0,नासुम 4-0-14-I,हसन 4-0-35-I,रहमान 4-0-21-I, हुसैन 3.1-0-25-I


### श्रीकांत, जॉली-गायत्री सेमीफाइनल से बाहर, भारतीय चुनौती समाप्त

**सारब्रकेन ( जर्मनी )।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत तथा त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को अपने सेमीफाइनल में विपरीत अंदाज में हार का सामना करना पड़ा जिससे हायलो ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। श्रीकांत दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी एंथोनी जिनटिंग से हार गए। क्वार्टरफाइनल में दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टी को बाहर करने वाले 2021 विश्व कांस्य पदक विजेता श्रीकांत को इंडोनेशिया के खिलाड़ी से 18–21 15–21 से हार मिली।

## श्रीलंकाई क्रिकेटर धनुष्का गुणतिलका सिडनी में बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार

### कड़ी कार्रवाई होगी

भाषा। सिडनी



**श्रीलंका** के साथ यहां टी20 विश्व कप के लिए आए क्रिकेटर धनुष्का गुणतिलका को यौन उत्पीड़न के आरोप में रविवार को यहां गिरफ्तार किया गया है, जिसके बाद श्रीलंका सरकार को इस घटना की तत्काल जांच करने का आदेश देना पड़ा। समझा जाता है कि 31 वर्ष के गुणतिलका को तड़के गिरफ्तार करके सिडनी शहर पुलिस थाने ले जाया गया। दो नवंबर को एक महिला के कथित यौन उत्पीड़न के मामले की जांच के बाद यह कार्वाई की गई। घटना की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने पीटीआई को बताया , धनुष्का गुणतिलका को कथित बलात्कार के मामले में गिरफ्तार किया गया है। श्रीलंकाई टीम उसके बिना आस्ट्रेलिया से रवाना हो गई है। श्रीलंकाई टीम रविवार को इंग्लैंड से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। श्रीलंका क्रिकेट ने बयान में कहा कि यदि इस खिलाड़ी को दोषी पाया जाता है तो वह उसके खिलाफ कड़ी कार्वाई करेगा। बयान में कहा गया है, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से परामर्श करके हम इस मामले की गहन जांच कराएंगे और यदि खिलाड़ी को दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्वाई करेंगे।

### भगत और मनीषा को पैरा बैडमिंटन चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीते

**तोक्यो।** पैरालंपिक चैम्पियन प्रमोद भगत और उभरती हुई खिलाड़ी मनीषा रामदास ने रविवार को यहां चैम्पियन बने जिससे भारत ने बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप में कुल 16 पदक अपनी झोली में डाले। भगत पहले कोर्ट पर उतरे। उन्होंने शानदार तरीके से पुरूष एकल एसएल3 वर्ग का खिताब अपने नाम किया। भगत ने 53 मिनट तक चले फाइनल में हमवतन नीतेश कुमार को 21–19 21–19 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीता।



वहीं 17 वर्षीय मनीषा के लिए यह स्वर्ण पदक सपने को साकार करने जैसा था। मनीषा ने स्थानीय स्टार मामिको तोयोडा को 21–15 21–15 से हराकर महिला एकल एसयू5 वर्ग का स्वर्ण पदक दिया। उन्होंने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा। मनीषा ने इस साल मार्च में ही सीनियर अंतराष्ट्रीय में खेलना शुरू किया था और चेन्नई की इस खिलाड़ी के लिए यह निश्चित रूप से उपलब्धि रही। यह मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा पल रहा। मुझे इस क्षण का इंतजार था और इसके लिए पिछले कुछ महीनों मैंने काफी कड़ी मेहनत की है। विश्व चैम्पियन बनना शानदार अहसास है। मुझे उम्मीद है कि मैं भविष्य में ऐसे नतीजे हासिल कर देश को गौरवान्वित करना जारी रखूंगी।

### तमिलनाडु ने पहले वनडे में बांग्लादेश एकादश को हराया

**चेन्नई।** तमिलनाडु एकादश ने रविवार को यहां चार मैच की श्रृंखला के 50 ओवर के पहले मैच में बांग्लादेश एकादश को 11 रन से हरा दिया। तमिलनाडु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 242 रन बनाए जिसके जवाब में मेहमान टीम 13वें ओवर में 40 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद संकट मे थी। विकेटकीपर बल्लेबाज जाफर अली अनिक (86) और मोहम्मद सैफ हसन (72) ने इसके बाद बांग्लादेश की टीम को जोर वापसी दिलाई लेकिन टीम को हार से नही बचा सके। बांग्लादेश एकादश अंततः 49.3 ओवर में 231 रन पर सिमट गई। तमिलनाडु की टीम की ओर से टी नटराजन सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होने 46 रन देकर तीन विकेट चटकाए। संदीप वारियर (26 रन पर दो विकेट), आर साई किशोर (25 रन पर दो विकेट) और आर संजय यादव (31 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। इससे पहले तमिलनाडु के कप्तान बी इंद्रजीत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उन्होंने 75 गेंद में 51 रन की पारी खेलने के अलावा शाहरूख खान (39) के साथ चौथे विकेट के लिए 64 और जे कौशिक (46) के साथ पांचवें विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी की। एन जगदीशन ने भी 33 रन का योगदान दिया। बांग्लादेश एकादश की ओर से रेजाउर रहमान राजा ने 50 रन देकर चार विकेट चटकाए।

### लखनऊ ने 27 स्वर्ण पदक के साथ किया ओवरऑल चैंपियनशिप ट्राफी पर कब्जा

**लखनऊ।** लखनऊ के खिलाड़ियों ने 18वीं यूपी राज्य ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन के साथ सर्वाधिक 27 स्वर्ण पदक जीतते हुए ओवरआल चैंपियनशिप ट्राफी अपने नाम कर ली। चैंपियनशिप में गोरखपुर की टीम उपविजेता रही। यूपी गुडविल ताइक्वाण्डो एसोसिएशन के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में संपन्न चैंपयनिशप में लखनऊ ने 27 स्वर्ण, 27 रजत और 25 कांस्य पदक सहित कुल 79 पदकों पर कब्जा किया। दूसरी ओर गोरखपुर के खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया लेकिन स्वर्ण पदकों की होड़ में पिछड़ने के चलते गोरखपुर 24 स्वर्ण, 8 रजत और 13 कांस्य पदक सहित कुल 45 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डा. अभिषेक अग्रवाल एसोसिएट प्रोफेसर स्पोर्ट्स मेडिसिन डिपार्टमेंट केजीएमयू लखनऊ और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता पंकज अवस्थी के साथ यूपी गुडविल ताइक्वाण्डो एसोसिएशन के महासचिव जावेद खान ने पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर यूपी गुडविल ताइक्वाण्डो एसोसिएशन के संयुक्त सचिव रजा हुसैन, कोषाध्यक्ष हिना हबीब व कार्यकारिणी सदस्य डाएके शुक्ला व अन्य मौजूद थे। अंत में आयोजन सचिव अमय चौहान ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



## बाक्सर हुसामुद्दीन और लवलीना सेमीफाइनल में

### एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैपियनशिप

भाषा। नई दिल्ली




**राष्ट्रमंडल खेलों** के दो बार के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन ने रविवार को जोर्डन के अम्मान में चल रही एएसबीसी एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाकर भारत के लिए एक और पदक पक्का किया। क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया के हेंगसियोक ली के खिलाफ हुसामुद्दीन (57 किग्रा) शुरुआत में पिछड़ गए क्योंकि विरोधी मुक्केबाजी ने पहले राउंड में उन्हें कुछ सटीक मुक्के लगाए। उलटफेर की आशंका के बीच हसामुद्दीन ने अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए वापसी की।उन्होंने अगले दो राउंड में आक्रामक रूख अपनाते हुए दबदबा बनाया और 5–0 से जीत दर्ज करते हुए भारत के लिए एक और पदक पक्का किया। हुसामुद्दीन 10 नवंबर को सेमीफाइनल में 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता सेरिक तेमिरजा से भिड़ंगे। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड ओपन के स्वर्ण पदक विजेता अनंत चोपाडे (54 किग्रा) किर्गिस्तान के सेदेकमातोव सेनझाई के खिलाफ 0–4 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। रविवार को ही एशियाई चैंपियनशिप के पांच बार के पदक विजेता शिव थापा (63.5डज), अमित कुमार (67 किग्रा), गोविंद कुमार साहनी (48 किग्रा), मोनिका (48 किग्रा) और सिमरनजीत कौर (60 किग्रा) अपने अपने क्वार्टर फाइनल के लिए रिंग में उतरेंगे।